www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 22 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-288 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने ... 02
■ रामराज्य बहुत बड़ी चीज व श्रीराम हमारे लिए प्रेरणा...
■ राजधानी में आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर... 03
■ नेतन्याहू ने खारिज किया बाइडेन के फिलिस्तीनी...
■ इराक में अमेरिकी वायुसैनिक अड्डे पर मिसाइल... 07
यामी गौतम, प्रियामणि एक्शन से भरपूर ... 10

# अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज

## प्रधानमंत्री मोदी समेत संतों और विशिष्ट लोगों की मौजूदगी में होगा कार्यक्रम

■ श्रीरामलला, अयोध्या समेत देश में उत्सव का माहौल ■ काशी के आचार्य संपन्न कराएंगे प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान ■ विभिन्न मतों, संप्रदाय व संस्कृति के लोग रहेंगे उपस्थित

■ रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ/अयोध्या,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। सनातन समाज के 500 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद सोमवार 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला अपने नव्य-भव्य और दिव्य महल में विराजने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत संत समाज और अति विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अनुष्ठान संपन्न होने जा रहा है। अयोध्या नगरी को फूलों से पूरी भव्यता से सजाया गया है। अवधपुरी में उत्सव सा माहौल है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या धाम सहित पूरे देश के मंदिरों, गांव-गली,मोहल्ले-टोलों में राम संकीर्तन और राम चरित मानस का पाठ हो रहा है। फूलों से सजी अयोध्या में जन्मभूमि पथ से लेकर राम पथ, भक्ति पथ और धर्म पथ की अलौकिक आभा देखते ही बन रही है। सांस्कृतिक नृत्य और वादन के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर प्रदेश के साथ-साथ देश भर की परंपराओं और कला का समागम हो रहा है। हर तरफ भगवान राम के भजन सुनने को मिल रहे हैं। सोमवार शाम को भव्य दीपोत्सव की तैयारी है।



### 12 बजे के बाद शुरू होगा कार्यक्रम

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिन पहले ही अयोध्या पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 10.25 बजे अयोध्या के महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। 10.45 पर अयोध्या हेलीपैड पर उनका आगमन होगा। यहां से वो सीधे राम जन्मभूमि स्थल पर पहुंचेंगे। इसके बाद 11 बजे से 12 बजे तक वह विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेंगे, जबकि दोपहर 12.05 बजे से 12.55 तक प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। दोपहर एक बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह समारोह स्थल पर पहुंचेंगे, जहां अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ ही पूरे देश और दुनिया को संबोधित करेंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंगल ध्वनि से गूंजेगा राम मंदिर

**मंदिर परिसर में 2 घंटे तक विभिन्न वाद्ययंत्रों का होगा वादन**

भक्ति भाव से विभोर अयोध्या धाम में सोमवार को श्री राम जन्मभूमि पर होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत मंगल ध्वनि से होगी। 50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्र, विभिन्न राज्यों से लगभग 2 घंटे तक इस शुभ घटना के साक्षी बनेंगे। यह भव्य संगीत कार्यक्रम हर भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर का प्रतीक होगी, जो प्रभु श्री राम के सम्मान में विविध परंपराओं को एकजुट करने का कार्य करेगी। इस मांगलिक संगीत कार्यक्रम के परिकल्पनाकार और संयोजक यतीन्द्र मिश्र हैं, जो प्रख्यात लेखक, अयोध्या संस्कृति के जानकार और कलाविद् है।

### जनवरी में ही दीपावली का अहसास हो रहा

श्रीरामजन्मभूमि स्थल पर भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अयोध्या पूरी तरह से सज गई है। राम मंदिर परिसर समेत पूरे अयोध्या धाम को फूलों से सजाया गया है। जन्मभूमि स्थान में अलग-अलग तरह के देशी विदेशी फूलों से सजावट की गई है, जबकि जन्मभूमि पथ, राम पथ, धर्म पथ और लता चौक पर भी सुंदर फूलों की सजावट है। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच बनाए गए हैं। विभिन्न धर्माचार्यों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर राम कथा का आयोजन हो रहा है तो विभिन्न देशों की रामलीलाओं का मंचन भी किया जा रहा है। लता चौक पर लगी वीणा को भी लाइटिंग और फूलों के अद्भुत संगम से रोशन किया गया है। पूरे अयोध्या धाम में म्यूरल पेंटिंग और वॉल पेंटिंग के माध्यम से भगवान श्रीराम की जीवनी से जुड़े अलग-अलग अध्यायों का चित्रण किया गया है।

# मराठा आरक्षण मार्च बीड़ पहुंचा



**मुंबई,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल आरक्षण की मांग को लेकर जालना से मुंबई तक विरोध मार्च निकाल रहे हैं। शनिवार को शुरू हुआ उनका मार्च 21 जनवरी सुबह बीड पहुंचा, जहां जेसीबी से फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया। उन्हें 50 किलो का फूलों का हार भी पहनाया गया। बीड पहुंचकर मनोज ने कहा कि जब तक आरक्षण का गुलाल मराठों के सर पर नहीं पड़ेगा तब तक हम मुंबई से नही लौटेंगे। मुझसे कहा जा रहा है कि मुंबई मत आइए। जो ऐसा कह रहे हैं मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप नसीब वाले हो, आप पर गुलाल डालने के लिए मराठा मुंबई आ रहे हैं। अगर सरकार के लोग हमसे बात करने के लिए आ रहे है तो हमारा दरवाजा बंद नहीं है। लेकिन हम पीछे नही हटेंगे। शुक्रवार को उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र सरकार मराठाओं को मूर्ख बना रही है। उसने हमें आरक्षण देने को कहा था, लेकिन आज तक अपना वादा पूरा नहीं किया। जालना से मुंबई के बीच की दूरी 420 किलोमीटर है। मनोज जरांगे 26 जनवरी को मुंबई पहुंचेंगे।

**आरक्षण का गुलाल लगवाकर ही मुंबई से लौटेंगे: जरांगे**

## सार संक्षेप

### अध्यक्ष पद संभालने के बाद शर्मिला ने जगन पर साधा निशाना



**विजयवाड़ा।** कांग्रेस की आंध्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद वाई.एस. शर्मिला ने रविवार को अपने भाई और मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ पहला हमला बोला। उन्होंने सवाल किया कि जगन ने क्या राज्य को विशेष दर्जा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी है? उन्होंने राज्य को विशेष दर्जा नहीं मिलने के लिए जगन मोहन रेड्डी और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू दोनों को दोषी ठहराया।

### जगदलपुर में राम के नाम 3 लाख दीये जलाए गए



**जगदलपुर।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। श्री रामलला के स्वागत के एक दिन पूर्व 'एक दीया प्रभु श्री राम के नाम' दीपोत्सव के कार्यक्रम में जगदलपुर में गजब का उत्साह देखने को मिला। जगदलपुर का दलपत सागर रविवार की शाम लगभग तीन लाख दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। जगदलपुर के रानी घाट में पूजा-अर्चना के बाद एक साथ तीन लाख दीपों की रोशनी में दलपत सागर की सुंदरता भी कई गुना बढ़ गई।

### अफगानिस्तान विमान दुर्घटना में 7 रूसी मारे गए

**मॉस्को।** तालिबान ने रविवार को कहा कि अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हुए बिजनेस जेट में सात रूसी सवार थे। तालिबान के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रेयान ने कहा कि दुर्घटना इंजन में खराबी के कारण हुई। अब्दुल वाहिद रेयान ने एक्स पर लिखा, इंजन की खराबी के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# मणिपुर में केंद्रीय बलों की भूमिका से खुश नहीं बीरेन सिंह

**मुख्यमंत्री ने मौजूदा संकट से निपटने के केंद्रीय बलों के तरीके पर असंतोष जताया**

**इंफाल,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को पूर्वोत्तर राज्य में मौजूदा संकट से निपटने के केंद्रीय बलों के तरीके पर असंतोष जताया, जो पिछले साल 3 मई से लेकर अब तक जातीय हिंसा से ग्रस्त है। यह कहते हुए कि केंद्रीय बलों की भूमिका निगरानी से परे जीवन और संपत्ति की सुरक्षा तक फैली हुई है, सिंह ने जोर देकर कहा कि सुरक्षाकर्मी हिंसा को रोकने में मदद करने के लिए राज्य में थे, न कि केवल देखने और निरीक्षण करने के लिए।

यहां प्रथम बटालियन मणिपुर राइफल्स परेड ग्राउंड में आयोजित 52वें राज्यत्व दिवस पर सीएम ने कहा, आपको (केंद्रीय बलों का जिक्र करते हुए) यह देखने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था कि क्या हो रहा है। आपको राज्य की अखंडता। निर्दोष लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा के लिए तैनात किया गया था। हम भारतीय हैं। उन्होंने चुनौतीपूर्ण सुरक्षा स्थिति के जवाब में राज्य बलों के बीच सतर्कता बढ़ाने का आग्रह किया।



■ पिछले साल 3 मई से जातीय हिंसा से ग्रस्त है मणिपुर

मुख्यमंत्री का यह बयान तेंगनुपाल जिले के मोरेह और बिष्णुपुर जिले सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों पर हाल ही में तेज हुए हमलों के मद्देनजर आया है।

अशांत राज्य की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी राज्य बलों से हर समय सतर्क रहने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने मणिपुर की एकता और अखंडता को चुनौती देने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें पता होना चाहिए कि राज्य के मूल निवासी ऐसी किसी भी चुनौती से निपटने के लिए एकजुट होंगे। सिंह ने दोहराया कि अगर बातचीत की गुंजाइश है तो वह तैयार हैं और राज्य बल भी किसी भी चुनौती के लिए तैयार है।

# असम में राहुल की यात्रा पर फिर हमला

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल की बस को घेरा, जयराम की कार पर पानी फेंका

■ इकरार खान

**चरियाली विश्वनाथ (असम),** 21 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को असम में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर फिर हमला हुआ है। राहुल को बचाते हुए उनके सुरक्षा कर्मी उन्हें बस के अंदर वापस ले गए। घटना के दौरान राहुल का काफिला सोनितपुर में था। राहुल ले घटना को लेकर कहा- आज भाजपा के कुछ कार्यकर्ता झंडा लेकर हमारी बस के सामने आ गए। मैं बस से निकला, वो भाग गए। हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। न ही नरेंद्र मोदी से, न असम के मुख्यमंत्री से। कांग्रेस पार्टी ने न्याय यात्रा के काफिले पर 48 घंटे में दूसरी बार हमले का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने जयराम रमेश की गाड़ी पर पानी फेंकने और स्टीकर फाड़ने का भी आरोप लगाया।

■ सुरक्षाकर्मी भीड़ से बचाते हुए बस में ले गए
■ काफिले पर 48 घंटे में दूसरी बार हुआ हमला

इससे पहले यात्रा 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आठवें दिन रविवार को अरुणाचल प्रदेश से दोबारा असम में प्रवेश कर गई। यात्रा असम पहुंची तो स्थानीय लोगों ने राहुल गांधी का दिल खोलकर स्वागत किया। रविवार को यात्रा करीब 180 किलोमीटर चली। यात्रा सुबह अरुणाचल प्रदेश से असम के राजगढ़ में प्रवेश कर गई। इसके बाद यात्रा विश्वनाथ, सोनितपुर और नगांव पहुंची। शाम को नगांव के कलियाबोर में जन सभा का आयोजन किया गया, जिसे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने संबोधित किया। जनसभा के दौरान दोनों नेता असम में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर भाजपा द्वारा बौखलाहट में किए जा रहे हमलों को लेकर आक्रमक रहे।



हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। न ही नरेंद्र मोदी से, न असम के मुख्यमंत्री से: **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### कांग्रेस डरने वाली नहीं है: खड़गे

असम के नौगांव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा बहुत अच्छी चल रही है। ये देखकर बीजेपी के लोग घबरा गए हैं। उन्होंने हमारे पीसीसी अध्यक्ष पर हमला किया, लेकिन वो डरने वाले नहीं हैं। वो कांग्रेस के एक सिपाही हैं। कांग्रेस किसी से डरने वाली नहीं है। बकौल खड़गे 'यह मेरी बिल्ली मुझसे ही म्याऊं' जैसा है। हमने पहले भी ऐसे कई लोगों को देखा है। हम कभी नहीं डरेंगे, ये कांग्रेस का वादा है।

### राहुल का नाम सुनते ही संतुलन खो देते हैं हिमंतः जयराम

मुखरघर विश्वनाथ। कांग्रेस ने कहा है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा कांग्रेस पार्टी का नाम आते ही संतुलन खो देते हैं और उलटे-सीधे कदम उठाना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश, असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोहरा तथा राज्य विधानसभा में कांग्रेस के नेता देवव्रत सैकिया ने रविवार को यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री शर्मा को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे समर्थन को देखकर आपा नहीं खोना चाहिए और शांत होकर अपना काम करते रहना चाहिए। उनका कहना था कि श्री गांधी की यात्रा का रूट तीन सप्ताह पहले बन गया था और उन्हें उनके रूट के अनुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा करने में परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

### भूपेन बोरा पर हमला, नाक पर आई चोट

असम की कांग्रेस इकाई ने दावा किया कि असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन बोरा पर भाजपा समर्थकों के एक समूह ने कथित तौर पर हमला किया। घटना रविवार को असम के सोनितपुर जिले के जमुगुरीहाट इलाके की बताई गई। हमले में भूपेन बोरा की नाक पर चोट आई है। उनको इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

# महाराष्ट्र स्पीकर के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**ठाकरे गुट की याचिका पर होगी सुनवाई**

**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले के खिलाफ शिवसेना (यूबीटी) नेता सुनील प्रभु की याचिका पर सुनवाई करेगा। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही 'असली' शिव सेना है।



शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ 22 जनवरी को मामले की सुनवाई करेगी। 15 जनवरी को, पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले पर सवाल उठाया था, जिसमें कहा गया था कि सीएम शिंदे के नेतृत्व वाला समूह ही असली शिवसेना है क्योंकि इसके पास विधायिका में बहुमत है। याचिका में सीएम शिंदे और उनके खेमे के अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने को भी चुनौती दी गई है। इस बीच, बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को सत्तारूढ़ शिवसेना के मुख्य सचेतक भरत गोगावले द्वारा ठाकरे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका पर 14 शिवसेना-यूबीटी विधायकों और अन्य को नोटिस जारी किया।

### नार्वेकर ने दोनों पक्षों की याचिकाएं कर दी थी खारिज

न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति एफ.पी. पूनीवाला की खंडपीठ ने मामले को 8 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए पोस्ट किया। 10 जनवरी के फैसले में स्पीकर नार्वेकर ने दोनों पक्षों की याचिकाएं खारिज कर ठाकरे के विधायकों को अयोग्य होने से बचा लिया।

**एम्स ने वापस लिया फैसला**

# आज एम्स में ओपीडी सेवाएं खुली रहेंगी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने रविवार को कहा कि बाह्य रोगी सेवाएं (ओपीडी) 22 जनवरी को खुली रहेंगी। साथ ही एम्स ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अपराह्न 2:30 बजे तक सेवाएं बंद करने के अपने फैसले को पलट दिया। एम्स, ने नए कार्यालय ज्ञापन में कहा रोगी देखभाल की सुविधा के लिए आउट पेशेंट सेवाओं (ओपीडी) सहित सभी नैदानिक सेवाएं खुली रहेंगी।

**मौसम** *घने कोहरे ने भी बढ़ाई लोगों की परेशानी*

# उत्तर भारत में शीत लहर का सितम जारी

**नई दिल्ली, 21 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी सहित पूरा उत्तर भारत घने कोहरे, दृश्यता कम होने और रेल एवं हवाई यातायात बाधित होने के साथ शीत लहर की चपेट में है। भारतीय रेलवे के अनुसार रविवार को देश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय राजधानी आने वाली लगभग बारह यात्री ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। घने कोहरे के कारण अमृतसर-नांदेड़ एक्सप्रेस, पुरी-नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, अंबेडकरनगर-कटरा और मानिकपुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें विलंबित रहीं।**

दिल्ली हवाईअड्डे पर घने कोहरे के कारण लोग कई घंटों तक अपनी उड़ान का इंतजार करते दिखे। कुछ उड़ानें रद्द करने की भी घोषणा की गई। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने परामर्श जारी कर यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी उड़ानों की स्थिति के बारे में संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार तड़के 3:00 बजे से दिल्ली-पालम पर दृश्यता शून्य मीटर बनी हुई थी। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश और बिहार में अलग-अलग इलाकों में बहुत घना कोहरा देखा गया। आईएमडी ने 22 जनवरी को बिहार और उत्तरी मध्य प्रदेश में शीत लहर की स्थिति प्रबल होने और उत्तर भारत के अधिक हिस्सों में सर्दी बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। राष्ट्रीय राजधानी में आज सुबह कोहरा छाया रहा तथा न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।



**रेल एवं हवाई यातायात हो रहा है बाधित**

### कई हिस्सों में 3-7 डिग्री के बीच तापमान

*मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने अपने दैनिक बुलेटिन में कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 3-7 डिग्री सेल्सियस के बीच है। यही हाल राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 8-10 डिग्री सेल्सियस है। सबसे कम न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस हरियाणा के हिसार में दर्ज किया गया।*

# देश

**उवाच**

गरीबों का हक हर उस सरकार ने मारा है, जो पिछड़ों की बात कर पिछड़ों से सिर्फ वोट लेते आया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार आप देखेंगे कि किसी राजनीतिक प्लेटफॉर्म से कम से कम 75 लोग अति पिछड़े समाज से विधायक का चुनाव लड़ेंगे।

–प्रशांत किशोर, चुनावी रणनीतिकार



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 14.0 | 06.0 |
| मुंबई | 27.0 | 21.0 |
| कोलकाता | 19.0 | 11.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 25.0 |

# लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को सरकार कृतसंकल्पित : नीतीश

## श्रीरामजानकी मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन कार्यक्रम को किया संबोधित

**समस्तीपुर,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य की महागठबंधन की सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति कृतसंकल्पित है। कुमार रविवार को समस्तीपुर जिले के सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी गांव स्थित 592 करोड़ की लागत से निर्मित श्रीरामजानकी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्रों में विकास तीव्र गति से हो रहा है।

उन्होंने कहा कि श्रीराम जानकी मेडिकल कालेज में 5 सौ बेड का अस्पताल बनाया जाना विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं स्थानीय भाजपा सांसद नित्यानंद राय ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है जहां आज समस्तीपुर के नरधोघी में श्रीराम जानकी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का शुभारंभ हुआ है वहीं, 22 जनवरी को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा को स्थापित करेंगे। राय ने कहा कि इस चिकित्सा महाविद्यालय को स्थापित करने में कई बाधाएं आई लेकिन केंद्र सरकार की पहल पर सभी बाधाओं को दूर कर इस नए अस्पताल एवं कॉलेज को चालू किया गया है। इस महाविद्यालय एवं अस्पताल को स्वास्थ्य के क्षेत्र



■ प्रदेश में हर क्षेत्रों में तीव्र गति से हो रहा है विकास : नीतीश कुमार

में रिसर्च सेंटर बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, वित्त मंत्री एवं स्थानीय विधायक विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री आलोक कुमार मेहता एवं बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज खुलने से समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के लोगों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध होने के साथ-साथ आर्थिक विकास होगा।

समारोह में बिहार विधानसभा में उप सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहिन, माकपा विधायक अजय कुमार, बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अश्वमेध देवी समेत अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। सूत्रों की माने तो, बिहार की राजनीति में बदलाव के लिहाज से जनवरी का यह महीना काफी अहम माना जा रहा है। नीतीश कुमार आने वाले कुछ दिनों में अंतिम फैसला कर सकते हैं कि वह किस गठबंधन के साथ मिलकर लोक सभा का चुनाव लड़ेंगे। हालांकि दोनों ही सूरतों में यह भी तय माना जा रहा है कि उनकी पार्टी के कई नेता उनका साथ छोड़ सकते हैं। लेकिन बिहार से आ रहे राजनीतिक बदलावों के संकेतों के लिहाज से जनवरी का यह महीना खासतौर से 22 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक का समय काफी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है।

### नए शिक्षकों की बहाली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सरकार का ठोस कदम

**समस्तीपुर।** बिहार के नए शिक्षा मंत्री आलोक कुमार मेहता ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने रविवार को समस्तीपुर जिले के सरायरंजन में श्रीराम जानकी कॉलेज एवं अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शिक्षा में काफी सुधार हुआ है। राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए। मेहता ने कहा कि बिहार में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की बहाली की जा रही है जो छात्रों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने मे एक महत्वपूर्ण कदम है।


## तृणमूल की सद्भावना रैली से पहले कोलकाता में सुरक्षा बढ़ी



**कोलकाता,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर सोमवार को प्रस्तावित तृणमूल कांग्रेस की सद्भाव रैली से पहले कोलकाता में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अतिरिक्त बल तैनात करने के अलावा, शहर पुलिस मुख्यालय से विभिन्न धाराओं के तहत सभी थानों के प्रभारी अधिकारियों (ओसी) को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि ओसी जिनके क्षेत्रों से प्रस्तावित रैली गुजरेगी को विशेष रूप से सोमवार सुबह से ही हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह राज्य के विभिन्न कमिश्नरेट के जिलों के पुलिस निदेशालयों को भी यही निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सद्भाव रैली के अलावा, सोमवार को भाजपा और भगवा पार्टी समर्थित अन्य संगठनों द्वारा जुलूस निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि शहर पुलिस मुख्यालय को सोमवार को निकाले जाने वाले प्रत्येक जुलूस की वीडियो रिकॉर्डिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि सद्भावना रैली सभी धर्मों के धार्मिक संस्थानों से होकर गुजरेगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा नए भविष्य का निर्माण करेगी : सिन्हा

### नागरिकों की प्रेरणादायक सफलता की कहानियों को किया साझा



**जम्मू,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को 'आवाम की आवाज' कार्यक्रम का 34वां संस्करण प्रदेश के नागरिकों को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में उनकी ऐतिहासिक भागीदारी के लिए समर्पित करते हुए कहा कि यह यात्रा विकसित भारत के लिए नया भविष्य बनाएगी। उपराज्यपाल ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग तक पहुंचने के लिए एक शक्तिशाली जन-अभियान, 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', विकसित भारत के लिए एक नया भविष्य बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में अब तक जम्मू-कश्मीर के 40 लाख नागरिकों की भागीदारी ने केंद्र शासित प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रगति की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि जनभागीदारी और जिलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की असाधारण यात्रा को समृद्धि और समावेशी विकास के पथ पर आगे ले जाती रहेगी। नागरिकों की प्रेरणादायक सफलता की कहानियों को साझा करते हुए सिन्हा ने अपने गांव के लोगों को खेती के नए तरीके सिखाने के लिए कठुआ के झंकार गांव के बिक्रम सिंह के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह एकीकृत खेती पर एक जीवित विश्वकोश हैं और उन लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं जो विविधीकरण के लाभों को सुरक्षित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बडगाम के चंबूरा गांव के गुलाम हसन शेख दृढ़ निश्चय से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पेशेवर करियर में रणनीतिक विस्तार या व्यवसाय विविधीकरण जैसे कि 'कालीन से लेकर कश्मीरी लाल मिर्च' तक का व्यवसाय संभालना अन्य उद्यमियों को प्रेरित कर रहा है। उपराज्यपाल ने श्रीनगर के एक कुशल कालीन कारीगर गुलाम हुसैन वानी का विशेष उल्लेख किया जो कालीन मरम्मत में अपनी विशेषज्ञता के लिए एक घरेलू नाम बन गए हैं और इस दुर्लभ कला रूप की सुंदरता को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि चेनानी, उधमपुर की कौशल्या देवी की कहानी से पता चलता है कि स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है।

### 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' अभियान की भी की सराहना

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जिला प्रशासन अनंतनाग और पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के सड़क सुरक्षा अभियान 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' की भी सराहना की। उप राज्यपाल ने मट्टन निवासी निसार अहमद के अनोखे प्रयास, साथी नागरिकों और युवाओं को सामाजिक अभियानों से जोड़ने तथा हाथ की कढ़ाई की प्राचीन पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के लिए उधमपुर के युवा विशाल रौधन एवं कुलगाम की महमूदा अख्तर की भी सराहना की।

## सार संक्षेप

### मणिपुर, मेघालय व त्रिपुरा स्थापना दिवस की दी बधाई

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी है। धनखड़ ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के यह तीन रत्न राष्ट्र की विशाल समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर व विविधता में एकता के प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई। मेरी कामना है कि इन राज्यों में सौहार्द, समृद्धि और प्रगति आने वाले वर्षों में भी बनी रहे

### ठंड के कारण जम्मू के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश बढ़ाया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने अत्यधिक ठंड के कारण रविवार को जम्मू संभाग के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश बढ़ा दिया। निदेशक स्कूल शिक्षा (जम्मू) द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, अत्यधिक ठंड की स्थिति को देखते हुए और पिछले आदेशों को जारी रखते हुए, जम्मू संभाग में 12वीं कक्षा तक के सभी स्कूल 22 जनवरी से 27 जनवरी तक छुट्टियों का पालन करेंगे। आदेश में कहा गया है कि गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए अभ्यास करने वाले छात्र रिहर्सल के लिए आते रहेंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि संस्थानों के प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी सहित गणतंत्र दिवस समारोह के लिए सभी व्यवस्थाएं सही हों।

### हैदराबाद में कार दुर्घटना में तीन की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक कार के रेलिंग से टकरा जाने से एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब दोस्तों का एक समूह शनिवार तड़के सैर पर निकला था। पांच लोग एक कार में पहाड़ी शरीफ रोड से होते हुए राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे गए थे। बाद में वे हवाई अड्डा होकर श्रीशैलम राजमार्ग की ओर चले गए। पुलिस ने बताया कि लापरवाही से चलाई जा रही तेज रफ्तार कार पहाड़ी शरीफ पुलिस थाने की सीमा के तहत ममीदिपल्ली गांव में अदानी एयरोस्पेस पार्क के पास सड़क किनारे रेलिंग से टकरा गई।

### मुंबई के अस्पताल में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के विक्रोली पूर्व इलाके में एक अस्पताल में शनिवार मध्य रात्रि के बाद आग लग गई। हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। अस्पताल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विक्रोली पूर्व इलाके के डॉ. अंबेडकर अस्पताल में आग लग गई। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## राम मंदिर उद्घाटन के लिए नहीं मिला निमंत्रण : के.कविता

**हैदराबाद,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए निमंत्रण नहीं मिला है। बीआरएस नेता और एमएलसी के.कविता ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि 22 जनवरी के कार्यक्रम के लिए आधिकारिक तौर पर पार्टी को कोई निमंत्रण नहीं मिला है और इसलिए वे इसमें शामिल होने में असमर्थ हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि भगवान राम सभी के हैं, कुछ लोगों के नहीं। हमें जब समय मिलेगा हम अयोध्या जाएंगे। हमें पवित्र स्थान पर जाने का सौभाग्य मिलेगा। कविता बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करोड़ों हिंदुओं के लिए एक सपना सच होने जैसा है। मंदिर के उद्घाटन की तैयारियों का जिक्र करते हुए कविता ने एक्स पर अपनी टिप्पणी पोस्ट की। उन्होंने तेलुगु में लिखा, शुभ समय के दौरान जब अयोध्या में श्री सीताराम चंद्र स्वामी की मूर्ति स्थापित की गई है, जो करोड़ों हिंदुओं के लिए एक सपने के सच होने जैसा है, तेलंगाना के साथ देश इसका स्वागत करता है। बीआरएस एमएलसी की टिप्पणी को इस मुद्दे पर पार्टी के रुख में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है और यह तेलंगाना में बीआरएस के कांग्रेस पार्टी से सत्ता खोने के कुछ दिनों बाद आया है। चुनाव प्रचार के दौरान केसीआर ने बाबरी मस्जिद विध्वंस का मुद्दा उठाया था। उन्होंने निज़ामाबाद शहरी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूछा था कि बाबरी मस्जिद को किसने गिराया।



### आंध्र कांग्रेस प्रमुख का पद संभालने के बाद शर्मिला ने जगन पर साधा निशाना

# आंध्र प्रदेश के हितों को रख दिया गया गिरवी



■ वाईएसआरसीपी के 22 सांसद व टीडीपी के तीन सांसद भाजपा के हाथों में हैं

राज्य को विशेष दर्जा नहीं मिलने के लिए जगन व चंद्रबाबू नायडू दोषी : वाई.एस.शर्मिला

**विजयवाड़ा,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस की आंध्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद वाई.एस.शर्मिला ने रविवार को अपने भाई और मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ पहला हमला बोला। उन्होंने सवाल किया कि जगन ने क्या राज्य को विशेष दर्जा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने राज्य को विशेष दर्जा नहीं मिलने के लिए जगन मोहन रेड्डी और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू दोनों को दोषी ठहराया।

उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा मुख्यमंत्री और उनके पूर्ववर्ती दोनों ने राज्य के हितों को गिरवी रख दिया। वाईएसआरसीपी के 22 सांसद और टीडीपी के तीन सांसद भाजपा के हाथों में हैं और दोनों दल भाजपा के इशारे पर चलते हैं। कार्यभार संभालने के बाद पार्टी कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने याद किया कि जगन मोहन रेड्डी ने विशेष दर्जे के लिए भूख हड़ताल की थी, लेकिन पूछा कि क्या उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद इसे हासिल करने के लिए कोई कदम उठाया। उन्होंने कहा, जब चंद्रबाबू नायडू मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने विशेष दर्जे के लिए लड़ने वालों को जेल में डाल दिया था। उन्होंने राज्य को कर्ज के जाल में धकेलने और तीन राजधानियों का वादा करने के बाद एक राजधानी विकसित करने में विफल रहने के लिए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार की जमकर आलोचना की।

### आंध्र के लोगों पर दस लाख करोड़ रुपए का कर्ज है : कांग्रेस

कांग्रेस नेता ने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोगों पर 10 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। उन्होंने कहा कि जहां चंद्रबाबू नायडू सरकार ने 2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया, वहीं वर्तमान मुख्यमंत्री ने कर्ज को 3 लाख करोड़ रुपये और बढ़ा दिया। उन्होंने पूछा कि क्या राज्य ने इन 10 वर्षों के दौरान कम से कम 10 प्रमुख उद्योगों को आकर्षित किया है। उन्होंने दावा किया कि सड़कें बनाने के लिए भी फंड नहीं है। यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों को भी समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कोई विकास नहीं हुआ है। हर जगह खनन और रेत माफिया ने लूट मचा रखी है। पिछले महीने कांग्रेस में शामिल हुईं शर्मिला ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता चाहते थे कि वह पार्टी में शामिल हों और वह उन्हें धन्यवाद देती हैं।

# रेवंत ने नियुक्त किए चार सलाहकार

**हैदराबाद,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अपने चार करीबी सहयोगियों और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को राज्य सरकार का सलाहकार नियुक्त किया है। पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मल्लू रवि, पूर्व विधायक वेम नरेंद्र रेड्डी और पार्टी के एक अन्य नेता हरकारा वेणुगोपाल राव को सलाहकार नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ नेता शब्बीर को एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक कल्याण पर सलाहकार नियुक्त किया गया है। उन्हें राज्य मंत्री का पद और दर्जा प्राप्त होगा। वो कैबिनेट मंत्री बनना चाहते थे, लेकिन विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी ने उन्हें विधान परिषद में नहीं भेजा। 30 नवम्बर को निजामाबाद शहरी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव हारने वाले शब्बीर ने संयुक्त आंध्र प्रदेश में वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया था। रेवंत रेड्डी के करीबी दोस्त वेम नरेंद्र रेड्डी को सार्वजनिक मामलों पर मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है। जब वे तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में थे तब से उनके बीच मधुर संबंध हैं। नरेंद्र रेवंत रेड्डी के साथ 2018 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। तेलंगाना कांग्रेस के प्रोटोकॉल प्रभारी हरकारा वेणुगोपाल राव को प्रोटोकॉल और जनसंपर्क पर सरकार का सलाहकार नियुक्त किया गया है।



शब्बीर, मल्लू रवि शामिल

### मल्लू रवि को मिलेगा राज्य मंत्री का दर्जा

मल्लू रवि को नई दिल्ली में राज्य सरकार का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उन्होंने संयुक्त आंध्र प्रदेश में वाईएसआर सरकार के तहत इसी पद पर कार्य किया था। उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के भाई मल्लू रवि रेवंत रेड्डी के करीबी सहयोगी हैं और विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद उन्होंने खुले तौर पर कहा था कि वह मुख्यमंत्री पद के लिए अपने भाई की तुलना में रेवंत रेड्डी को प्राथमिकता देंगे। नगरकुर्नूल से पूर्व सांसद मल्लू रवि को राज्य मंत्री का दर्जा मिलेगा।

## आतंकियों को शरण देने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**जम्मू,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले से एक किशोर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जनवरी 2023 में राजौरी के ढांगरी गांव में 5 नागरिकों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में शनिवार को एक किशोर को गिरफ्तार किया गया था। एक अधिकारी ने कहा, शुरुआत में एक अन्य मामले में शामिल किशोर को जम्मू के एक पर्यवेक्षण गृह में रखा गया था और उसे एनआईए ने शनिवार को गिरफ्तार किया और राजौरी में किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए की जांच से पता चला है कि किशोर, दो अन्य लोगों के साथ, आतंकवादियों को शरण देने में शामिल था।

# प्राण प्रतिष्ठा पर अवकाश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

### कानून के छात्रों के समूह ने दायर की थी याचिका

**मुंबई,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। बंबई उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को राजकीय अवकाश घोषित करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिका रविवार को खारिज कर दी। अयोध्या में समारोह से पहले याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की एक विशेष पीठ का गठन किया गया था। पीठ ने अपने आदेश में कहा याचिका बाहरी कारणों से दायर की गई है और यह कानून की प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है। पीठ ने कहा कि याचिका में राजनीतिक निहितार्थ हैं। इसमें कहा गया, यह राजनीति से प्रेरित और प्रचार हित याचिका प्रतीत होती है। महाराष्ट्र सरकार ने 19 जनवरी को एक अधिसूचना जारी कर 22 जनवरी को राज्य अवकाश की घोषणा की है। कानून के छात्रों के एक समूह ने शनिवार को बॉम्बे हाई कोर्ट की रजिस्ट्री के समक्ष याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की थी। कानून के चार छात्रों, शिवांगी अग्रवाल, सत्यजीत साल्वे, वेदांत अग्रवाल और खुशी बांगिया की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि आगामी संसदीय चुनावों को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का उद्देश्य सरकार का निर्णय राजनीतिक के लिए सत्ता का खुला दुरुपयोग है।



उन्होंने आठ मई, 1968 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना को भी चुनौती दी, जिसमें राज्यों को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार दिया गया था।

**आयोजन** *राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रमामय हुआ जम्मू*

# चौक-चौराहों से लेकर बाजारों व मंदिरों तक लहराया राम ध्वज

**जम्मू, 21 जनवरी (एजेंसियां)। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मंदिरों का शहर जम्मू पूरी तरह राममय हो चुका है। गलियों, चौक-चौराहों से लेकर बाजारों और मंदिरों तक राम ध्वज लहरा रहे हैं। जगह-जगह राम धुन बज जा रही है। एक ओर मंदिरों को फूलों से सजाया जा रहा है, तो विभिन्न गलियों में राम ध्वज और लाइटों के साथ सजावट।**

की गई है। हिंदू संगठन और भाजपा कार्यकर्ता घरों, दुकानों में राम ध्वज वितरित कर रहे हैं। वाहनों पर भी राम पताके फहर रहे हैं। विभिन्न मंदिरों और अन्य संगठनों की ओर से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किए जा रहे हैं।

मंदिरों में सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। समारोह के दिन जगह-जगह एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या से राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा। वहीं, बाजारों में भी खास रौनक है। दुकानों पर छोटे-बड़े राम ध्वज, राम मंदिर मॉडल, जय श्री राम की टी-शर्ट और टोपी, बैच आदि उपलब्ध हैं। लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। राम ध्वज 20 से 150 रुपए तक मिल रहे हैं, जबकि राम मंदिर का मॉडल 250 से 500 रुपए का है। मोती बाजार के दुकानदार संजीव ने बताया कि राम मंदिर मॉडल की मांग है। इसके अलावा राम ध्वज की भी खरीदारी की जा रही है। दिल्ली से और सामान मंगवाया गया है। रघुनाथ मंदिर में तीन दिवसीय उत्सव शुरू हुआ। पुजारी सतपाल रैना ने सुबह सुंदरकांड पाठ किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पाठ का श्रवण किया। भजन-कीर्तन भी हुआ। भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे। संगीता देवी ने कहा कि भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए तीन दिन उत्सव में भाग लेंगे। 22 जनवरी को भव्य समारोह होगा, जिसमें रथ यात्रा, अखंड रामायण पाठ, नृत्य, संगीत और भजन शामिल है। इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। चित्रकुट से आए पंडित रामायण का अखंड पाठ करेंगे। अग्रवाल सभा में एलईडी स्क्रीन पर कार्यक्रम का प्रसारण सुबह साढ़े 11 बजे से शुरू होगा। इसके बाद हलवा वितरित किया जाएगा। सभा के सचिव रविंद्र मित्तल ने कहा कि सभी लोग राम लला के दर्शन करें।

इसी तरह जेके ब्राह्मण सभा के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि डोगरा चौक में एलईडी पर प्रसारण होगा। इस दौरान लंगर लगाया जाएगा। वेयर हाउस ट्रेडर्स फेडरेशन ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शनिवार को छोटी दीपावली मनाई। इस दौरान 11 सौ दीप जलाए गए। फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने लोगों से कहा कि सभी अपने घरों में दीप जलाएं। फेडरेशन की ओर से 22 जनवरी को वेयर हाउस में 20 फीट की एलईडी स्क्रीन पर समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा और भंडारा भी लगेगा। बनतालाब में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्कृत भारती श्रीमद् भागवत गीता पाठशाला की ओर से फ्रेंडस कॉलोनी गली नंबर 8 से शोभायात्रा निकाली गई।



■ एलईडी स्क्रीन पर होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण

**उल्टा पुल्टा**

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा?
डाक्टर : ऐसा क्यूं कहा?
मरीज : क्यूंकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

# रामराज्य बहुत बड़ी चीज व श्रीराम हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं : केजरीवाल

## तीन दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का समापन आज

**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आईटीओ स्थित प्यारेलाल ऑडिटोरियम में दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामलीला में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि रामराज्य बहुत बड़ी चीज है और हम लोग बहुत छोटे हैं, भगवान श्रीराम हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। बता दें कि तीन दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का सोमवार को समापन होगा। सीएम केजरीवाल ने कहा, हमारी कोशिश है कि दिल्ली में कोई भूखा न सोए, हर गरीब को मुफ्त राशन मिले और हर नागरिक को सुरक्षा मिले। हमारा प्रयास है कि दिल्ली में हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली व पीने का पानी मिले और सभी को समान अवसर व सम्मान मिले। हमने दिल्ली में बेघरों के लिए नाइट शेल्टर बनाए, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है और हर व्यक्ति को अच्छा व मुफ्त इलाज मिल रहा है। कई लोग अलग-अलग कारणों से तीर्थयात्रा पर नहीं जा पाते हैं, इसलिए हमारी सरकार बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करवाती है। हमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन से सीख लेनी है, अपने माता-पिता का कहना मानना है और हमेशा सत्य का साथ देना है। दिल्लीवासियों के साथ दिल्ली सरकार की



**हमारी कोशिश है कि दिल्ली में कोई भूखा न सोए, हर गरीब को मुफ्त राशन मिले और हर नागरिक को सुरक्षा : अरविंद केजरीवाल**

पूरी कैबिनेट और विधायकों ने भी रामलीला मंचन का आनंद लिया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को दिल्ली में हर कोई अपने-अपने तरीके से मना रहा है। पुरानी दिल्ली की एक संस्था ने मंदिर ही बना कर स्थापित कर दिया है। पुरानी दिल्ली की पुरानी संस्थाओं में से एक व 1898 में स्थापित बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल नाम की संस्था ने पुरानी दिल्ली अयोध्या के राम मंदिर का प्रतिरूप तैयार करवाया है। यमुना के किनारे बने वासुदेव घाट पर इसे स्थापित किया गया है। यहां भव्य रूप से 22 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना इस कार्यक्रम में शरीक होंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। पंचायत के प्रधान संजय सिंघल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन शाम 5 बजे इस घाट पर 10,000 दीप जलाकर दीपावली मनाई जाएगी।

### शोभायात्रा निकेलगी पार्टी, दिल्ली में होगा भंडारे का आयोजन

नई दिल्ली। 22 जनवरी को यानी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन आम आदमी पार्टी पूरी दिल्ली में शोभायात्रा निकालेगी। साथ ही पूरी दिल्ली में भंडारे का आयोजन करेगी। इस शोभायात्रा में पार्टी के बड़े नेताशामिल होंगे। शोभायात्रा के आयोजन पर दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है, दिल्ली सरकार ने पहले ही कल आधे दिन की छुट्टी की घोषणा कर दी है। मंदिरों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। आप और हमारे विधायक कल भंडारा, शोभायात्रा, सुंदरकांड का आयोजन करेंगे।

# राजधानी दिल्ली में सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार की सुबह एक और सर्द सुबह हुई, जब तापमान एकल अंक में दर्ज किया गया, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई और कई उड़ानें और ट्रेनें विलंबित हुईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली-पालम पर दृश्यता रविवार को सुबह 2:00 बजे 400 मीटर से घटकर 2:30 बजे 100 मीटर हो गई और सुबह 3:00 बजे से यह और भी कम होकर 0 मीटर हो गई। आईएमडी के मुताबिक, रविवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा, आज सुबह 6:30 बजे उत्तर भारत के मैदानी इलाकों पंजाब से लेकर हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश तक कोहरे की परत बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। मौसम विभाग ने कहा, दिल्ली, उत्तरी हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा देखा गया। राष्ट्रीय राजधानी जाने वाली लगभग एक दर्जन यात्री ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। उत्तर रेलवे के अनुसार, घने कोहरे के कारण अमृतसर-नांदेड़ एक्सप्रेस, पुरी-नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, अंबेडकरनगर-कटरा और मानिकपुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस जैसी लगभग 11 ट्रेनें देरी से चलीं। दिल्ली हवाईअड्डे पर भी लोग कई घंटों की देरी से चल रही अपनी उड़ानों का इंतजार करते दिखे। कुछ उड़ानें भी रद्द घोषित कर दी गईं, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई। आईएमडी ने 22 जनवरी को बहुत घने कोहरे की स्थिति की भविष्यवाणी की है। 27 जनवरी तक बाकी दिनों में कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। दिल्ली में शीतलहर जारी रहने के कारण लोग खुद को गर्म रखने के लिए अलाव के पास बैठे दिखे।

# सेवा बस्ती के 108 मंदिरों में राम-ज्योति से दिवाली मनाएगी इन्द्रप्रस्थ संजीवनी



**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। आज 22 जनवरी को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला की मूर्ति में प्राण-प्रतिष्ठा करेंगे। आज रात अयोध्या में जहां 10 लाख से अधिक दीये जलाकर दिवाली मनेगी, तो वहीं पूरे देश में राम-ज्योति जलाकर दिवाली मनाई जाएगी।

ऐसे में इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने सेवा बस्तियों के 108 मंदिरों का चयन करके वहां के प्रतिनिधियों को आज कार्यालय बुलाकर दिवाली हेतु सामग्री वितरित की। इस सामग्री में श्रीराम जी के झंडे, पटके, मोमबत्ती, दीये, फूलों की लटकन एवं कटआउट दिया गया। दिल्ली की विभिन्न सेवा बस्तियों से आए हुए प्रतिनिधियों ने इन्द्रप्रस्थ संजीवनी का आभार प्रकट किया एवं कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर दिल्ली के बड़े मंदिर सज गए हैं, रिहायशी इलाके के मंदिर में भी कार्यक्रम, सुंदर कांड पाठ, रामकथा हो रही है। तो सेवा बस्तियों के छोटे मंदिरों या सड़क किनारे मंदिर में भी ऐसे कार्यक्रम या धार्मिक अनुष्ठान होने जरूरी थे। ऐसे में इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने तय किया कि सेवा बस्तियों के मंदिरों एवं सड़क किनारे बने मंदिरों में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव राम-ज्योति के प्रकाश से दिवाली के रूप में मनाया जाए। इसलिए संस्था ने रविवार को सेवा बस्तियों के 108 छोटे मंदिरों के प्रतिनिधियों को दिवाली सामग्री वितरित की।

## सार संक्षेप

### लोकसभा चुनाव के लिए अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि कांग्रेस तीन फरवरी को लोकसभा चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करने जा रही है। दिल्ली के हमारे सभी पार्टी कार्यकर्ता हमारे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ उस पार्टी को उखाड़ फेंकने की शपथ लेंगे, जिसने काम किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की नींव को खोखला कर रहा है। आप गठबंधन में भागीदार है, लेकिन हमें सभी सात सीटों के लिए खुद को तैयार करना होगा। भले ही हम सात से कम सीटों पर चुनाव लड़ें और हमारा गठबंधन साथी शेष सीटों पर चुनाव लड़ें, यह हमारा काम है सुनिश्चित करें कि हमारा सहयोगी जीते।

### राजधानी के बाजारों में तीन गुना कीमत पर बिके दीये

**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राजधानी में रामनामी भगवा पताकाएं आउट ऑफ स्टॉक हो गई हैं। इतना ही नहीं, दीये तो तीन गुना कीमत पर बिकते नजर आ रहे हैं। दोपहर तक दुकानदार खरीदारों से यह कहते सुनाई दिए बस सामान मंगाया ही है, कुछ देर में मिल जाएगा। पहाड़गंज के नेहरू बाजार में पताका बच रहे हारुन युसूफ ने कहा, जितनी पताकाएं मंगाई थीं, सब बिक गई हैं। उन्हें नहीं पता था कि इनकी मांग इतनी बढ़ जाएगी। अब तो निर्माताओं का स्टॉक भी खत्म हो गया है। अयोध्या में सोमवार को होने वाले के रंग में सभी सराबोर है। हर ओर राम नाम का जयघोष सुनाई दे रहा है। बच्चे, युवा, महिलाओं से लेकर बुजुर्गों में भागवान राम भक्ति की उमंग है। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली में उत्सव का माहौल है। कॉलोनी से लेकर बाजार सजे हैं। यही नहीं, ऑटो, बाइक, टैक्सी में शान से रामनामी पताका लहरा रही है। उधर, कई युवाओं ने अपनी कार को ही अयोध्या नगरी व राम नाम से मॉडिफाई कराया है। लोग घरों को सजाने के लिए रविवार देर रात तक खरीदारी करते दिखाई दिए। दुकानदार युसूफ ने कहा, अब उनकी दुकान पर दो-चार पताका ही बची हैं। एक तरफ वह सभी पताका बिकने पर खुश थे तो दूसरी तरफ उनको यह मलाल भी था कि पहले से और ज्यादा माल क्यों नहीं मंगाया। शनिवार को दो लाख रुपये का सामान मंगाया था। रविवार दोपहर तक सारा ही बिक गया। ग्राहक लगातार आ रहे हैं। वह कहते हैं कि भगवान राम सबके हैं। उन्होंने उनकी दुकानदारी में इजाफा किया है। आलम यह है कि राम नाम का पताका प्रमुख से लेकर स्थानीय दुकानों पर आउट ऑफ स्टॉक हो गया। इससे अचानक से इनकी कीमत में दो से तीन गुना वृद्धि हो गई। पहाड़गंज, दरियागंज, करोल बाग, सरोजिनी नगर की कुमार गली व सदर बाजार में दिन भर पताका, दीये खरीदने का दौर चला। यही नहीं, सड़कों के किनारे लगने वाली दुकानों में भी खरीदारों की भीड़ रही।

### बच्चों को किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री वीरता पुरस्कार पाने वाले बच्चे दिल्ली पहुंचने लगे हैं। अगले दस दिन तक वे राजधानी में ही रहेंगे। पुरस्कार पाने वाली दिल्ली की सुहानी चौहान ने नवाचार में देश के अन्नदाताओं के लिए खेती को आसान करने के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाला कृषि वाहन एसओएपीटी विकसित किया है। दक्षिण दिल्ली में रहने वाली सुहानी का यह वाहन पूरी तरह से सौर ऊर्जा से चलेगा। इससे डीजल पर खर्च होने वाले 18 सौ करोड़ बचाए जा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से हर साल 84 करोड़ के कार्बन क्रेडिट को बचाया जा सकेगा। इस वाहन की सराहना देश ही नहीं, विदेश में भी हुई है।

# राजधानी में आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर को देखकर भावुक हुए दर्शक

**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार की तरफ से आयोजित रामलीला के पहले दिन दर्शक सीता स्वयंवर को देखकर भावुक हुए। मंचन की शुरुआत में रामलला के जन्म के बाद उनकी शिक्षा-दीक्षा का मंचन



हुआ। इसके बाद राम अपने गुरु के साथ राजा जनक के महल में पहुंचे। यहां सीता स्वयंवर का मंचन हुआ। मंचन के दौरान एक-एक करके राजा शिव धनुष को उठाने का प्रयास करते रहे, लेकिन कोई धनुष को उठा नहीं पाया। उसी समय गुरु की आज्ञा से श्री राम आगे बढ़े और उन्होंने शिव धनुष को उठाया और उसपर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए जैसे ही डोरी खींची। धनुष खंडित हो गया, ऐसा होते देख दर्शकों ने जोर-जोर से जय श्रीराम के जयकारे लगाना शुरू कर दिया। कलाकारों ने तीन घंटे में पूरे संपूर्ण रामायण का मंचन किया। दिल्ली सरकार ने शनिवार से आईटीओ स्थित प्यारेलाल सभागार में तीन दिवसीय भव्य रामलीला का मंचन शुरू किया। पहले दिन रामलीला का लाइव मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए।

### छोटे से सभागार में रामलीला का आयोजन महज छलावा : भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं का एक नया अवतार दिख रहा है। सौरभ भारद्वाज समेत कई नेता रामलीला आयोजन की बात कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने 2022 तक अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण का पुरजोर विरोध किया था। अब जब पूरा देश राममय हुआ है तो रामलीला का आयोजन कर रहे हैं। दिल्ली वाले यह देखकर हैरान हैं कि दो करोड़ से अधिक की आबादी वाले शहर की सरकार एक छोटे से सभागार में रामलीला का आयोजन कर रही है, यह छलावा है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि इतने छोटे स्तर पर रामलीला का आयोजन करके दिल्ली सरकार अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने पर खुशी दिखाने का दिखावा कर रही है।





■ अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की पूर्वसंध्या पर रविवार को नई दिल्ली स्थित खान मार्केट में की गई सजावट के बीच सैल्फी लेतीं युवतियां। फोटो इम्तियाज खान

# खराब गुणवत्ता के चिकित्सा उपकरण बनाने वाली कंपनियों पर कसेगा शिकंजा

**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के छह अस्पतालों में खराब गुणवत्ता के चिकित्सा उपकरण सप्लाई करने के मामले में उपकरण बनाने वाली कंपनियों पर भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) का शिकंजा कसेगा। एसीबी कंपनियों की कुंडली खंगालने में जुटी हुई है। एसीबी यह पता कर रही है कि किन और कितनी कंपनियों के उपकरण अस्पतालों में सप्लाई हुए। इन उपकरणों की गुणवत्ता की जांच किस लैब या संस्था ने की। साथ ही इन्हें अस्पतालों में सप्लाई करने की अनुमति कैसे मिली। जांच में यह भी पता चला है कि छह नहीं, बल्कि दिल्ली-एनसीआर के कई और अस्पतालों में भी खराब गुणवत्ता के चिकित्सा उपकरण सप्लाई हुए हैं। एसीबी के सूत्रों ने बताया कि छह अस्पतालों लोक नायक, एलबीएस, डीडीयू, एसजीएम, जेएसएस और जीटीबी से उपकरणों

**कंपनियों की कुंडली खंगालने में जुटी एसीबी**

की खरीद से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। इन अस्पतालों में कई वर्षों से 13 फर्मों एमएस ब्रिज टेक्सटाइल, यत्र सर्जिकल, वी सेल्यूसन, एसके सर्जिकल, वृष्टि टेक्नोलॉजीज, सन्नी इंटरप्राइसेस, एमएस दुर्गा सर्जिकल, एमएस भीखी सर्जिकल, भावना इंटरप्राइसेस, एमएस एसएस इंटरप्राइसेस, हाई टेक मेडिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हाई केयर ग्लोव्स और जींद सर्जिकल ने उपकरण सप्लाई किए। इन फर्मों से भी एसीबी ने कई दस्तावेज जब्त किए हैं। पता चला है कि इन फर्मों ने छह अस्पतालों के साथ ही दिल्ली-एनसीआर के कई अन्य अस्पतालों में भी चिकित्सा उपकरण सप्लाई किए हैं। यह फर्म अलग-अलग उपकरण निर्माता कंपनियों से उपकरण लेती थीं। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे में यह पता लगाना जरूरी है कि किन-किन कंपनियों के उपकरण अस्पतालों में सप्लाई हुए और इन उपकरणों की गुणवत्ता की जांच किस लैब और संस्था ने की।

### करोड़ों में हुआ भुगतान

अधिकारियों ने बताया कि जिन फर्मों द्वारा अस्पतालों में चिकित्सा उपकरण सप्लाई किए गए हैं, उन्हें भुगतान करोड़ों में किया गया है। सभी छह अस्पतालों में उपकरणों की खपत अधिक होती है। ऐसे में सप्ताह में दो बार उपकरण सप्लाई किए जाते थे। एक बार सप्लाई किए गए उपकरण का भुगतान 25 से 30 लाख रुपये का प्रत्येक अस्पताल से हुआ है। इस तरह इन फर्मों को करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया है।

**सम्मान** *डॉ.वेद टंडन को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन ने किया सम्मानित*

# रामलीला मंचन को विस्तार देने में निभा रहे अहम भूमिका

**नई दिल्ली, 21 जनवरी (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के अध्यक्ष और शिक्षाविद डॉ. वेद टंडन को यूके स्थित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्था की ओर से अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। अयोध्या धाम में रामलीला महोत्सव के शुभ अवसर पर मंच पर अन्य पदाधिकारी अभिषेक कौशिक, मोहित शर्मा और प्रिया शर्मा के साथ सांसद मनोज तिवारी, प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता मनीष शर्मा और कई अन्य गणमान्य की उपस्थिति में डॉ. वेद टंडन को यह सम्मान दिया गया।**

बता दें कि डॉ. वेद टंडन कुरुक्षेत्र की जीआईईओ गीता के राष्ट्रीय शिक्षा संयोजक और अयोध्या की रामलीला के संरक्षक भी हैं। यहीं नहीं उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टीवी चैनलों के साथ-साथ दुनिया भर में मानव जाति के लिए राम-राज्य के मूल्यों और संदेशों को फैलाने की उनकी अथक यात्रा की मान्यता में उनका नाम अब गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। वे पिछले कई वर्षों से अयोध्या धाम सहित देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ



■ संस्था की ओर से अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव को प्रशंसा प्रमाणपत्र किया गया प्रदान

विदेशों में भी कई राज्यों में स्थित कई ऐतिहासिक स्थानों पर भव्य रामलीला मंचन कर रहे हैं।

इस अवसर पर डॉ. वेद टंडन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव को यह सम्मान न केवल भारत के बाल समुदाय को यह सम्मान मिला है, वास्तव में यह पूरे विश्व के बच्चों का सम्मान है। अपने संबोधन में डॉ. वेद टंडन ने इस सम्मान का श्रेय अपनी पत्नी डॉ. वंदना टंडन की कड़ी मेहनत, अथक, निस्वार्थ और निरंतर समर्थन को दिया, जो उनके सभी प्रयासों में उनके साथ खड़ी रहीं। इस दौरान डॉ. टंडन ने विशेष रूप से स्कूल के प्राचार्यों, समन्वयकों, प्रभारी कला और शिल्प शिक्षकों, समग्र निदेशक, सहायक निदेशक, थिएटर निर्देशक, संगीत निर्देशक, कोरियोग्राफर, मेक अप कलाकारों, लाइट्समैन, साउंडट्रैक कलाकारों के अमूल्य योगदान और समर्थन बताया। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों के पूरे दिल से निरंतर समर्थन का भी उल्लेख किया, जो उनकी ताकत का स्रोत हैं।

# पूर्वांचल मोर्चा ने स्वच्छ मंदिर तीर्थ अभियान का किया समापन



**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के अन्तिम दिन दिल्ली प्रदेश के विभिन्न जिलों, अनधिकृत बस्तियों, झुग्गियों, मुहल्लों, में स्थित छोटे छोटे मंदिरों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से संचालित अभियान पूर्ण हो गया। भाजपा राष्ट्रीय मिडिया सह प्रमुख संजय मयूख, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह की उपस्थिति में, दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी जी के नेतृत्व में नई दिल्ली जिले के शिव नारायण मंदिर साउथ एवेन्यू में इस अभियान को संपन्न किया गया। इस समापन स्वच्छता अभियान में अपनी बात रखते हुए संजय मयूख जी ने बताया कि दिल्ली में पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओ ने छोटे छोटे मंदिरों को चिन्हित कर जो ये पवित्र कार्य किया है वो विशेष सराहनीय है इसके लिए पूरी पूर्वांचल टीम को शुभकामना। बिहार के वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि दिल्ली में पूर्वांचली समाज की किसी भी सुख दुख में मेरा प्रयास रहेगा कि आपके साथ रहूं। सिंह ने भरोसा जताया कि दिल्ली पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा जिस गति से आम लोगो के बीच सक्रियता है आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में पूर्वांचल समाज का वोट इस बार मोदी सरकार और भाजपा के पक्ष में ही जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री संजय तिवारी ने भी सभी से मंदिरों को स्वच्छ रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी और बिहार भाजपा के मंत्री संतोष रंजन राय भी शामिल हुए। दिल्ली की 200 अनधिकृत कॉलोनियों, झुग्गियों के बीच स्थित छोटे मंदिरों में मोर्चा कार्यकर्ताओ और समाज के सहयोग से सीधे प्रसारण और भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4 ग्रेटर नौएडा सिटी,
जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS12 योजना के अन्तर्गत भवन संख्या 401TF, Block/Tower-5, Area-120.78 Sqmt. Sector-Omicrom-01, Allotment No.-BHS122260, Greater Noida, Sh. Adesh Jain S/o Sh. Ram Kumar Jain के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Sh. Adesh Jain S/o Sh. Ram Kumar Jain की मृत्यु दिनांक 03.05.2023 को हो गयी है। मृतक आवंटी की पत्नी Smt. Santosh Jain W/o Late Sh. Adesh Jain द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों/शपथ पत्रों/मृत्यु प्रमाण पत्र/वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर पूर्ण रूप से अपने नाम म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्वर्गीय Sh. Adesh Jain S/o Sh. Ram Kumar Jain के स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Santosh Jain S/o Late Sh. Adesh Jain R/o 124-A, Krishan Kunj Extn., Laxmi Nagar, Delhi-110092. का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश दिवस 2024 समारोह सकुशल आयोजित किया जाएगा। भव्य आयोजन को सकुशल संपन्न करने के लिए जनपद के समस्त विभाग अपने साथ जन सहयोगिता निश्चित करें। निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां, उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रम करना सुनिश्चित करें।

**मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**

## उप्र दिवस को लेकर प्राधिकरण, प्रशासन के अधिकारियों ने की बैठक, दिए दिशा निर्देश

### 24 से 26 जनवरी तक जनपद में आयोजित होगा 'उत्तर प्रदेश दिवस'





**नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस को लेकर रविवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण लोकेश एम. की अध्यक्षता में जनपद में 24-26 जनवरी तक नोएडा के शिल्प हॉट में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारी के संबंध में पुलिस प्रशासन, प्राधिकरण एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नोएडा के शिल्प हाट के परिसर में बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश दिवस 2024 समारोह सकुशल आयोजित किया जाएगा। भव्य आयोजन को सकुशल संपन्न करने के लिए जनपद के समस्त विभाग अपने साथ जन सहयोगिता निश्चित करें। निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां, उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रम करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, डिजिटल उत्तर प्रदेश साइबर सुरक्षा व उन्नत प्राकृतिक कृषि विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन साथ ही विभिन्न लाभार्थी परक योजना संबंधी विभाग अपनी अपनी योजनाओं के सफल लाभार्थियों तथा विशिष्ट प्रतिभाओं की सक्सेज कहानी को भी फोटो, फिल्म, ब्रोशर के माध्यम से प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग, नगरीय विकास विभाग, ग्राम विकास विभाग, विभिन्न वित्त विकास निगम अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने उद्यमियों व्यवसायी व स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनियों का आयोजन करेंगे। कृषि विभाग से नवीन कृषि तकनीक पर आधारित प्रदर्शनी के अतिरिक्त मिलेट्स मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न विभागों द्वारा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद की ऐसी विशिष्ट सफल प्रतिभाओं महानुभावों को चिन्हित कर रोजगार के अवसर तथा सम्मानित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अपनी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण तथा जनपद में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सभी विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एसीईओ नोएडा संजय कुमार खत्री, सतीश पाल, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन अग्रवाल, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनीषा अत्री, जिला उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर आदि मौजूद रहे।

## डॉग पार्क के संचालन और व्यवस्था के लिए प्राधिकरण जारी करेगा आरएफपी

**नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-137 में डॉग पार्क बना हुआ है। इसे 3 एकड़ में बनाया गया है। पार्क में डॉग के इलाज के लिए चिकित्सिक, पानी के पॉड को साफ करने के लिए उपकरण के अलावा कई अन्य कार्य किए जाने है। हाल ही में सीईओ लोकेश एम ने भी पार्क का दौरा किया था। ऐसे में पार्क से संचालन से लेकर सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के लिए प्राधिकरण आरएफपी जारी करने जा रही है। जिसके क्लाज को काफी सरल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले जो क्लाज थे उसके तहत कंपनियां नहीं आ रही थी। अब इसमें सरीकरण किया गया है। पार्क का संचालन करने वाली कंपनी के साथ 3 साल का अनुबंध होगा। ठीक लगने पर इसी अनुबंध को आगे बढ़ाया जाएगा। यहां बनी वॉटर बाडी में पानी भरा जाए और डॉग्स के खेलने के लिए उपकरण एवं हर्डल कोर्स बनाने के लिए निर्देशित किया। घूमने आने वाले डॉग के लिए पीने की पानी की व्यवस्था कराई जाए। डॉग पार्क की चारदिवारी पर थीम पेंटिंग कराई जाए। यहां आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाए। पॉड को फिल्टरेशन किया जाए। इस पार्क को बनवाने में 3.86 करोड़ रुपए खर्च किए गए है। संचालन करने वाली कंपनी इसी पार्क से अपना खर्चा निकालेगी। हालांकि उसे पार्क में विज्ञापन का राइट्स या कमर्शियल एक्टिविटी करने दिया जाएगा। इसके लिए मंथन किया जा रहा है।

### पार्क में डॉग्स के लिए ये है सुविधा

बड़े व छोटे डॉग के लिए अलग-अलग स्थान, डॉग के पीने के लिए वाटर फाउंटेन, डॉग शेल्टर, पार्क में आने वाले लोगों के लिए बैंच, वाटर पौंड, डॉग के स्थल के लिए रबर टाइल, डॉग वेस्ट डिस्पोजल स्टेशन, डॉग के लिए चिकित्सा सुविधा।

### तेलंगाना के बाद दूसरा है डॉग पार्क


देश का पहला प्रमाणित डॉग पार्क तेलंगाना में है। ग्रेटर हैदराबाद में नगर निगम ने इसे बनवाया था। यह पार्क 1.1 करोड़ रुपए की लागत से 1.3 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। हैदराबाद के पार्क में डाग्स की चिकित्सा संबंधी सेवाओं से लेकर जिम की भी सुविधा है लेकिन अब नोएडा में जो डॉग पार्क बनाया गया है वह अपने आप में एक अनोखा पार्क है।

## सार संक्षेप

### जिला अस्पताल में बंद रहेगी ओपीडी

**नोएडा।** जिला अस्पताल में सोमवार को ओपीडी नहीं होगी। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रदेश सरकार ने सोमवार को छुट्टी घोषित की है। आपातकालीन सेवाएं चलेंगी। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के फॉलोअप के लिए सुबह और शाम डॉक्टर राउंड लेंगे। मंगलवार से ओपीडी सुबह आठ बजे से दो बजे दोपहर तक होगी। अस्पताल परिसर में बने मंदिर में सुबह पूजा अर्चना और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### डीएलएफ मॉल ने साइक्लोथॉन से दिया स्वस्थ रहने का संदेश



**नोएडा।** डीएलएफ मॉल ने साइक्लोथॉन से दिया स्वस्थ रहने का संदेश डीएलएफ मॉल ने अपनी एक्टिव नोएडा पल के तहत रविवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में राइडर्स ने हिस्सा लिया और लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। डीएलएफ मॉल ने अपनी इस पहल को राइड विद प्राईड का नाम दिया है। इस दौरान रविवार सुबह 15 किलोमीटर लंबी साइकिल राइड का आयोजन किया गया जहां स्लो साइकिलिंग कंपटीशन भी हुआ। साइकिल राइडर्स ने स्लो साइकिलिंग करते हुए पूरे नोएडा को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। राइडर्स ने डीएलएफ मॉल से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होते हुए वापस डीएलएफ मॉल तक साइकलिंग की।

### पूर्व छात्र संस्थान की भावी सफलता का अहम हिस्सा : डॉ राजीव नाग



**नोएडा।** सेक्टर-1 स्थित बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान में पूर्व छात्र सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के 1999 से लेकर 2023 तक के बैच के पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में डॉ राजीव नाग, साबर क्यू कंसल्टिंग के चेयरमैन मुख्य अतिथि सुल्तान चंद प्रकाशन के मैनेजिंग पार्टनर गंगाधर चौधरी एवं पेस्टशील्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक विकास शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राध्यापक डॉ अरुण मित्तल ने सभी अतिथियों व पूर्व छात्रों का स्वागत किया। प्रोफेसर रचना प्रतीक ने संस्थान के निदेशक प्रोफ. एस एल गुप्ता की और से संस्थान की गतिविधियों से पूर्व छात्रों को अवगत करवाया। इस अवसर पर पूर्व छात्रों की सफलताओं एवं अनुभवों को समाहित करते हुए एक न्यूज़लेटर का विमोचन भी किया। संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने सभी पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच सञ्चालन एमबीए - ओशिन, सिल्वी वेंकटेश, रितिका, अभिनव आदि विद्यार्थियों ने किया। इस अवसर पर अरुण मित्तल, चारु वाही, संजय कुमार, मुंतहा अहमद, सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## जांच अभियान के दौरान मीटर में स्टोर मिली रीडिंग

**नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। विद्युत निगम ने बिजली मीटरों की जांच का अभियान चलाया। दो दिन जांच अभियान में खुलासा हुआ कि मीटरों में स्टोर रीडिंग मिली है। इसमें मीटर रीडरों की मिलीभगत की संभावना जताई जा रही है। वहीं, सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें एक व्यक्ति मशीन से मीटर की डिस्पले को खराब कर रहा है। बीते सप्ताह में विद्युत निगम के अधिकारी और मीटर रीडर बिलिंग कार्य को लेकर आमने-सामने आ गए थे। मीटर रीडर आरोप लगा रहे थे कि निगम अभियंता उनसे वसूली के लिए दवाब बना रहे हैं। वही अभियंताओं ने आरोप लगाया कि मीटर रीडर घर बैठकर बिल तैयार कर रहे हैं। उपभोक्ताओं के साथ मिलीभगत करके रीडिंग में गड़बड़ी कर रहे हैं। इसके बाद विद्युत निगम की संयुक्त टीम ने रबूपुरा क्षेत्र में जांच अभियान चलाने का निर्णय लिया। इसमें विद्युत निगम के अभियंताओं के साथ बिलिंग एजेंसी के सुपरवाजइर भी शामिल हुए। दो दिन के अभियान में 40 से अधिक उपभोक्ताओं के मीटरों में स्टोर रीडिंग मिली। निगम अभियंताओं ने बताया कि रबूपुरा क्षेत्र के मेहंदीपुर गांव के निवासी फरियाद के बिजली मीटर में साढ़े छह हजार रीडिंग स्टोर मिली। इसी तरह मीरा देवी के मीटर में करीब 12 सौ रीडिंग स्टोर मिली। फूल खां के मीटर में 48 सौ यूनिट स्टोर मिली। जुबैदा और नूर जहां के बिजली मीटर में 1500-1500 रीडिंग स्टोर मिली। गुड्डू के मीटर में करीब 15 सौ यूनिट स्टोर मिली। इसी तरह 40 से अधिक उपभोक्ताओं के मीटरों में स्टोर रीडिंग मिली है। विद्युत निगम आगे भी अभियान चलाया जाएगा। जांच अभियान टीम में अवर अभियंता पुष्पराज, कार्यकारी सहायक दीपक शर्मा, बिलिंग सुपरवाइजर ब्रिजेश नागर व लाइनमैन अन्नू शामिल रहे।

## रामाज्ञा एमयूएन 2024 सम्मेलन ने वैश्विक कूटनीति के लिए नए मानक स्थापित किए

**नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। रामाज्ञा स्कूल ने अपने इनोगुरल रामाज्ञा स्कूल मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) 2024 सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन किया। यह कार्यक्रम सकारात्मक रूप से समाप्त हुआ, जिससे युवाओं के मन को शांति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की

### 14 स्कूलों के 135 प्रतिनिधि ने लिया हिस्सा

भावना को बनाए रखने के महत्व का एहसास हुआ। इस दो दिवसीय मेगा-सम्मेलन ने एक मजबूत मॉडल यूनाइटेड नेशंस और छात्रों के बीच वाद-विवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक नया मानक स्थापित किया। इस सम्मेलन ने दुनिया भर के 84 देशों के प्रतिभागियों को समायोजित करने के लिए एक सहायक स्थान प्रदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार ज़क्का जैकब ने समारोह में शिरकत की। रामाज्ञा




स्कूल से एमयूएन की महासचिव रिद्धिमा सिंह ने एक गहन अनुभव के लिए मंच तैयार करते हुए विविध प्रतिनिधियों का स्वागत किया। जैकब ने लोगों को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महत्व पर प्रकाश डाला और छोटे देशों की संप्रभुता को बनाए रखने में इसकी भूमिका पर जोर दिया। अक्टूबर 2023 में इजरायल पर हमास के आतंकवादी हमले पर अपने विचार प्रकट करते हुए, जैकब ने इसके वैश्विक प्रभावों पर प्रकाश डाला और इसके आयामों की व्यापक समझ का आग्रह किया।<

जैकब के ज्ञानवर्धक व्याख्यान के बाद प्रतिनिधियों ने संबंधों को बढ़ावा दिया और आने वाले दिनों के लिए बौद्धिक रूप से तैयार हुए। रामाज्ञा एमयूएन 2024 न केवल एक सम्मेलन के रूप में बल्कि विविधता, संस्कृति और प्रभावशाली वैश्विक संभाषण को बढ़ावा देने वाले एक मंच के रूप में शुरू हुआ।

## राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के नेता ने की इस्कॉन मंदिर की गंगा जल से की सफाई



**गाजियाबाद,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी व वरिष्ठ ईएनटी सर्जन प्रोफेसर डॉ. बीपीएस त्यागी ने रविवार को राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर की गंगाजल से सफाई की। यह कदम उन्होंने स्थानीय सांसद व केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री रिटायर्ड जनरल वीके सिंह द्वारा इस्कॉन की विधि का पालन नहीं कर शुक्रवार को इस्कॉन मंदिर की सफाई करने से आक्रोशित होकर उठाया है। इस अवसर पर डॉ. त्यागी ने वीके सिंह से सवाल किया कि भाजपा की एक सांसद ने पिछले दिनों इस्कॉन को गाय कटवाने वाली संस्था बताया था। अब इस्कॉन मंदिर की सफाई करके वीके सिंह जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं? वह भी इस्कॉन विधि का उल्लंघन करके। साथ ही डॉ. त्यागी ने इस्कॉन के सदस्यता छोड़ने के सवाल पर कहा कि अपने गुरु जी के निर्देश के बाद उन्होंने अपना निर्णय वापस लिया है। इस्कॉन में कोई भी कार्य से पहले महामंत्र का जाप किया जाता है जो उन्होंने नहीं किया। एक तरह से उन्होंने इस्कॉन विधि का घोर अपमान किया है। उन्हें इसके लिए इस्कॉन और जनता से माफी मांगनी चाहिए।

बीपी त्यागी ने कहा कि अहम बात तो यह है कि सांसद 10 साल में पहली बार इस्कॉन मंदिर में सफ़ाई करने का नाटक करते है। इन्ही की एक पूर्व मंत्री

- **इस्कॉन विधि के खिलाफ जाकर वीके सिंह द्वारा मंदिर की सफाई करने से आक्रोशित हैं डॉ. बीपीएस त्यागी**
- **कई और सवालों पर घेरा केंद्रीय मंत्री को**

मेनका गांधी इस्कॉन को गाय को कटवाने वाली संस्था बताती है। उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद के लिए गौरव का पल शायद वह होता जब सांसद जनता के बीच में रहकर बिना लखनऊ फ़ोन करे यंहा चार हॉस्पिटल बनाते। हॉस्पिटल में मरीजों को सब सुविधाये मिलती। जच्चाबच्चा को समय से सुविधा मिलती। एम्बुलेंस समय से पहुँच कर मरीजों का इलाज समय से करवाती न की दिल्ली पहुंचाती, एम्बुलेंस में डिलीवरी के लिए मेल नर्स के बजाय फीमेल नर्स होती, तो कितना अछा होता।

## पिता की बेइजत्ती का बदला लेने के लिए चाकू से गोदा, फिर पैर बांधकर गांव में घसीटा



- **मौत होने के बाद चौकी में किया सरेंडर**
- **पुलिस कस्टडी से भागने के दौरान एनकाउंटर, पैर में लगी गोली**

**नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। दो युवकों ने बरौला में एक व्यक्ति को बेरहमी से पीटा। फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद उसके एक पैर को रस्सी से बांधकर बाइक से गांव में एक किलोमीटर तक घसीटा। इसके बाद उसे चौकी ले गए। वहां दोनों आरोपियों ने सरेंडर कर दिया। वारदात शनिवार रात की है। घायल व्यक्ति को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को जब पुलिस घटनास्थल पर ले जा रही थी, तो दोनों ने पुलिस टीम पर हमला करके भागने लगे। एनकाउंटर में पुलिस की गोली दोनों आरोपियों को लगी। दोनों आरोपियों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ की जा रही है। बाइक से बांधकर युवक को घसीटने का वीडियो भी सामने आया है।

वारदात नोएडा थाना-49 के बरौला गांव की की है। मृतक व्यक्ति का नाम मेहंदी हसन (35) है, जबकि आरोपियों की पहचान अनुज और उसके चचेरे भाई नितिन के रूप में हुई है। शनिवार रात करीब 9.55 बजे अनुज और नितिन बाइक से कहीं जा रहे थे। मेहंदी हसन भी उधर से पैदल गुजर रहा था। दोनों ने मेहंदी को रोक लिया। फिर उनकी मेहंदी से कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। आरोपियों ने मेहंदी को लात-घूसों से जमकर पीटा। उसे अधमरा कर दिया। इसके बाद उसके पेट में 10 बार चाकू से वार किए। दोनों यहीं नहीं रुके। उन्होंने मेहंदी हसन के पैर रस्सी से बांधे। इसके बाद बाइक से पूरे गांव में घसीटना शुरू कर दिया। चिल्लाते हुए आरोपियों ने 20 मिनट तक मेहंदी को घसीटा। इसके बाद गांव के बाहर बनी पुलिस चौकी में ले गए। वहां दोनों आरोपियों ने सरेंडर कर दिया।

## विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल ने श्री राम की जनजागरण यात्रा निकाली



**नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल द्वारा श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में नोएडा महानगर में जन-जागरण यात्रा निकाली गई। यह यात्रा प्रात: 11 बजे, नोएडा हाट सेक्टर 33 से प्रारंभ होकर निठारी, सेक्टर 18 अट्टा, सेक्टर 16, नया बांस, हरोला, चौड़ा मोड़, 12-22 तिराहा, शिव मंदिर, सेक्टर 22,रजत विहार, बिसनपुरा, चौकी 57, गिझोड़, नोएडा हाट सेक्टर 33 पर प्रसाद वितरण के बाद समाप्त हुई। इस यात्रा में श्री राम की झांकी का रथ, संगीत यंत्रों द्वारा श्री राम के भजन और श्री राम का जय गान करते हुए भजन मंडली आकर्षण का केंद्र रहे। बाइक और कारों में भगवा झंडे बांधे रामभक्त श्री राम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे और नोएडा का माहौल राममय होता जा रहा था। महानगर मंत्री दिनेश महावर ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य हमारे आराध्य श्री राम के प्रति जागरूकता लाना है, आज हर भारत वासी श्री राम के आदर्शों पर चलने की बात करता है। यात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्तों के साथ बाइक-कार से यात्रा में उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह, सह मंत्री प्रवेश द्विवेदी, संयोजक सुमित यादव, विभाग संयोजक ललित शर्मा, विभाग संगठन मंत्री राहुल जी, सह प्रचार प्रमुख राहुल और धर्म प्रसार प्रमुख राजीव शर्मा शामिल रहे।

## 5100 दीप, एलईडी, रंग बिरंगी लाइट, झंडे, व भव्य सजावट की व्यवस्था से शहर में रहेगा दिवाली का माहौल

### नगर निगम प्रशासन भी तैयारियों में जुटा





**गाजियाबाद,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। नगर प्रशासन भी 22 जनवरी के दिन को ऐतिहासिक बनाने में लगा है। सोमवार को 5100 दीप, एलईडी, रंग बिरंगी लाइट, झंडे, व भव्य सजावट की व्यवस्था से शहर में दिवाली का माहौल रहेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि कालका गाड़ी चौराहे से हापुड़ रोड होते हुए मुख्य मार्ग, नेहरू नगर होली चाइल्ड होते हुए मुख्य मार्ग, निगम के सभी कार्यालय प्रांगण, शहर के प्रमुख मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। नगर निगम के सभी विभाग के अधिकारी व्यवस्था में लगे हुए हैं निर्माण, उद्यान, स्वास्थ्य, प्रकाश, जलकल विभाग मुख्य रूप से शहर को मंदिर से सजाने में लगे हुए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर गाजियाबाद शहर को मंदिर से सजाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य मार्गो तथा चौराहों को रंग बिरंगी चुन्नट से सजाया गया है। मुख्य मंदिर पर शहीद स्थलों पर रंग बिरंगी लाइट लगवाई गई है क्योंकि 26 जनवरी भी आने वाली है उसको देखते हुए कई मार्गों पर तिरंगा लाइटिंग भी लगाई गई है। दूधेश्वर नाथ मंदिर व अन्य मुख्य धार्मिक स्थलों पर झंडे भी लगाए गए हैं, सीधा प्रसारण अयोध्या का शहर वासियों को देखने के लिए मिले इसके लिए 10 एलईडी की व्यवस्था भी कराई गई है।<

गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर 5100 दीपों से उत्सव मनाया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था भी की गई है। अयोध्या धाम मंदिर की प्रतिमा भी बनाई गई है। फूलमाला की व्यवस्था भी सजावट में की गई है।

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली गई शोभा यात्रा



**नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में होने जा रही भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले ईडब्ल्यूएस पॉकेट सात सेक्टर 82 में पॉकेट वासियों ने श्रीराम नाम यश गान शोभा यात्रा निकाली। इस यात्रा में राम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पॉकेट 7 के मंदिर से यह शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान एक रथ पर सवार हुए। ढोल नगाड़ों की थाप पर रामभक्त जमकर थिरके और जय सियाराम के नारों से पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। शोभा यात्रा पॉकेट 7, पॉकेट 12 घूमती हुई पुन: मंदिर परिसर पहुंची जहां पर सभी ने मिलकर सुंदर काण्ड का पाठ किया।

सुंदर काण्ड के उपरांत आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन समिति के सदस्य राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 22 जनवरी को मंदिर परिसर में प्रात: 9 बजे से सुंदर काण्ड का पाठ किया जाएगा तदोपरांत हवन यज्ञ किया जाएगा और प्रसाद वितरण होगा। सायं 6 बजे से सभी भक्तजन मंदिर पर एकत्रित होकर 11 दिए थाल में लेकर दीप यात्रा निकालेंगे जिसमें मैन गेट से लेकर पूरे पॉकेट व मंदिर परिसर को दीपों से जगमग किया जाएगा। इसके बाद भजन कीर्तन और आरती होगी।

भगवान राम हम सभी के चेतना के केंद्र हैं। उनका जीवन आदर्श है इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। वह तो सभी के हैं इसलिए उन्हें धर्म में बांटना ठीक नहीं है और न ही उनके नाम पर राजनीति होनी चाहिए। इस अवसर पर विश्वेंद्र कुमार शर्मा, सुशील पाल, संजय पांडे, गोरेलाल, देवमणि शुक्ला, देवेंद्र गुप्ता, रवि राघव, संतोष तिवारी, राजेश राघव, उत्तम चंद्रा, हंसमणि शुक्ला, संजय शुक्ला, रमेश गुप्ता, रमेश वर्मा, विजय जी, पंकज झा,विकास शर्मा, अंगद सिंह तोमर, सर्वेश तिवारी, बीरबल सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, दीपक तिवारी, रमेश चंद शर्मा, बीके भारद्वाज, रविंद्र कुमार, आरसी दास, संगम प्रसाद मिश्रा, अमितेश सिंह, बृज किशोर सहित सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जो नारा था, अंत्योदय कतर में खड़ा अंतिम व्यक्ति आगे की पंक्ति में आकर कैसा खड़ा हो उसको साकार करने के लिए मोदी सरकार काम कर रही है। उज्जवल उज्जवला गैस कनेक्शन योजना गांव में पहले माताएं बहने सुबह से लेकर शाम तक लड़कियां बिनती थी, फिर चूल्हा जलाकर खाना बनाती थी, आंखों में खराबी आ जाती थी फेफड़ों में दिक्कतें आने लगती थी उससे निजात दिलाने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। **गोपाल कृष्ण अग्रवाल राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा**

## अंसल गोल्फ लिंक-1 सोसायटी की सील इमारतों को खोलने की तैयारी

■ **व्यवसायिक गतिविधि न चलाने की शर्त की पर सील खोलेगा प्राधिकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। शहर की अंसल गोल्फ लिंक-1 सोसाइटी की इमारतों में लगी सील को खुलवाने की तैयारी शुरू हो गई है। संचालकों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र दिया है और सील खोलने की मांग की है। प्राधिकरण शपथ पत्र लेने के बाद ही सील खोलेगा।

शहर के सेक्टर ओमेगा-1 में अंसल गोल्फ लिंक-1 सोसाइटी है। इसमें सैकड़ों घर बने हुए हैं। इस सोसाइटी में व्यवसायिक गतिविधियां भी शुरू हो गई। इसकी शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से की गई। पिछले महीने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जिन इमारतों में व्यवसायिक गतिविधियां चल रही थीं, उनको सील कर दिया। प्राधिकरण ने करीब 27 इमारतों को सील किया था। जिन इमारतों को सील किया गया है, उनके मालिकों ने अब प्राधिकरण से संपर्क किया है। उन्होंने सील खोलने की मांग की है। प्राधिकरण अब सील खोलने की तैयारी कर रहा है। सील खोलने से पहले वह मालिकों से एक शपथ पत्र लगा, जिसमें उन्हें बताना होगा कि अब इस इमारत में व्यवसायिक गतिविधियां नहीं की जाएगी। शपथ पत्र लेने के बाद भी अगर वहां इस तरह की गतिविधियां पाई जाती हैं तो प्राधिकरण फिर कार्रवाई करेगा। इस बारे में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि कुछ लोगों ने संपर्क किया है। उन्होंने सील खोलने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

## महिला के चेहरे पर चाकू से हमला कर पति फरार

**दनकौर,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा की रहने वाली एक महिला पर उसके ही पति ने चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी पति फरार हो गया।



पीड़िता ने अपने स्वजनों के साथ मिलकर पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस द्वारा घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़िता दीपांशी का कहना है कि करीब पांच वर्ष पहले उसकी शादी सिकंदराबाद क्षेत्र के खैरपुर गांव में हुई थी। शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए आरोपी पति समेत अन्य ससुरालिजन प्रताड़ित करते रहते हैं। जब पीड़िता उनका विरोध करती है तो आरोपी मारपीट करते हैं। आप है कि रविवार की सुबह उसके पति ने ससुराल में ही की। इसके बाद बाइक पर बैठाकर पीड़िता को दनकौर कस्बा ले आया। आप है कि पीड़िता के घर पर लाकर आरोपी द्वारा चाकू से उसके चेहरे पर हमला किया गया। जिससे पीड़िता को चोट आई हैं। जब तक परिवार के अन्य लोग कुछ समझ पाते आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है की घायल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## भूमि अधिगृहण व विस्थापन को लेकर नीमका गांव में किसानों की पंचायत आयोजित



■ **नोएडा एयरपोर्ट के अन्य फेस की अधिग्रहण को लेकर किसान लामबंद**

**जेवर,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्थापन के लिए अधिसूचित किए गए चौदह गांवों के किसानों ने रविवार को नीमका गांव में पंचायत का आयोजन किया तथा एकजुटता के साथ भूमि अधिगृहण व विस्थापन को नामंजूर कर दिया।

ज्ञात हो कि निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिये स्टेज 2 फेज 2 व स्टेज 2 फेज 3 के भूमि अधिगृहण के लिए जेवर क्षेत्र के 14 गांव नीमका, खाजपुर, चौरोली, थोरा, पारोही, रन्हेरा, वनवारीवास, रामनेर, साबौता मुस्तफाबाद, शिवारा, दयानतपुर, किशोरपुर व जेवर बांगर आदि गांव की 2053 हे0 भूमि के अधिगृहण की प्रक्रिया जारी है। एसआईए की सर्वे के बाद की गई जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा भूमि अधिगृहण व विस्थापन का विरोध शुरू किया गया था। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा प्रत्येक रविवार को सिलसिलेवार निर्धारित गांव में पंचायत का आयोजन कर विरोध जताने की योजना बनाई थी तथा तभी से ग्रामीणों द्वारा प्रत्येक रविवार को पंचायत का आयोजन किया जाता है।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को नीमका गांव में आयोजित पंचायत की अध्यक्षता ठाकुर देशराज सिंह थोरा ने तथा संचालन हरेन्द्र चौधरी नीमका ने किया। इस मौके पर प्रभावित चौदह गांव के सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए भूमि अधिगृहण व विस्थापन से साफ इंकार कर दिया तथा अपने पुराने निर्णय पर कायम रहे। इस मौके पर रविन्द्र चौधरी, महेन्द्र सिंह, मास्टर किशनपाल सिंह, बृजपाल सिंह, नानक शर्मा, प्रमोद शर्मा, सोनू शर्मा, योगेश चौधरी, प्रवीन अत्री, तेजपाल मास्टर, अरविंद प्रधान, अनेन्द्र, विजयपाल सिंह, अशोक व धर्मपाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के रैली व राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की बैठक 22 जनवरी के ऐतिहासिक अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गौतमबुद्धनगर लोकसभा बुलंदशहर के सिकंदराबाद विधानसभा के चौले स्टेशन के शूटिंग रेंज मैदान पर 25 जनवरी ऐतिहासिक रैली होने को लेकर जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री बीजेन्द्र नागर रहे, बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की, संचालन जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सभी कार्यकर्ता




मंदिरों में भक्तों के साथ एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण एवं मंदिर कीर्तन में भाग लेंगे और उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक रैली होगी। जिसमें क्षेत्र के पांच लाख से अधिक लोग रैली में भाग लेंगे। जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि पांच सौ वर्ष का इंतजार कल ऐतिहासिक दिन के साथ खत्म हो रहा है। सभी देशवासी उत्सव के रूप में मना रहें हैं। हम सबको भी उत्सव में सम्मिलित होते हुए मंदिर कीर्तन में सभी कार्यकर्ता कार्यक्रमों में लगेंगे और उन्होंने कहा कि रैली में जिले 300 सौ बस और 1500 सौ गाड़ियों के साथ कार्यकर्ता रैली में जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिजेंद्र प्रमुख, जिला महामंत्री मनोज गर्ग, योगेश चौधरी, धर्मेन्द्र कोरी, जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा, सुनील भाटी, राहुल पंडित, पवन नागर, गुरुदेव भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, वीरेंद्र भाटी, विकास चौधरी, अनीता गौतम, राज नागर, अमित शर्मा, मनोज भाटी, जितेन्द्र भाटी, सचिन शर्मा, पंकज रावल, सतवीर भाटी, दिनेश भाटी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**ग्रेटर नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-36 में शिव मंदिर से कलश यात्रा आरंभ कर सेक्टर के सभी ब्लॉकों में होते हुए शिव मंदिर पर समाप्त हुई। कलश यात्रा में महिलाएं बच्चे व बुजुर्गों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान जय श्री राम के नारे की गूंज के साथ लोग यात्रा से जुड़ते गए। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। सेक्टर-36 के अध्यक्ष सूरत नागर एवं उपाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया सेक्टर-36 के शिव मंदिर पर 2 बजे से सुंदरकांड होगा एवं 22 जनवरी को सुबह हवन एवं रामचरित्र मानस का पाठ किया जाएगा। अयोध्या राम मंदिर का लाइव प्रसारण स्क्रीन पर चलाया जाएगा, जिसमें सभी भक्तजन उपस्थित होकर अयोध्या का मंचन का लाइव प्रसारण देखेंगे एवं भंडार का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश भाटी, बलराज हूंण, ज्ञानेंद्र भाटी, विपिन नागर, गजराज हूण, कैलाश सिंह, अनुज उपाध्याय, संजीत कुमार, बसंत राजकुमार, ठाकुर मोहित भाटी, सुजीत तिवारी, प्रमोद ठाकुर, सुधीर त्रिपाठी, संजय सुदर्शन, तोगड़, अंजू नागर, प्रीति नागर, अंजलि आदि सैकड़ो महिला बच्चे ने जय श्री राम के नारे के साथ सेक्टर वासियों ने डीजे की धुन पर खूब झूमें।



## स्वागत के लिए सजे मंदिर व बाजार, राम के आने का इंतजार

**जेवर,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। पांच सौ वर्ष के वनवास के बाद सोमवार को भगवान श्रीराम अयोध्या धाम में अपने घर में वापिसी करेंगे। इस मौके पर देशभर में सनातनियों व रामभक्तों द्वारा घर घर में द्वीप प्रज्वलित कर दीवाली के रूप में मनाया जाएगा। जेवर क्षेत्र में श्रीराम भगवान के आगमन के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। मंदिरों की साफ सफाई के बाद सजावट की गई है वही बाजार व मुख्य चौराहे को दुल्हन की तरह सजाया गया है। क्षेत्र में मंदिरों पर अखंड रामायण पाठ व सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। टप्पल रोड स्थित आर आर साइट के भी भगवान के आगमन को खास बनाने की तैयारी की गई है तथा सोमवार को आर आर साइट के सभी गांव में डीजे के साथ राम बारात निकाली जाएगी।

संघ व भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा दिन को विशेष रूप से मनाने के लिए कस्बा स्थित बाई जी मंदिर पर लड्डू तैयार कराकर नगर के सभी मंदिरों पर प्रसाद वितरण के लिए भेजे है। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आगमन के लिए नगर की साफ सफाई कराकर खंभों पर व मुख्य स्थानों पर रंग बिरंगी लाइट लगाई है। रामभक्त व भाजपा कार्यकर्ता संजय पराशर व संघ कार्यकर्ता गौरव अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर मैन चौराहा जेवर पर बड़ी स्क्रीन (18 फुट चौड़ी 12 फुट लम्बी) द्वारा लाइव



टेलीकास्ट अयोध्या जी से सीधा दिखाया जाएगा एवं श्री अयोध्या धाम से नगर में आये सेल्फी पाइंट को भी प्रात: 9 बजे से 1 बजे तक मैन चौराहे पर लगाया जाएगा जिसमें सभी रामभक्त सपरिवार अपनी-अपनी सेल्फी ले सकेंगे। दोपहर एक बजे भगवान श्री राम की आरती के पश्चात श्री बांकेबिहारी मण्डल एवं श्री राधावल्लभ हरिवंश द्वारा श्री राम रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसका शुभारंभ श्री दुर्गा शक्ति मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर वाली गली से एवं श्री राधावल्लभ बाई जी से प्रारम्भ होकर मैन चौराहे पर कार्यक्रम स्थल पर दोनों यात्रायें एक साथ मैन बाजार से टप्पल रोड होते हुये मैन चौराहे पर पहुंचेगी। जिसमें सभी धर्म प्रेमियों से सोमवार को सुबह 9 बजे मैन चौराहे पर सपरिवारआमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी नगरवासियों व कार्यकर्ताओं द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को सुन्दरकांड पाठ सुबह 9 बजे, लाइव प्रसारण 11 बजे, श्री राम आरती दोपहर 01 बजे, शोभायात्रा दोपहर सवा बजे, मैन चौराहे पर सुन्दरकांड श्री सुन्दरकांड मण्डली द्वारा होगा एवं श्री शान्तिपुर वेश नामहट केन्द्र द्वारा श्री हरि कीर्तन अयोजिय किया जाएगा।

## दो कारों की भिड़ंत में एक ही परिवार के छह लोग घायल

**दनकौर,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। दनकरौ कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कस्बा के नजदीक रविवार की सुबह दो कारें आमने-सामने से टकरा गईं। हादसे में दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गईं और एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। घायलों को बिलासपुर कस्बा के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है जहां सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के तिल बेगमपुर गांव के रहने वाले हाजी सगीर रविवार की सुबह अपने परिवार के पांच अन्य लोगों के साथ आल्टो कार में सवार होकर बिलासपुर से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे। जब उनकी कार दनकौर सिकंदराबाद रोड पर बिलासपुर कस्बे के नजदीक पहुंची तभी सामने से बगैर नंबर प्लेट की तेज रफ्तार अनियंत्रित अन्य आल्टो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दौरान हाजी सगीर, उनकी पत्नी मुन्नी, बेटा रिजवान, इरशाद, आजाद और नाती अजहर को चोटें आईं जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर के निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त वाहनों को मुख्य सड़क से हटाया गया जिससे कि यातायात सुचारू हो सके। पुलिस का कहना है कि सभी घायलों की हालत सामान्य है।



## एटीएस डॉलसे अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। एक तरफ जहां अयोध्या रामलीला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी वहीं दूसरी तरफ देश भर में भजन कीर्तन, रामायण पाठ किए जा रहे हैं। एटीएस डॉलसे सीनियर एवं महिला समूह के सहयोग से रविवार को ग्रेटर नोएडा सेक्टर जीटा 1 एटीएस डॉलसे सोसाइटी में अखंड पाठ का आयोजन शुरू किया गया। अखंड पाठ में समिति की सभी महिला



पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अखंड रामायण पाठ सोमवार सुबह 11 बजे तक चलेगा। उसके बाद जब अयोध्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रामलीला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा, उसके बाद एटीएस डॉलसे सोसाइटी में भंडारे का आयोजन का किया जाएगा। समिति के क्लब हाउस में सुबह 9 बजे हवन पूजा के साथ अखंड पाठ शुरू हो गया। रात भर सभी अपनी बारी से महिला एवं पुरुषों ने अखंड पाठ किया। अखंड पाठ कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि रात भर अखंड पाठ चलेगा। उसके बाद 22 जनवरी दोपहर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के पश्चात यहां प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सैकड़ो निवासी मौजूद रहे। इससे पहले भी सोसाइटी में सभी निवासियों ने मिलकर नवरात्रों पर एवं दशहरा पर कार्यक्रम किया था जिसमें सोसाइटी में स्क्रीन लगाकर बच्चों को दशहरा के मौके पर रामायण दिखाई गई थी। 14 जनवरी को सोसाइटी में महिलाओं ने शोभा यात्रा धूमधाम से निकली थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सरकार की योजनाओं के प्रति किया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा दनकौर क्षेत्र के लखीमपुर बांगर एवं मुंजी खेड़ा गांव में पहुंची, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी रहे। इस मौके पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा ने कहा कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जो नारा था, अंत्योदय कतर में खड़ा अंतिम व्यक्ति आगे की पंक्ति में आकर कैसा खड़ा हो उसको साकार करने के लिए मोदी सरकार काम कर रही है। उज्जवल उज्जवला गैस कनेक्शन योजना गांव में पहले माताएं बहने सुबह से लेकर शाम तक लड़कियां बिनती थी, फिर चूल्हा जलाकर खाना बनाती थी, आंखों में खराबी आ जाती थी फेफड़ों में दिक्कतें आने लगती थी उससे निजात दिलाने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। उज्जवला गैस योजना के माध्यम से चोला देने का आयुष्मान कार्ड आजादी के बाद यह एक पहली ऐसी सरकार है। 500000 तक का मुफ्त में इलाज होगा पहले गांव में माताएं बहने अपने गहने एवं जमीन गिरवी रख का इलाज करते थे, लेकिन केंद्र की




मोदी सरकार ने पांच हजार तक का आयुष्मान कार्ड से ना निजात दिलाने के लिए आयुष्मान कार्ड दिया गया है। पेंशन योजना विकलांग पेंशन वृद्धा पेंशन मुद्रा योजना प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जब 50 से 80 प्रतिशत तक दवाइयां सस्ती मिलती हैं। देश के अंदर ऐसी बहुत सारी जन कल्याणकारी योजना देश के अंदर चल रही है जो सीधा-सीधा लाभ गरीब सो इस वंचितों के लिए हो रहा है करोड़ों कल में देश के अंदर एक महामारी आई कोरोना कल उसकी चिंता नरेंद्र मोदी सरकार ने की 80 करोड़ लोगों तक राशन की व्यवस्था की गई ।र वह 2028 तक ऐसी योजना लागू रहेगी राशन फ्री मिले किसान सम्मन निधि की बात हो किसान क्रेडिट कार्ड की बात हो। प्रधानमंत्री आवास योजना की बात हो ऐसे की पूर्व की सरकारों ने कभी ऐसी योजना नहीं लाई जो नरेंद्र मोदी सरकार ने ऐसी योजना लाई है। इस मौके पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, सुशील शर्मा, मंडल अध्यक्ष शारदा शर्मा, जोगिंदर खटाना, लक्ष्य गुप्ता, किरणपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बारात चढ़त के दौरान मारपीट, मुकदमा दर्ज

**रबूपुरा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शादी समारोह के दौरान बाराती पक्ष के साथ मारपीट व पथराव हुआ। जिसमें कई लोग घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस अनुसार शनिवार की शाम गांव निवासी हरिलाल की बेटी की बारात आई थी। रात्रि करीब 10 बजे बारात चढ़त के दौरान गांव के ही आधा दर्जन से अधिक युवक बारात मे आकर गाली गलौज करने लगे। जब लड़की पक्ष ने विरोध किया तो आरोपियों ने बारातियों से मारपीट करते हुए पथराव कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पथराव में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है पीड़ित की शिकायत पर गांव के ही विशाल, गौरव, मुकेश, पवन व संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## गणतंत्र दिवस की रिहर्सल परेड में छात्रा स्वाति व प्रिया झा ने रक्षामंत्री को दी सलामी

**ग्रेटर नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। एनसीसी निदेशालय दिल्ली में गत एक महीने से गणतंत्र दिवस की तैयारियां चल रही। गणतंत्र दिवस के रिहर्सल कैंप में पूरे भारत से 2270 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। जिसमें 900 बालिका कैडेट भी भाग ले रही हैं। इनमें से गलगोटियास विश्वविद्यालय की छात्रा स्वाति कुमारी और प्रिया झा का चयन मुख्य अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर देने के लिये किया गया है।८

परेड के रिहर्सल के दौरान ये दोनों छात्राएं अभी तक मुख्य अतिथियों के रूप में पहुंचने वाले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी की अगुवाई कर उनको सलमी दे चुकी हैं। 20 जनवरी 2024 को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जब गणतंत्र दिवस की परेड का रिहर्सल देखने वहां पर पहुंचे तो स्वाति कुमारी और प्रिया झा ने उनको भी गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सलामी दी। वहीं पर



दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में उत्तर प्रदेश के ग्रुपडांस को परेड में प्रदर्शन के लिए उत्कृष्ट स्थान मिला है। इसमें भी गलगोटियास विश्वविद्यालय की छात्रा अपर्णा शर्मा को चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय की ही एक और अंगिरा राज को कार्यक्रमों के मंच संचालन की जिम्मेदारी मिली है। इन सभी छात्राओं ने अपनी राष्ट्र भक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर अपनी महान प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन करके अपने गलगोटियास विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## एनसीसी के 75वें स्थापना वर्ष पर मेगा साइक्लोथॉन टीम का स्वागत



■ **कन्याकुमारी से चलकर ग्रेटर नोएडा पहुंचने पर टी का ग्रुप कमांडर ने की अगवानी**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गाजियाबाद के ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर सलभ सोनल ने शारदा विवि के प्रागण में मेगा साईक्लोथॉन एनसीसी बालिका वर्ग के कैडिटो का स्वागत किया। मेगा साईक्लोथान एनसीसी के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर एनसीसी बालिका वर्ग के कैडिटो द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें दो टीमों ने हिस्सा लिया। एक टीम का नेतृत्व गुवाहाटी के कर्नल अंजन सेन गुप्ता, जो 22 दिसम्बर 2023 को गुवाहाटी से चलते हुए आसाम, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं उ.प्र. के रास्ते एवं दूसरी टीम का नेतृत्व कन्याकुमारी के बिग्रेडियर एन.एस. चरग, कर्नल वी.एम.सिंह के द्वारा किया गया जो 22 दिसम्बर 2023 को कन्याकुमारी से चलते हुए मैगालॉर, गोवा, पुणे, अहमदाबाद, अजमेर, जयपुर एवं उ.प्र. के रास्ते 2107 कि.मी. की दूरी तय करते हुए 28 जनवरी 2024 को नई दिल्ली पहुंचकर अपनी यावा पूरी करेगी। एनसीसी निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के अपर महानिदेशक मेजर जनरल विकम कुमार द्वारा स्वयं सम्मिलत होकर मैगा साइक्लोथॉन की टीम के कैडिटो का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हरियाणा निवासी मीनाक्षी जोकि इंडियन कैंप ऑफसाइक्लिंग और साईकिलंग फेडरेशन आफ इण्डिया की सदस्य, एक अन्तरराष्ट्रीय साईकिल चालक, बर्मिघर में आयोजित राष्ट्रमण्डल खले 2002, 10 किलोमीटर एवं 03 किलोमीटर साइकिलंग प्रतियोगिताओं के लिए 37 राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग कर 2 स्वर्ण पदक विजेता तथा आगामी एशियाई चैम्पियनशिप 2024 में भाग लेने हेतु चयनित प्रतिभागी भी उपस्थित रहीं।

इस मेगा साइक्लोथॉन के दौरान कैडिटस ने कई दुर्गम स्थानों एवं कड़कती ठण्ड, कोहरे का हौसले के साथ सामना किया और आगे बढ़ते हुए इस साईक्लोथॉन को सफ्ल बनाया। टीम का भव्य स्वागत के साथ ही नारी सशक्तिकरण पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किया गया।

## सेक्टर के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में विघ्न डालने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा,** 21 जनवरी(देशबन्धु)। सेक्टर पी-4 के प्राचीन शिव मंदिर में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रहे कार्यक्रम में श्री राम दरबार की स्थापना की सेक्टर निवासी बहुत ही धूमधाम से तैयारी कर रहे थे। शुक्रवार सुबह कुछ भक्तजन मूर्ति स्थापना के किए चौकी बनवा रहे थे, लोगों का आरोप है कि तभी हरेंद्र नागर नाम का व्यक्ति जो अपने आप को हिस्ट्रीशीटर बताता है वह आया और उसने वहां पर जो काम करवा रहे (पति-पत्नी) के साथ गाली-गलौज की और धक्का-मुक्की करके काम को रूकवाया और मेटेरियल को तितर-बितर कर दिया। जिस को लेकर 112 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया गया था और पुलिस को सारी बात बताई गई, जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट बीटा-2 थाना में दर्ज कराई गई है। लोगों का कहना है कि अभी तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई है और अभी भी काम रूका हुआ है। पुलिस ने मंदिर के मुद्दे से हटा कर इस को आपसी झगड़ा बता दिया है। जिससे सेक्टर निवासियों में श्री राम लला की आस्था को लेकर ठेस पहुंची है। और वहां पर ये आयें दिन किसी न किसी से मारपीट करता रहता है। कुछ दिन पहले भी इसने मंदिर में बना रहे एक छोटे से रुम के काम को भी रूकवा दिया था।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 22 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## समावेशी संस्कृति को पुर्नस्थापित करें श्रीराम!

अनेक कानूनी, सामाजिक और राजनैतिक विवादों से गुजरकर अयोध्या में बने राममंदिर में सोमवार को रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहने को तो इसके 'प्रतीकात्मक जजमान' होंगे, लेकिन किसी को भी शंका नहीं कि वे ही मुख्य अतिथि रहेंगे- सर्वेसर्वा भी। अरसों और बरसों की प्रतीक्षा के पश्चात जब रामजी अपनी जन्मभूमि पर प्रतिष्ठित हो चुके हैं तो उम्मीद की जाये कि देश इस विवाद से जुड़ी तमाम कटुताओं को भुलाकर उस समन्वय और सामाजिक सौहार्द्र का निर्माण करेगा जो श्रीरामचंद्र के ईश्वरीय और मिथकीय आख्यानों में व्याख्यायित है; और जो उनके जीवन के संदेश का मर्म भी है।

यह आस्था का विषय है, इसलिये इसे राजनैतिक विषय न बनने दिया जाये- यह भारत का सामूहिक प्रयास होना चाहिये। हालांकि इसकी गुंजाईश बहुत कम दिखती है क्योंकि लोगों के सामने अब साफ है कि जिस जल्दबाजी में इसका निर्माण किया गया है और जिस भव्यता के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की जा रही है, उसका सियासी सम्बन्ध 2024 के लोकसभा चुनाव से जाकर जुड़ता है। पूरे देश को भारतीय जनता पार्टी और उसकी मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता जैसा राममय बना रहे हैं, वह इस बात को साबित करने के लिये काफी है।

उल्लेखनीय है कि तकरीबन पांच दशक पहले भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाले बाबर के एक सेनापति मीर बाकी के बारे में कहा जाता है कि उसने यहां बना राममंदिर ढहा दिया और वहां बाबरी मस्जिद स्थापित कर दी। यह भी प्रचलित है कि रामजन्मभूमि मंदिर को हिन्दुओं द्वारा वापस लिये जाने हेतु कई संघर्ष हुए। उनके विस्तार में गये बगैर इस विवाद के हालिया सन्दर्भों को ही लिया जाये, तो देश की स्मृति से यह विलुप्त नहीं हुआ है कि 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा लाये गये मंडल कमीशन की काट में भाजपा ने अयोध्या का रूख किया। उसके वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से रथ यात्रा निकाली थी जिसे बिहार में तब के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने साम्प्रदायिक माहौल खराब होने के अंदेशे में रोक दिया। आडवाणी, यात्रा के संचालक प्रमोद महाजन आदि को गिरफ्तार कर लिया गया था। यह अलग बात है कि इसका लाभ अंततोगत्वा भाजपा को ही मिला। पूरे देश में इसके चलते हुए साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण ने सामाजिक ताने-बाने को तार-तार कर दिया। रामजन्मभूमि आंदोलन की नींव पड़ी जिसकी कमान विश्व हिन्दू परिषद ने अपने हाथों में ले ली। इसकी परिणति 6 दिसम्बर, 1992 को इस रूप में देखने को मिली कि कारसेवकों के बड़े व अनियंत्रित हुजूम ने तीन गुम्बदों वाली ऐतिहासिक मस्जिद को ढहा दिया। मुस्लिमों के लिये यह मस्जिद का 'शहीदी दिवस' है तो कट्टर हिन्दुओं के लिये 'शौर्य दिवस'। जो भी हो, उसके बाद सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक तौर पर भारत वैसा नहीं रह गया जैसा इस घटना के पहले था। तो भी इसके चलते पहली सियासी सफलता भाजपा को 1996 में मिली जब भाजपा के ही एक अन्य बड़े नेता अटल बिहारी वाजपेयी पहले 13 दिन, दूसरी बार 13 माह और अंतत: 1998 में पूरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री बने। बहुमत के अभाव में वाजपेयी ने सामंजस्यपूर्ण तरीके से गठजोड़ की सरकारें चलाईं। उन्होंने 2004 का चुनाव भी शाइनिंग इंडिया के नाम पर लड़ा, न कि हिन्दुत्व के नारे पर। नारा नाकाम रहा, कांग्रेस के नेतृत्व में गठित संयुक्त प्रगतिशील मोर्चे ने चुनाव जीता और डॉ. मनमोहन सिंह ने पीएम के रूप में दो सफल सरकारें चलाईं। तत्पश्चात भारत की राजनीति में नरेन्द्र मोदी नामक फिनोमिना का उदय होता है जो पीएम पद के नैसर्गिक व अपेक्षित दावेदारों को पीछे छोड़कर उम्मीदवार बन बैठते हैं। हालांकि वे हिन्दुत्व के मुद्दे को झोली में छिपाये रहे और शोकेस किया गुजरात मॉडल को। यह अलग बात है कि जल्दी ही मोदी के विकास मॉडल की पोल खुलने लगी और लोगों को पता चल गया कि मोदी का सत्ता का फार्मूला विकास नहीं बल्कि सामाजिक ध्रुवीकरण है, जिसे वे अपने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते सफलतापूर्वक आजमा चुके हैं और लागू करके आये थे। उनकी योजनाएं तो एक के बाद एक नाकाम होती चली गयीं, उल्टे समाज में ध्रुवीकरण बढ़ चला। इसलिये आजाद भारत ने अपना सबसे बुरा वक्त देखा जिसमें लोगों की बदहाली, उनका उत्पीड़न, काले कानूनों का क्रियान्वयन, सरकार की संवादहीनता व निष्ठुरता, निरंकुशता, प्रतिरोध का दमन, पूंजीवाद का लोगों के पैसों पर पोषण आदि सारा कुछ सामने आया। इसके बावजूद 2019 का चुनाव मोदी पुलवामा के मुद्दे पर जीत गये। 2024 तक अपनी कमजोर स्थिति का पूर्वानुमान उन्हें हो गया था, इसलिये आनन-फानन में राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट से फैसला पाया गया।

बहरहाल, राममंदिर बन जाने के बाद अब किसी भी पक्ष को असंतोष नहीं होना चाहिये। पौराणिक, साहित्यिक तथा लोकजीवन में स्थापित राम की प्रतिष्ठा, गौरव और ख्याति के अनुरूप समाज आचरण करे। राजनीति को धार्मिक तौर-तरीकों से चलाने के हिमायतियों को साबित करना होगा कि वे समाज को नैतिक मूल्यों व मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाने वाले राम के आदर्शों पर अग्रसर करना चाहते हैं- पर इसके लिये पहले उन्हें स्वयं ही उदाहरण बनना होगा। वैसे अब तक का ट्रैक रिकार्ड कहता है, और इसका स्पष्ट आभास भी हो रहा है कि देश को राममय बनाने में जी-जान से जुटे राजनैतिक दलों का उद्देश्य राम के मूल्यों को समाज में स्थापित करना नहीं है वरन उनका लक्ष्य यह है कि रामजी की नैया पर सवार होकर वे आने वाले लोकसभा चुनाव की वैतरणी को पार करें। उनका राजनैतिक उपयोग किसी के भी द्वारा न होने पाये- अब यह भारतीयों को देखना होगा।

# कांग्रेस की बात कार्यकर्ता ही घर-घर पहुंचा सकता है, मीडिया नहीं!

चीन का आतंक और दबदबा कितना है यह इस बात से समझा जा सकता है कि उसके हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान और ईरान दोनों के बमवर्षक विमान शांत होकर चुपचाप घर बैठ गए। वही चीन जिसने हमारे बीस जवानों को शहीद कर दिया था और उसके बाद हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि न कोई आया था और न आया है। वही चीन जो लद्दाख और अरुणाचल दोनों जगह आंख गढ़ाए हुए है। और उसी चीन को चुनौती देते हुए पहले राहुल लद्दाख गए थे और अब अरुणाचल।

राहुल हर वह बाधा तोड़ रहे हैं जिसके लिए कहा जाता था ऐसा नहीं हो सकता! ऐसा कौन कर सकता है? मणिपुर जिसका आज रविवार को जब यह लिख रहे हैं राज्य स्थापना दिवस है और प्रधानमंत्री ने इसके लिए वहां के निवासियों को बधाई दी है मगर वहां हो क्या रहा है यह देखने अभी तक नहीं गए। करीब 9 महीने हो रहे हैं मणिपुर को भयानक हिंसा की आग में जलते हुए मगर प्रधानमंत्री वहां नहीं जाते। विदेश जाते हैं। देश में जगह-जगह घूमते हैं मगर मणिपुर नहीं जाते।

लेकिन राहुल पिछले साल जून में भी वहां गए। और सच यह है कि देश को और दुनिया को भी पहली बार तब ही मालूम हुआ कि मणिपुर में किस तरह लोग दो हिस्सों में बांट दिए गए हैं। शव पड़े हैं जिनका अंतिम संस्कार नहीं हो पा रहा है। पुलिस प्रशासन सब दो हिस्सों में बंट गए हैं। कोई सुरक्षित नहीं है। मगर फिर भी प्रधानमंत्री ने उसे पूरी तरह उपेक्षित कर रखा है।

मगर राहुल फिर वहां गए। और इस बार अपनी दूसरी यात्रा शुरू करने के लिए। राहुल आम तौर पर व्यवस्था के मामलों में बोलते नहीं हैं। मगर जब इस दूसरी यात्रा पूर्व से पश्चिम की तैयारियां हो रही थीं तो राहुल ने कहा अगर पूर्व से निकालना है तो मणिपुर से निकालना है। मणिपुर की स्थिति बहुत खराब है और वहां के लोगों को देश के साथ की बहुत जरूरत है। ऐसे ही राहुल ने श्रीनगर पैदल जाने का अपना संकल्प बताते हुए कहा था। उन्हें जम्मू से आगे पैदल जाने नहीं दिया जा रहा था। उनकी सुरक्षा भी वापस ले ली गई थी। मगर राहुल डटे रहे। सोनिया गांधी कहती हैं जिद्दी है। और वही जिद वे देश की एकता और अखंडता के लिए कश्मीर लद्दाख से लेकर मणिपुर अरुणाचल तक दिखाते हैं। लाल चौक जाने से मना किया। मगर राहुल ने भारी बर्फबारी के बीच वहां जाकर तिरंगा लहराया।

राहुल यह सब कर रहे हैं। आम जनता के साथ हर मौके पर अपनी एकजुटता बता रहे हैं। कोरोना में जब कोई घर से नहीं निकल रहा था। मगर मजदूरों को शहर से निकालकर अपने गांव पैदल जाने पर मजबूर कर दिया गया था तब राहुल उनके साथ सड़क पर थे। प्रियंका गांधी ने यूपी में उनके लिए राजस्थान से सैकड़ों बसें मंगवाकर रखी थीं। ताकि वृद्ध, बच्चे, महिलाओं को रात-दिन पैदल नहीं चलना पड़े। मगर यूपी सरकार उन बसों के कागज और फिटनेस चेक करने लगी। और उसने एक मजदूर भी बस में नहीं बैठने दिया। मगर यह सारी सच्चाइयां लोगों के पास जाने से रोक दी गईं। मजदूरों को पैदल चलने से बचाने के लिए लाई गई बसों की जांच तो इतनी बारीकी से कर ली मगर उसके बाद फिर कभी बसों की जांच किए जाने की खबर कहीं नहीं दिखी।



शकील अख्तर

> राहुल हर वह बाधा तोड़ रहे हैं जिसके लिए कहा जाता था ऐसा नहीं हो सकता! ऐसा कौन कर सकता है? मणिपुर जिसका आज रविवार को जब यह लिख रहे हैं राज्य स्थापना दिवस है और प्रधानमंत्री ने इसके लिए वहां के निवासियों को बधाई दी है मगर वहां हो क्या रहा है यह देखने अभी तक नहीं गए। करीब 9 महीने हो रहे हैं मणिपुर को भयानक हिंसा की आग में जलते हुए मगर प्रधानमंत्री वहां नहीं जाते।

मीडिया यह सब सवाल उठाता नहीं है। वह तो प्रियंका द्वारा मंगाई गई बसों की हवा चेक करता रहा। इसमें कम है तो नहीं चल सकती और इसमें ज्यादा है तो नहीं चल सकती। यूपी सरकार ने अपने अफसरों से जांच जरूर करवाई मगर उसकी जरूरत नहीं थी। मीडिया खुद बड़े उत्साह के साथ मैकेनिक बन गया था। और वह हवा, हेडलाइट, हार्न चेक कर करके सब बसों को फेल और फ्राड घोषित कर रहा था।

यही मीडिया का रूप है। श्रीराम मंदिर से ज्यादा वह प्रधानमंत्री मोदी को दिखा रहा है। मोदी का महिमा मंडन इतना ज्यादा है कि बाकी कोई चीज दिखाई नहीं दे रही है। यही मीडिया मैनेजमेंट है। और इसके सहारे मोदी तीसरी बार लोकसभा चुनाव में जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी कभी भी चुनाव की घोषणा करवा सकते हैं। वे केवल इसी एक मुद्दे पर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

अब यहीं पर यह सवाल है कि क्या कांग्रेस या इन्डिया गठबंधन अपने जनता से जुड़े सवालों को लोगों तक पहुंचा पाएगी? मीडिया साथ देना तो दूर की बात है। खुला विरोध करेगा। दस साल से कर ही रहा है। और सच यह है कि दस साल से नहीं उससे पहले से। 2012 से मीडिया पूरी तरह कांग्रेस-विरोधी हो गया था। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी मगर फिर भी कांग्रेस मीडिया को सही खबरें दिखाने के रास्ते पर नहीं ला पाई। आज कोई सोच सकता है कि मुख्य धारा का मीडिया किसी झूठ को, नफरत और विभाजन को रोक सकता है। उसे जो भी कहा जाएगा दिखाएगा। और कहे से ज्यादा दिखाएगा। अपनी वफादारी सिद्ध करने के लिए वह बिना धज्जी के सांप बना देगा या बना रहा है। और बिना आग के धुंआ पैदा कर रहा है।

ऐसे में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को सबसे ज्यादा सोचने की यह बात है कि वह लोगों तक अपनी बात कैसे पहुंचाए। जब मीडिया होस्टाइल (विरोधी) होता है तो राजनीतिक दलों के पास अपनी बात पहुंचाने का एक ही माध्यम होता है। -कार्यकर्ता। आजादी के आन्दोलन में भी मीडिया अंग्रेजों के साथ था। उस समय भी आंदोलन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस ने अपनी बात कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही घर-घर पहुंचाई थी। आजादी के बाद भी कई उदाहरण रहे। एक लेफ्ट का जिसका मीडिया हमेशा से विरोधी रहा है। शत्रुता की हद तक। दूसरा लालू यादव का जिनका विरोध करने से लेकर मजाक उड़ाने में मीडिया कोई सीमा नहीं रखता है। हर गंदे से गंदा मजाक उनके लिए किया गया। तीसरा मायावती का जिनसे वह सबसे ज्यादा चिढ़ता रहा। जब तक वे भाजपा के साथ नहीं आ गईं उनके खिलाफ अपमानजनक हेडिंग, टिप्पणियां बिना शर्म के आती रहीं।

लेकिन इन तीनों ने अपने राजनीतिक विरोधियों के साथ मीडिया का मुकाबला कैसे किया? अपने कार्यकर्ताओं की पहुंच की दम पर। इनके कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर अपनी पार्टी और अपने नेता की बात लोगों तक पहुंचाई। और मीडिया की कमी पूरी कर दी।

कांग्रेस यही काम नहीं कर पा रही है। इसके पास कार्यकर्ता हैं। मगर वह उन्हें चार्ज नहीं कर पा रही है। और इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस ने काम करने वालों का महत्व देना बंद कर दिया है। या यह लिखना ज्यादा सही होगा कि मेहनत से और निष्ठा से काम करने वालों को पार्टी के नेता परेशान करने लगे हैं। जो लोग खुद काम नहीं करते हैं उन्हें काम करने वाले दुश्मन लगते हैं।

ताजा उदाहरण कांग्रेस के प्रखर प्रवक्ता आलोक शर्मा का है। उन्हें यह सवाल उठाने पर कांग्रेस के मीडिया डिपार्टमेंट ने नोटिस दिया है कि गोदी मीडिया के जिन पत्रकारों एंकरों का इन्डिया गठबंधन ने बाकायदा प्रेस नोट निकालकर बायकाट किया था। उन्हें कमलनाथ ने अपने साथ हवाई जहाज में क्यों घुमाया, क्यों इंटरव्यू दिया?

नोटिस कमलनाथ को मिलना चाहिए था मगर उनके बदले आलोक शर्मा के मिलने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बहुत टूट गया। आलोक शर्मा की छवि गोदी मीडिया के एंकरों से नहीं डरने और भाजपा के प्रवक्ताओं का डटकर मुकाबला करने से बनी है। दूसरी तरफ कमलनाथ के अंहकार को मध्यप्रदेश के कार्यकर्ता और नेता भी हार का मुख्य कारण मानते हैं। अखिलेश वखिलेश कहने, मनमाने टिकट वितरण, चार-पांच प्रभारियों को हटवाने दिग्विजय और जयवर्धन सिंह के कपड़े फाड़ो कहने से लेकर विवादास्पद धीरेन्द्र शास्त्री के शरणागत होने तक उनके खिलाफ शिकायतों की भरमार है।


मगर कांग्रेस ग्राउंड पर रोज लड़ने वाले अपने एक दमदार प्रवक्ता को उनके लिए बलि का बकरा बनाना चाहे तो इसका असर कार्यकर्ताओं पर क्या पड़ेगा यह कांग्रेस को सोचना चाहिए। कहते हैं कमलनाथ बहुत पैसे वाले हैं। तो क्या पैसे वाले के लिए पार्टी के बहादुर कार्यकर्ताओं, नेताओं, प्रवक्ताओं को शहीद हो जाना चाहिए!

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# गांव में टिकाऊ आजीविका

सोना सहरिया एक आदिवासी महिला है जो तालबेहट ब्लाक के बम्होरा गांव में अपने छोटे स्तर की खेती-किसानी से संतोषजनक आजीविका प्राप्त कर रही है। खेत और किचन गार्डन में बहुत सी सब्जियां लगी हैं, नीबू और अमरूद के पेड़ लगे हैं, जैविक खाद तैयार हो रही है, पर यह स्थिति एक दशक पहले नहीं थी। उस समय सोना के पति इंदौर में प्रवासी मजदूर के रूप में ईंट भट्टों पर मजदूरी करते थे। उन दिनों को याद करते हुए वे बताते हैं कि किसी-किसी दिन तो पूरा दिन मेहनत कर पांच रुपए की ही आमदनी होती थी। खूब मेहनत करने के बावजूद न अपने लिए बचत कर पाते थे, न गांव में अपने घर के लिए।

जैसे ही उन्हें खबर मिली कि अब गांव में स्थिति सुधर रही है तो प्रवासी मजदूरी छोड़कर गांव वापस आ गए और नए सिरे से खेती जमाने के हिम्मत भरे प्रयास करने लगे। आज उसके परिणाम सामने आ चुके हैं – हरे खेत लहलहा रहे हैं, नींबू और अमरूद के पेड़ भी खड़े हैं। अपने लिए पर्याप्त खाद्य प्राप्त हो रहा है, कुछ बिक्री भी हो रहा है। आर्थिक स्थिति को वे संतोषजनक मान रहे हैं और भविष्य के लिए उम्मीद भी है।



भारत डोंगरा

> तालबेहट ब्लाक के हनौता गांव में सहरिया आदिवासी व दलित परिवार प्राय: ऐसी स्थिति में वर्षों से रहते आए हैं जब पानी के अभाव में वे खेती नहीं कर पाते थे व प्रवासी मजदूर के रूप में इंदौर, दिल्ली, पंजाब आदि में भटकते रहते थे। ईंट भट्टों पर या जहां भी काम मिले, बहुत कम मजदूरी पर कार्य करने को मजबूर थे, पर अब इस मजबूरी पर रोक लगी है। रबी की फसल तो कई किसानों ने पहली बार ली है।

सोना के खेत में सावां और कोदो जैसे मिलट या मोटे अनाज भी उगाए जा रहे हैं, ताकि इन पौष्टिक गुणों वाले, पर उपेक्षित मोटे अनाजों की वापसी हो सके। सोना ने बड़े बर्तन दिखाए जिनमें मोटे अनाजों के बीज संग्रहित किए जाएंगे व इस 'बीज बैंक' के माध्यम से अन्य किसान भी मोटे अनाज उगा सकेंगे।

यह बदलाव एक स्वयंसेवी संस्था 'परमार्थ' व प्रशासन के सहयोग से हुए जल-संरक्षण से आया है। सोना स्वयं भी इस संस्था से जुड़ी हैं। इसके साथ सोना ने गांव की सामूहिक भलाई के प्रयास जारी रखे हैं, पर दूसरी ओर पास में तेन्द्रा जैसी बस्तियां आज भी हैं जहां अधिकांश लोग प्रवासी मजदूर के रूप से बाहर गए हुए हैं।

तालबेहट ब्लाक के हनौता गांव में सहरिया आदिवासी व दलित परिवार प्राय: ऐसी स्थिति में वर्षों से रहते आए हैं जब पानी के अभाव में वे खेती नहीं कर पाते थे व प्रवासी मजदूर के रूप में इंदौर, दिल्ली, पंजाब आदि में भटकते रहते थे। ईंट भट्टों पर या जहां भी काम मिले, बहुत कम मजदूरी पर कार्य करने को मजबूर थे, पर अब इस मजबूरी पर रोक लगी है। रबी की फसल तो कई किसानों ने पहली बार ली है। हनौता में यह सार्थक बदलाव इस कारण आ सका, क्योंकि 'परमार्थ' संस्था ने यहां से आठ किलोमीटर दूर बेतवा नदी से एक भूमिगत पाईप लाइन द्वारा इस गांव के अनेक परिवारों को सिंचाई उपलब्ध करवाई।

शांति सहरिया के खेत में मूली, मटर, टमाटर, बहुत सी सब्जियां लगी हैं, अमरूद व नींबू के पेड़ भी हैं। अब शांति के परिवार को प्रवासी मजदूरी के लिए भटकना नहीं पड़ता। बबलू अहिरवार का केवल एक हाथ है, दूसरा हाथ दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके लिए तो यह और भी महत्वपूर्ण है कि गांव में उसकी खेती जम गई है व उसे प्रवासी मजदूरी के लिए नहीं जाना पड़ता।

ग्राम बंडा (बबीना प्रखंड, जिला झांसी) के किसान हीरालाल इन दिनों बहुत प्रसन्न हैं। वजह स्पष्ट है कि विविधता भरी बहुत सी फसलें, विशेषकर बागवानी की फसलें उन्होंने प्राप्त की हैं व उत्पादकता भी बढ़ी है। बैंगन, करेला, तुरई, लौकी, कद्दू, मिर्ची, भिंडी, लोभिया, मटर, आलू के बीच उन्होंने कुछ फूल भी उगाए हैं। उनके पड़ौसी किसान अजय भी ऐसे ही प्रसन्न हैं। वे बताते हैं कि अधिक नहीं तो उत्पादन कम-से-कम डेढ़ गुना तो बढ़ ही गया है।

वे व बंडा गांव के सात-आठ अन्य किसान अपनी उपलब्धि के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर खेती को श्रेय देते हैं। हीरालाल बताते हैं कि इससे पानी की बहुत बचत होती है तथा साथ में मिट्टी पर भी अनुकूल असर पड़ता है। मिट्टी व पानी का संरक्षण हो जाए व साथ में उत्पादकता बढ़ जाए तो लगता है कि सब कुछ अनुकूल ही हो रहा है।

यह सही है, पर इसमें एक पेंच भी है। इस खेती के लिए जो यंत्र, पाईप आदि चाहिए उनका खर्च अधिक है व प्रति एकड़ खेत लगभग एक लाख रुपए का निवेश मांग रहा है। हीरालाल व अजय के लिए यह इस कारण संभव हुआ क्योंकि उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार से मिली-जुली 90 प्रतिशत तक की सबसिडी प्राप्त हुई। इस सबसिडी के कारण पांच एकड़ पर ड्रिप सिंचाई अपनाने पर हीरालाल को मात्र 25000 रुपए का खर्च ही करना पड़ा।

इन किसानों ने स्पष्ट बताया कि सबसिडी न मिलने पर वे इस तकनीक को नहीं अपना सकते थे। जिस समय उन्होंने यह तकनीक अपनाई थी, उस आरंभिक दौर में यह सबसिडी प्राप्त करना अपेक्षाकृत सरल भी था। तिस पर इस क्षेत्र में कृषि व संबंधित आजीविकाओं में सहायता पहुंचा रही स्वैच्छिक संस्था 'परमार्थ' ने भी सबसिडी और विभिन्न फसलों के बीज प्राप्त करने में भरपूर सहायता दी थी। इन दो कारणों से हीरालाल व अजय के लिए यह सफलता प्राप्त करना अपेक्षाकृत आसान था। इस आरंभिक सफलता को देखते हुए जब इस सबसिडी की मांग तेजी से बढ़ने लगी, तो इसके नियम-कायदे अधिक सख्त बना दिए गए। अन्य किसानों के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बताया कि अब यह सबसिडी प्राप्त करना अधिक कठिन हो गया है।

**( लेखक प्रबुद्ध एवं अध्ययनशील लेखक हैं। )**

## गुरवाणी विचार

# सेवा करत होवे निष्कामी

माघ मजन संगि साधुआं धरि, कर इसनान।
हरि का नाम धिआयै सुणि, सभना नोकरि दानि।
जनम करम मन उतरे, मन ते जाय गुमान।
काम, क्रोध न मोहिअै. बिनसे लोभ सुआनु।
सचे मारग चनदिया, उसतति करे जहान।
अठसठि तीरथ संगत पुस जीअ दइआ परवानु।
जिसनू देवै दइआ करि, सोई प्रुश्खु सुजानु।
जिना मिलिआ प्रभु आपणा, नानक तिन कुरबानु।
माघि सुचे से कांढअहि, जिन पूरा गुरु मिहरवानु।

बारह मास द्वारा पांचवें नानक मानव मन को समझाशा देते हुए आप फरमा रहे हैं कि ये मेरे मन अगर तू अपने प्यारे प्रीतम परमात्मा से मिलना चाहता है तो तीर्थों में जाकर स्नान करने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है। तीर्थ स्नान कर दान- पुण्य, करके तो हमारे में अहंकार बढ़ जायेगा कि हमने इतने तीर्थों में स्नान किया है। वहां जाकर इतना दान-पुण्य किया है-

तीरथ बरत और दान कर मन में धरे गुमान।
नानक निहफल जात ते ज्यों कुंचर इसनान।।

केवल तीर्थों में स्नान करने और माचिक पदार्थों के दान करने से हमें कुछ मिलने वाला नहीं है। प्रभु से मिलाप का एक ही ढंग है वह मन से हर वक्त उनकी मिसरन बंदगी में हम लगे रहें साध संगत में जाकर प्रभु नाम संकीर्तन करते रहे उनकी कथा कीर्तन श्रवण करते रहें। तथा उन महापुरुषों की चरण रज के मस्तक में लगाते रहें जो महापुरुष हर वक्त प्रभु सिमरन में तल्लीन रहते हैं ऐसे महापुरुषों के लिए ही गुरवाणी में कहा गया है-आप जपे अवरा नाम जपावे। अगर किसी इंसान को प्रीतम प्यारे परमात्मा से मिलना है तो उसके नाम की सिमरन करते-करते हृदय बसा लें। अपने परिवार का उदर-पोषण करते अपनी नेक कमाई का दसबंध दसवां हिस्सा निकाल कर जरूरतमंदों की मदद में दीन दुखियों की सेवा में खर्च करते रहो।

तीरथ स्नान करने से शरीर की मैल साफ हो सकती है पर प्रभु परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती। प्रभु राम सिमर राम सिमर ऐही तेरो काज है। प्रभु नाम सिमरन करते रहने से काम क्रोध इत्यादि हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकते। काम क्रोध लोभ मोह अहंकार का खात्मा तो नहीं किया जा सकता। सिमरन बंदगी को एकाग्र कर बंदगी में मन लगाए रहना चाहिए। साध संगत करते रहने से प्रभु नाम सिमरन बंदगी करते रहने से दीन-दुखियों की सेवा करते रहने से हर किसी से प्रेम व्यवहार करते रहने से ही परमात्मा के सांचे दरबार में जगह मिल सकेगी। सच्चे मारग चलदियां, उसत्त करे जहान। तिनकी शोभा जिनि प्रभु के चरण पराते। इसलिए हमेशा गरीबों का मुख गुरु की गुल्लक समझना चाहिए और हमेशा जरूरतमंदों को नेककमाई का दसबंध निकाल कर सेवा करने से प्रभु परमात्मा की प्रसन्नता मिल सकती है जो अड़सठ तीरथ करने से मिलने चाहिए। जीवों पर दया करते रहने से प्रभु परमाच्मा की कृपा तो प्राप्त होती है इंसान सुजान भी बन जाता है। इस तरह जिस जिसने भी जीवों पर दया की है परमात्मा बंदगी में मन लगाया है उसका कल्याण होना अवश्म्भावी है। और उसी पर प्रभु की विशेष कृपा हो पाती है। पर सेवा निष्काम भाव से की जानी चाहिए-

सेवा करत होवे निष्कामी।
तिस को होत परापत सुवामी।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी रुप से सदैव समृद्ध रहा है

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए-नए सोपान निर्मित करने होंगे। प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जिजीविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति, राजनीति सर्वोपरि रही है। इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान, शक्तिहीन, भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता,शक्ति,ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है।

भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता, रामायण, महाभारत महाग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## फिदान एवं हानियेह ने बंधकों की रिहाई पर की चर्चा

**अंकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के राजनीतिक ब्यूरो के अध्यक्ष इस्माइल हानियेह के साथ बैठक की है। इस दौरान दोनों पक्षों ने बंधकों की रिहाई, युद्धविराम के महत्व और गाजा पट्टी को मानवीय सहायता पहुंचाने पर चर्चा की। सूत्र ने कहा विदेश मंत्री फिदान ने हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हानियेह से मुलाकात की। बैठक के दौरान शीघ्र युद्धविराम, मानवीय सहायता की आपूर्ति में वृद्धि, बंधकों की रिहाई और दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित करने के लिए दो-राज्य समाधान जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

# नेतन्याहू ने खारिज किया बाइडेन के फिलिस्तीनी राज्य का विचार

**तेल अवीव,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फिलिस्तीनी राज्य बनाने के विचार को खारिज कर दिया है। बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ फोन पर हुयी बातचीत के कुछ घंटों बाद आई जिसके बाद अमेरिकी नेता ने संकेत दिया था कि श्री नेतन्याहू अभी भी इस विचार को स्वीकार कर सकते हैं। श्री नेतन्याहू की टिप्पणी से अमेरिका के साथ सार्वजनिक विभाजन गहराता हुआ प्रतीत हो रहा है। अमेरिका का मानना है कि इजरायल के साथ एक फिलिस्तीनी देश - जिसे दो-देशीय समाधान के रूप में जाना जाता है - दीर्घकालिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। लेकिन व्हाइट हाउस ने इस सप्ताह स्वीकार किया कि अमेरिका और इजरायली सरकारें स्पष्ट रूप से चीजों को अलग तरह से देखती हैं। दोनों नेताओं के बीच लगभग एक महीने में पहली बार बातचीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री बाइडेन ने जोर देकर कहा कि श्री नेतन्याहू के कार्यालय में दो-देशीय समाधान अभी भी संभव है। उन्होंने कहा, दो-देशीय समाधान कई प्रकार के होते हैं। ऐसे कई देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं, जिनके पास अपनी सेना नहीं है।





ईरान के हमलों से पता चलता है कि क्षेत्र कितना खतरनाक हो गया है

## गाजा पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 25 हजार से अधिक

***गाजा।*** *गाजा पट्टी पर गत वर्ष सात अक्टूबर के बाद से इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25,105 हो गई है जबकि 62,600 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। सात अक्टूबर के बाद से इजरायल-हमास संघर्ष बढ़ गया है। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, पिछले साल सात अक्टूबर से इजरायली आक्रामकता के पीड़ितों की संख्या बढ़कर 25,105 हो गई है, जबकि 62,681 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा में करीब 178 लोग मारे गए और 293 घायल हुए। फिलिस्तीनी कट्टरपंथी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया। जब हमास के लड़ाकों ने न केवल सीमा का उल्लंघन किया बल्कि सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की। परिणामस्वरूप, इज़रायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू कर दिए।*

## ईरान ने की सीरिया पर इजरायली मिसाइल हमले की निंदा

**तेहरान।** ईरान ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर इजरायल के मिसाइल हमले की निंदा की है, जिसमें कथित तौर पर कुद्स फोर्स के खुफिया प्रमुख सहित ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के पांच सलाहकार मारे गये। ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने हमले की निंदा की है। ईरानी मीडिया ने बताया कि दमिश्क पर इजरायल के हवाई हमले में कुद्स फोर्स की खुफिया सेवा के कमांडर सहित आईआरजीसी के पांच सैन्य सलाहकार मारे गये। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हमले में कई आम नागरिक भी मारे गये और कई अन्य घायल हो गए। श्री कनानी ने दमिश्क के माजेह जिले पर शनिवार सुबह इजरायल द्वारा किए गए जानलेवा और आक्रामक हमले की कड़ी निंदा की है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का बार-बार उल्लंघन तथा आपराधिक और बच्चों के हत्यारे इजरायली शासन द्वारा देश में विभिन्न लक्ष्यों पर आक्रामक और उत्तेजक हमलों में वृद्धि गाजा और वेस्ट बैंक में प्रतिरोध बलों के खिलाफ युद्ध के मैदान में तेल अवीव की असहायता को दर्शाती है। प्रवक्ता ने बताया कि ईरान के सैन्य सलाहकार दमिश्क के आधिकारिक निमंत्रण पर सीरिया में थे।

## सुडोकू 6444

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 22 जनवरी , 2024 पौष शुक्ल पक्ष 11**

### राशिफल

मेष -दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे।

वृषभ -आप का आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। काम का उत्साह बना रहेगा।

मिथुन -आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

कर्क -आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रियपात्र से मुलाकात होगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपके मन में कई प्रकार की चिंता उठेगी।

सिंह -आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

कन्या -नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं।

तुला -खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है।

वृश्चिक -सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको रह सकती है।

धनु -आज मन खुश रहेगा, लेकिन शरीर में आलस्य बना रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है। गृहस्थजीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं।

मकर -परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। फिर भी आप मेहनती बने रहेंगे। परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

कुंभ -आज आप सभी कामों को आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। वाहन, मकान आदि की कागज़ी कार्रवाई ध्यान से ही करें।

मीन -आज आपकी चिंता में कमी आएगी। आनंद और उत्साह में भी वृद्धि होगी। कुटुंबजनों के साथ व्यवहार अच्छा बनेगा। आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान दे पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापार मेला शुरू

**ढाका,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में सबसे बड़ा वार्षिक वाणिज्यिक और व्यापार कार्यक्रम, ढाका अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का 28वां संस्करण रविवार को शुरू हुआ। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राजधानी ढाका के बाहरी इलाके पुरबाचल में स्थित व्यापार मेले का उद्घाटन किया। मेले में बंगलादेश और चीन, भारत, ईरान, पाकिस्तान और सिंगापुर समेत अन्य देशों के सैकड़ों संगठन हिस्सा ले रहे थे। व्यापार मेला एक महीने तक चलेगा। बंगलादेश की सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के रूप में इस आयोजन का उद्देश्य विदेशी खरीदारों को स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन करना है। इस वर्ष के व्यापार मेले में लगभग 330 स्थानीय और विदेशी स्टॉल, मंडप और छोटे मंडप शामिल हैं।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, सुश्री हसीना ने कुछ गंतव्यों पर निर्भरता कम करने के लिए निर्यात टोकरी के लिए और अधिक नए बाजारों और उत्पादों की खोज की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने 'हस्तशिल्प उत्पाद' को 2024 के लिए वर्ष का उत्पाद घोषित किया।

प्रतिभागियों ने कृषि और बागवानी के लिए मशीनरी, उपकरण और सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, डेयरी उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। वाणिज्य मंत्रालय के तहत बंगलादेश के निर्यात संवर्धन ब्यूरो (ईपीबी) ने 1995 में एक महीने तक चलने वाले वार्षिक व्यापार मेले की शुरुआत की।

## इराक में अमेरिकी वायुसैनिक अड्डे पर मिसाइल हमला

**बगदाद,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। इराक के पश्चिमी प्रांत अनबर में अमेरिकी वायुसैनिक अड्डे 'ऐन अल-असद' पर मिसाइल से हमला किया गया और हवाई अड्डे के पास पांच रॉकेट गिरे है। इराकी समाचार एजेंसी शफाक ने एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से शनिवार को यह खबर दी। सूत्र ने बताया कि मिसाइलों को इराकी शहर अल बगदादी से दागा गया था, हालांकि उसने इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। इराकी सशस्त्र बलों के प्रमुख्य के प्रवक्ता याह्या रसूल ने इराकी समाचार एजेंसी को बताया कि बमबारी में एक इराकी सैनिक घायल हो गया और संपत्ति की क्षति हुई है।

उन्होंने कहा, इराकी ऐन अल-असद हवाईअड्डे के भीतर अल-जजीरा ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध सातवीं डिवीजन की 29वीं ब्रिगेड के मुख्यालय के पास कई मिसाइलें गिरीं, जिससे एक सैनिक घायल हो गया और मुख्यालय को भी नुकसान पहुंचा। फ़िलिस्तीनी-इज़रायल संघर्ष के बढ़ने की शुरुआत के बाद से, इराक में अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के ठिकानों



के साथ-साथ सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर नियमित हमले हो रहे हैं। हमलों की जिम्मेदारी इराक में सक्रिय सशस्त्र शिया समूह ले रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सात अक्टूबर, 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और उसके लड़ाकों ने सीमा का उल्लंघन कर सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की। इस कारण इज़रायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया तथा हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू की।

## फिलीपींस में बाढ़, भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 15



**मनीला,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिणी फिलीपींस के दवाओ क्षेत्र में भूस्खलन और भीषण बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने कहा कि दवाओ डी ओरो प्रांत में 13 और दवाओ शहर में दो लोगों की मौत हो गई। परिषद ने यह भी कहा कि कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। परिषद ने कहा कि मिंडानाओ द्वीप पर दावाओ क्षेत्र के पांच प्रांतों में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से 83 हजार से अधिक परिवार या 349,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

## रूस में गैस निर्यात टर्मिनल पर विस्फोट


**मॉस्को,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर के पास रविवार को एक गैस निर्यात टर्मिनल पर विस्फोट के बाद आग लग गई। सरकारी स्वामित्व वाली आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने बताया कि विस्फोट के कारण गैस निर्यात टर्मिनल पर भीषण आग लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है और किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने का कारण ज्ञात नहीं है। रूसी समाचार आउटलेट 'शॉट' ने स्थानीय निवासियों के हवाले से बताया कि उन्होंने एस्टोनिया के साथ रूस की सीमा के करीब उस्त-लुगा में एक ड्रोन के बाद कई विस्फोटों की आवाज सुनी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने शनिवार रात यूक्रेन की सीमा के करीब स्मोलेंस्क क्षेत्र में तीन यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। इसने पहले कहा था कि उसने पश्चिमी रूस के तुला और ओरियो में ड्रोन को मार गिराया है। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से रूस और यूक्रेन एक-दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। गत शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम रूस के ब्रांस्क में एक तेल डिपो में आग लग गई, जिसके लिए मॉस्को ने यूक्रेनी ड्रोन हमले को जिम्मेदार ठहराया।

## अमेरिका में तूफान से मरने वालों की संख्या 61 हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पिछले सप्ताह आए आर्कटिक चक्रवात के कारण मरने वालों की संख्या 61 पहुंच गयी है। एनबीसी न्यूज ने शनिवार को यह जानकारी दी। चैनल ने शुक्रवार को बताया था कि चक्रवात से 12 जनवरी से अब तक 47 लोगों की सर्दी और उससे संबंधित स्थितियों के कारण मौत हो गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपदा पीड़ितों की सबसे बड़ी संख्या टेनेसी और ओरेगॉन राज्यों में दर्ज की गई। पिछले सप्ताह, अमेरिका के मध्य भाग के कई क्षेत्र रिकॉर्ड सर्दी और भारी हिमपात से प्रभावित हुए थे।

## वर्ग पहेली 6444



**बायें से दायें:-**

१. विवरण, ब्यौरा (उर्दू)
३. बदनामी, अपयश (उर्दू)
५. सुरबाला, देवकन्या
६. प्रतीक्षा करना (मुहावरा)
७. बड़ा हाथी, हाथियों का राजा
९. घटना, समाचार, अवसर
१०. शामिल
१२. डर, भय
१३. ज्यों का त्यों
१४. उलझन दूर होना
१६. युवा जवान
१८. श्रीमान (उर्दू)
२०. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
२१. असह्य, अप्रिय (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. विवाद, बहस (उर्दू)
२. स्वभाव, गुण, शील, चरित्र (उर्दू)
३. निवृत्त होना, छुटकारा (उर्दू)
४. वधिक, कातिल
५. जो ढंका हुआ न हो, खुला
८. लोगों का हित, जनहित
१०. कामयाब
११. लिपिबद्ध करना
१२. बुलाया गया, निमंत्रित
१३. पीड़ा होना, टीसना
१४. सौभाग्यवी, सधवा
१५. आभास होना, दीप्तिवान होना
१७. अपमानित, निंदित (उर्दू)
१८. जन्मदाता
१९. निर्माण करना, सुधारना
२२. इच्छा, खुशी, मरजी (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6443

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | ग | २ डं | डी | ■ | ■ | ३ प | रि | ४ शि | ष्ट |
| रा | ■ | ठ | ■ | ५ ब | र | खा | ■ | क | ■ |
| ६ ग | ले | ल | गा | ना | ■ | ७ र | वि | वा | ८ र |
| ण | ■ | ■ | ■ | ९ व | र | ना | ■ | ■ | थ |
| ■ | १० अ | ख | ११ रो | ट | ■ | ■ | १२ अ | थ | वा |
| ■ | नू | ■ | च | ■ | १३ वि | वा | द | ■ | ह |
| १४ अ | प | १५ ल | क | ■ | क्रे | ■ | १६ द | १७ स्त | क |
| नु | ■ | ब्ध | ■ | १८ स | ता | १९ ना | ■ | व | ■ |
| २० दा | न | व | ■ | प | ■ | २१ वि | ष | क | २२ न्या |
| र | ■ | २३ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1892-भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों में से एक ठाकुर रोशन सिंह का जन्म।

1905-रूस के सेंट पीट्सबर्ग में मजदूरों पर गोलियां चलाई गयी जिसमें 500 से ज्यादा लोग मरे।

1924-रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने।

1963-देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।

1970-बोइंग 747 का न्यूयॉर्क एवं लंदन के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई।

1976-कर्नाटक संगीत शैली के प्रसिद्ध गायक तथा मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त टी. एम. कृष्णा का जन्म।

1981-रोनाल्ड रीगन का अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।

1993-इंडियन एयरलांइस का विमान औरंगाबाद मे दुर्घटनाग्रस्त, 61 यात्रियों की मौत।

1996-कैलीफ़ोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से लगभग 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर दो नये ग्रहों की खोज की।

1998-अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर मोनिका लेविंस्की ने अवैध शारीरिक संबंध स्थापित करने का आरोप लगाया।

2002-फ़िलिस्तीनी शहर तुल्कोरम पर इजरायल का कब्ज़ा।

2006-श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने विद्रोही संगठन लिट्टे से बातचीत की पेशकश की।

**कूटनीति** *दिल्ली में अंतिम चीनी राजदूत सन वेइदोंग थे*

## चीन ने एक साल से अधिक समय से भारत में राजदूत का पद नहीं भरा

**नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पद खाली होने के लगभग 15 महीने बाद भी चीन ने अभी तक भारत में अपना राजदूत नियुक्त नहीं किया है। दिल्ली में अंतिम चीनी राजदूत सन वेइदोंग थे, जो तीन साल की नौकरी के बाद अक्टूबर 2022 में चले गए और वापस लौटने पर बीजिंग में उप विदेश मंत्री बने। जून, 2020 में गलवान नदी घाटी में झड़पों के बाद, जिसमें कम से कम 20 भारतीय और चार चीनी सैनिक मारे गए, चीन-भारत संबंध एशियाई पड़ोसियों के आधुनिक इतिहास में एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए।**

दशकों पुराना सीमा विवाद, जिसके कारण 1962 में युद्ध हुआ था, पिछले तीन वर्षों में सैनिकों की संख्या में वृद्धि और आंशिक वापसी के बीच झड़पें देखी गई हैं। नियुक्ति में देरी इस बात का संकेत है कि द्विपक्षीय रिश्ते ठंडे बने हुए हैं, लेकिन इसका कारण तेजी से चीन के आंतरिक मामलों को बताया जा रहा है। एक राजनयिक सूत्र ने कहा कि आम धारणा चीन-भारत संबंधों की वर्तमान स्थिति से जुड़ी हुई है, लेकिन चीन की विदेश सेवा के भीतर से एक उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया में समय लग रहा है, क्योंकि दिल्ली पोस्टिंग के लिए वरिष्ठता की जरूरत होती है (जैसा कि कुछ अन्य राजधानियों में भूमिका के लिए होता है)। चीनी और भारतीय दोनों विदेश नीति विश्लेषक इस बात पर सहमत थे कि चीन इस बात को लेकर सतर्क रहेगा कि किसे



चुना जाए, लेकिन उनके स्पष्टीकरण अलग-अलग थे। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर बीजिंग स्थित थिंक-टैंक में इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक हू शिशेंग ने कहा, यह एक उप-मंत्रालयी स्तर का काम है, एक महत्वपूर्ण पद है, इसलिए उन्हें सही व्यक्ति ढूंढने की जरूरत है। यह द्विपक्षीय स्थिति से संबंधित नहीं है। यह एक घरेलू मुद्दा है। फिलहाल दक्षिण एशिया के किसी भी अन-?य देश में चीनी राजदूत का पद खाली नहीं है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में डीन श्रीकांत कोंडापल्ली ने कहा, चीन में एक भारतीय राजदूत को संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के स्तर (भारत सरकार के पदानुक्रम) से चुना जा सकता है, लेकिन चीनी राजदूत का पद (भारत में) उप-मंत्रालयी स्तर का है। वर्षों पहले की तुलना में, नौकरी की नौकरशाही रैंक आज अधिक है। उन्होंने कहा, वरिष्ठ उम्मीदवारों की कमी नहीं है, लेकिन चीन के प्रति भारत का दृष्टिकोण बदल गया है और चीनी राजनयिकों के बीच इस पद के लिए कुछ खरीदार हो सकते हैं। उन्होंने कहा, गलवान की घटना और उसके बाद की कार्रवाई ने द्विपक्षीय संबंधों को संवेदनशील बना दिया है। ऐसे में नई नियुक्ति बेहद मुश्किल काम है। सूत्र के अनुसार, पिछले साल चीनी सरकार को भारत में एक नया राजदूत लगभग मिल गया था, लेकिन बाद में आंतरिक परिवर्तनों के बीच इस विचार को छोड़ दिया गया।

## दुनिया को जानें

### उत्तर कोरिया ने पानी के भीतर परमाणु हथियार प्रणाली का किया परीक्षण

**प्योंगयांग,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में पानी के अंदर परमाणु हथियार प्रणाली का परीक्षण किया है। सरकारी मीडिया ने कहा कि पानी के नीचे ड्रोन, जो कथित तौर पर परमाणु हथियार ले जा सकता है, का पूर्वी तट पर परीक्षण किया गया। दक्षिण कोरिया ने पहले कहा था कि परीक्षण किए जाने का कोई अन्य सबूत नहीं है और ड्रोन की क्षमता के बारे में उत्तर कोरिया का विवरण बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह कोरियाई प्रायद्वीप और दुनिया में शांति के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा, अगर उत्तर कोरिया सीधे तौर पर हमें उकसाता है, तो हम तत्काल, मजबूत एवं जबरदस्त तरीके से जवाब देंगे। उत्तर कोरिया ने पहले भी अपनी 'हेइल-5-23' प्रणाली के परीक्षण का दावा किया था, उत्तर कोरिया ने हाल के हफ्तों में सैन्य कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार को उसने एक नई ठोस ईंधन वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल तैनात करने का दावा किया।

# प्रादेशिकी

## श्री राम का चरित्र देता है मर्यादित आचरण का संदेश: शादाब

**देहरादून।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स का कहना है कि रामराज में किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा है कि मोहब्बत की दुकान चलाने वाले कुछ लोगों द्वारा राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तरह-तरह के भ्रम फैलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग मुसलमानों को सावधान रहने और 15 से 22 जनवरी तक घरों से बाहर न निकलने की बात कह कर डरा रहे हैं और भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कुछ रामायण की चौपाइयों और शेर शायरी पढ़कर अपने अंदाज में कहा कि राम के राज में सभी का कल्याण हुआ था किसी के साथ कोई अन्याय नहीं हुआ।

## भट्ट ने किया आह्वान, प्राण प्रतिष्ठा पर राम बग्वाल मनाएं

**देहरादून,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं समेत देवभूमिवासियों का आह्वान किया कि राष्ट्रीय सांस्कृतिक स्वाभिमान के पर्व को राम बग्वाल के रूप मनाये। इसके लिए दिन में पूजा पाठ, भजन कीर्तन और रात में दियों व सजावट से दिवाली की अनुभूति हो । देवभूमि में सभी पक्षों को राजनैतिक एवं सामाजिक द्वेष भाव से ऊपर उठकर सनातन के स्वर्णिम उत्कर्ष का स्वागत करना चाहिए।



दिन में प्राण प्रतिष्ठा का भाव, रात दिवाली की अनुभूति हो: भट्ट

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जारी अपने संदेश में महेंद्र भट्ट ने पार्टी कार्यकताओं और राज्यवासियों से कहा कि जिस तरह प्रत्येक तीज-त्यौहार, धार्मिक या शुभ अवसर पर हम अपने घरों को साफ सुथरा बनाते हैं, ठीक उसी तरह हम सबने मिलकर इस एक सप्ताह में अपने आसपास के पूजा स्थलों को स्वच्छ बनाया है। अब हमे देश की सांस्कृतिक राजधानी अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान का अपने आसपास के मंदिरों में अप्रत्यक्ष सहभागी भी बनना है । बेशक देशवासियों के प्रतिनिधि के रूप में पीएम श्री नरेन्द्र मोदी यजमान का दायित्व निर्वहन करेंगें, लेकिन यहां हमे भी लाइव प्रसारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा के भाव को अपने अंदर लाना है। लगभग जिस तरह अयोध्या में पूजा आरती हो, प्रभु को भोग और भक्तों के लिए प्रसाद का कार्यक्रम हो ठीक उसी तरह हमे अपने यहां भी अनुसरण करना चाहिए ताकि प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने की अनुभूति हो । हम सबका प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में प्राण प्रतिष्ठा में सहभागिता का भाव पैदा हो। भट्ट ने प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत, भजन कीर्तन करने और घरों एवं व्यवसायिक परिसरों को त्यौहारों की भांति सजाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि देवभूमि में तीन बार दीवाली मनाई जाती हैं, कार्तिक दीपावली, ईगास दीपावली और बूढ़ी दिवाली। उन्होंने आग्रह किया कि इस अब इस दिन को राज्य की चौथी दिवाली, राम बग्वाल के रूप में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह 500 वर्ष की सनातनी तपस्या की सिद्धि का समय है । श्री राम जन्मभूमि के लिए लड़ी गई 76 बड़ी लड़ाइयों में प्राणोत्सर्ग करने वाले 4.5 लाख से अधिक धर्मयोद्धाओं की आत्मशांति का यज्ञ है । दुनिया में जहां जहां भी ताकत के दंभ से सभ्यता और संस्कृति को कुचला गया, ये उन सभी में नई उमंग और उत्साहवृद्धन का दिन है। दुनिया के सवा सौ करोड़ सनातनियों के आस्था और विश्वास का प्रतिमान और भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान है श्री राम जन्मभूमि मंदिर। लिहाजा त्रेता युग के बाद मिले इस युग युगांतकारी दैवीय दिव्य पलों का सहभागी बनना हम सबके लिए अमृतपान का अनुभव देने वाला है ।

## कूड़ा वाहन लेकर तहसील रुद्रप्रयाग पहुंचे सफाई मजदूर



- आक्रोतित सफाई नायकों ने किया तहसील रुद्रप्रयाग में जोरदार प्रदर्शन
- पांच सूत्रीय मांगों पर अमल नहीं होने पर प्रदेश सरकार के खिलाफ लगाए नारे

**रुद्रप्रयाग,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में तैनात सफाई मजदूरों ने तहसील रुद्रप्रयाग में जोरदार प्रदर्शन कर मांगों पर जल्द अमल नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान सफाई नायकों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की। सफाई नायक आक्रोश में कूड़ा वाहन को लेकर भी तहसील पहुंचे थे।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के आहवान पर रविवार को नगर पालिका रुद्रप्रयाग, नगर पंचायत तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, ऊखीमठ के सफाई नायकों ने तहसील रुद्रप्रयाग में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सफाई नायक कूड़े के वाहन लेकर भी तहसील में पहुंचे। राजमार्ग पर कूड़ा का वाहन खड़ा करने के बाद सफाई नायक तहसील में पहुंचे और जोर-जोर से प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आक्रोशित सफाई नायकों ने कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायतों में उनका शोषण किया जा रहा है। सफाई मजदूर पूरी तन्मयता के साथ शहरी इलाकों की सफाई व्यवस्था में जुटे रहते हैं। घर-घर से कूड़ा उठाने का काम करते हैं। शहर में चारों ओर फैली गंदगी को उठाने का काम करते हैं। इसके सबके बावजूद सफाई मजदूरों की मांगों पर कार्यवाही करने में देरी की जा रही है। नगर पालिका और नगर पंचायतों में ठेका प्रथा से व्यवस्थाएं गड़गड़ा गई हैं। इस प्रथा को समाप्त नहीं किया जा रहा है, जबकि ढांचे में संशोधन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में सफाई नायकों में आक्रोश बनता जा रहा है। सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष मनीष गोडियाल ने कहा कि उनकी पांच मांगे पूरी नहीं की जा रही हैं। बार-बार आश्वासन के बाद भी मांगों पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। विगत दो वर्षों से डॉ ललित मोहन रयाल कमेटी की सिफारिशों को लागू नहीं किया जा रहा है। प्रदेश के सफाई कर्मियों के साथ धोखा करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई मजदरों की मांगों पर जल्द कोई कार्यवाही नहीं की गई तो जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरू किया जायेगा। शासन और प्रशासन सफाई मजदूरों की मांगों पर अमल करने के बजाय सिर्फ झूठे आश्वासन देने तक सीमित रह गया है। सफाई मजदूरों के मांग पत्र सौंपने पर उप जिलाधिकारी ने कार्यवाही को लेकर शासन को पत्र प्रेषित करने की बात कही। इस मौके पर संरक्षक कैलाश सिंह टांक, अध्यक्ष मनीष गोडियाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश लाल ढिंगरिया, कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार, संगठन मंत्री, योगेश कुमार, प्रचार मंत्री कमलकांत सुमित खत्री, सलाहकार, सुमित सहदेव, चांद, सुंदर कुमार, परशुराम, अमित कुमार, भंवरी चन्द, सचिन कुमार, सुंदर कुमार, गौरव चोटाला, अरूण रिंकू, सुशील कुमार, कैलाश खत्री, मनोज कुमार, परपशुराम, प्रमोद कुमार, सोनू कुमार, राजीव कुमार, अरूण कुमार, गुलशन, घनश्याम, सोनू कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### सार संक्षेप

#### घोड़े-खच्चरों एवं हॉकरों के लिए होगा आवास तैयार

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों एवं उनके हॉकरों को रहने के लिए उचित प्रबंधन करने के लिए जिलाधिकारी ने सोनप्रयाग त्रियुगीनारायण मार्ग पर जीएमवीएन के समीप घोड़े-खच्चरों के लिए शेड एवं हॉकरों के लिए डोरमैट्री आवास एवं सोनप्रयाग में घोड़े-खच्चरों के लिए शेड का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिशासी अभियंता डीडीएमए को दिए तथा घोड़े-खच्चरों की लीद का उचित निस्तारण को लेकर सेप्टिक टैंक तैयार करने के लिए सुलभ इंटरनेशल को निर्देश दिए।

#### जेई का वेतन रोकन के निर्देश

**रुद्रप्रयाग।** निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गुप्तकाशी बाजार में कूड़े का ढेर लगा होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कनिष्ठ अभियंता जिला पंचायत के वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अवर अभियंता को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग में साफ-सफाई का बेहतर ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी तरह की कोई शिथिलता एवं लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा सोनप्रयाग पार्किंग में भी बेहतर साफ-सफाई के साथ आधुनिक लाइट एवं हाईमास्क लाईट लगवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इसके साथ ही पार्किंग एवं जिला पंचायत की भूमि एवं एनएच से सभी अतिक्रमण होने पर संयुक्त रूप से हटाने को कहा। साथ ही सोनप्रयाग पार्किंग स्थल की दीवारों पर पेंटिंग कराने के भी निर्देश दिए। वहीं वाहनों की आवाजाही पर निगरानी के लिए जीमेक्स कंपनी के साथ पार्किंग स्थलों पर कंप्यूटराइज सिस्टम तैयार करने को कहा। जिलाधिकारी ने सोनप्रयाग पार्किंग में कार्य कर रही निर्माणदायी एजेंसी को पार्किंग स्थल पर निष्प्रयोज्य सामग्री को हटाते हुए 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### यात्रा मार्ग में संचालित होंगे आंचल डेयरी के आउटलेट एवं मिल्क बूथ

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में दुग्ध व्यवसाय को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें उचित बाजार उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आंचल डेयरी के आउटलेट एवं मिल्क बूथ संचालित होंगे। इसके लिए जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर स्थान चिन्हित करते हुए डेयरी विभाग को आउटलेट एवं मिल्क बूथ बनाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि इन स्थलों पर आंचल डेयरी के दूध एवं उत्पाद केदारनाथ यात्रा मार्ग में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को उपलब्ध कराया जा सके।

## वित्त कमेटी की बैठक में 13 करोड़ के कार्यों को दी मंजूरी

**शिमला,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला नगर निगम की वित्त कमेटी की बैठक महापौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें 13 करोड़ के कार्यों को मंजूरी दी गई है। इन कार्यों को जल्द ही करने के लिए टेंडर लगाया जाएगा और अंतिम मंजूरी के लिए नगर निगम की मासिक बैठक में लाया जाएगा जिसमे नगर निगम ने चार डंपिंग साइट्स बनाने से लेकर छोटी सड़कों से जुड़ी 12 डंपिंग साइट्स को भी बनाने की तैयार की है। इसके तहत सरकार को भी प्रस्ताव भेजने का फैसला लिया है। इसका प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजा जाएगा ताकि इसकी फॉरेस्ट क्लीयरेंस जल्दी मिल सके।

नगर निगम शिमला ने राम बाजार में स्मार्ट सिटी के तहत जितनी भी दुकानें बनी है, इनके नीचे स्टोर बने हैं। इन स्टोर को अब 10000 महीने के मासिक किराए पर दिया जाएगा। इससे निगम को आय मिलेगी व कारोबारी को कारोबार करने के लिए अतिरिक्त स्थल भी मिल सकेगा।



नगर निगम के सभी पार्षदों को वार्ड में उपलब्ध जमीन के आधार पर बहुमंजिला पार्किंग का प्रस्ताव बनाने की छूट दे दी गई है। वह मासिक बैठक में प्रस्ताव देंगे और इसे नगर निगम की मासिक बैठक में लाकर मंजूर कर दिया जाएगा। नगर निगम के जुडे कानूनी मसलों की विभिन्न न्यायालयों में पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं की कमीशन नए सिरे से तय की है। शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि आज वित कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें शहर में होने वाले विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। इसके तहत जहां शहर में डंपिंग साइट बनाने का फैसला लिया गया है। वही शहर में 700 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें लगाने का प्रस्ताव मंजूर हो चुका है। स्ट्रीट लाइटें नगर निगम को मिल चुकी है। पिछली कंपनी से यह करार खत्म हो गया है। इसलिए अब नई कंपनी को स्ट्रीट लाइट लगाने और शहर में लगी स्ट्रीट लाइट होकर रखकर काम का काम करवाया जाना प्रस्तावित है।

### बीमार महिला को एयरलिफ्ट करने के लिए सुक्खू ने भेजा अपना चॉपर

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के अति दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल से एक अस्वस्थ महिला कपूरी देवी के उपचार के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को अपना चॉपर भेज कर उन्हें वहां से एयरलिफ्ट करवाया। कपूरी देवी को आज सुबह बड़ा भंगाल से चॉपर के माध्यम से एयरलिफ्ट कर गगल एयरपोर्ट लाया गया, जहां से उन्हें इलाज के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज में ले जाकर भर्ती करवा दिया गया है। उपायुक्त कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने बताया कि बड़ा भंगाल की रहने वाली 70 वर्षीय कपुरी देवी पिछले एक सप्ताह से बीमार चल रहीं थी जिसके कारण वह भोजन करने व चलने-फिरने में पूरी तरह से असमर्थ थीं। उपायुक्त ने बताया कि स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने शनिवार शाम जिला प्रशासन से संपर्क कर इसकी जानकारी दी और महिला के त्वरित उपचार के लिए सहायता मांगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा इसकी सूचना प्रदेश सरकार को दी गई। जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने बीमार महिला को वहां से एयरलिफ्ट करने के लिए अपना हेलीकॉप्टर भेजने के निर्देश दिए।

## दिल्ली कूच को लेकर किसानों की गांव खारिया में हुई बैठक

**सिरसा,** 21 जनवरी (एजेंसियां) केंद्र सरकार की कथित वायदाखिलाफी के विरोध में किसानों ने आगामी 13 फरवरी को दिल्ली कूच करना है। इसी को देखते हुए गांव खारिया में किसानों की गांव के सरपंच, पूर्व सरपंच, ब्लॉक मेंबर और पैक्स के मेंबरों की उपस्थिति में किसानों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुरानी कमेटी की अगुवाई में ही किसान दिल्ली कूच में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेंगे। गांव के सरपंच तेग बहादुर पूनियां ने बताया कि खरीफ -2023 का बीमा प्रीमियम 31 जुलाई 2023 को किसानों के बैंक खाते से काट लिया गया था, अब छह महीने बाद वह बीमा प्रीमियम वापस दिया जा रहा है। सिर्फ सरकारी बैंकों के आंकड़ों के अनुसार 16839 किसानों का बीमा प्रीमियम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के पास चला गया है, लेकिन बीमा पॉलिसी जारी नहीं हुई है। कोई 21661 किसानों का 11.98 करोड़ रुपए बैंकों ने किसानों से काटकर अभी तक अपने पास रखा हुआ है। बीमा कंपनी व बैंकों की साजिश के तहत किसानों के साथ ऐसा किया जा रहा है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस मौके पर सुरेंद्र पेंसिया, राजेंद्र करीर, जोगिंद्र नैन, अमन नैन, चुन्नीलाल पूनियां, सुभाष पूनियां, सुरेंद्र निमीवाल, उग्रसैन निमीवाल, रामसिंह जेलदार, सुभाष बांदर, आत्माराम ढुकिया, प्रदीप न्यौल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर हिमाचल प्रदेश में भी सरकारी अवकाश

**शिमला,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। सोमवार को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर हिमाचल प्रदेश में भी सरकारी अवकाश घोषित कर दिया गया है। जहां केन्द्र सरकार ने आधे दिन का अवकाश दिया है वहीं हिमाचल सरकार ने पूरे दिन का अवकाश कर दिया है। इसका एलान सुबह राम मंदिर में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने किया। भगवान राम की पूजा अर्चना करने के बाद सीएम ने कहा कि हिमाचल में पूरे दिन का अवकाश रहेगा। इसके बाद दोपहर में सरकार की तरफ से अवकाश की अधिसूचना जारी कर दी गई।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना में सभी विभागों, बोर्डों व निगमों के साथ स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय में अवकाश के आदेश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि यह अवकाश अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर किया जा रहा है। इसके साथ यह अवकाश दैनिक वेतन भोगियों को भी मिलेगा। इससे पूर्व सुबह के समय अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा से पहले शिमला के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अखंड ज्योत प्रज्वलन के साथ रामचरितमानस पाठ आरंभ हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राम मंदिर पहुंचकर अखंड ज्योत प्रज्वलित की और भगवान राम का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम देश की संस्कृति हैं, किसी पार्टी के नहीं है। उन्होंने 22 जनवरी को पूरे दिन की सरकारी छुट्टी देने का एलान किया। इसके अलावा जाखू में प्रस्तावित श्री राम की मूर्ति को लेकर शुभ मुहूर्त पर स्थापित करने की बात कही।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, राम किसी पार्टी विशेष के नहीं है। वह इस देश की संस्कृति हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी देवताओं की भूमि है और आज वह भी भगवान राम का आशीर्वाद लेने राम मंदिर पहुंचे हैं।

## हिसार में घुसा तेंदुआ, सात घंटे की मशक्कत के बाद किया गया काबू

**हिसार,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा में हिसार शहर के ऋषि नगर इलाके में रविवार सुबह एक तेंदुआ घुस आया, जिसे वन विभाग की टीम ने सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू किया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह ऋषि नगर के श्मशान घाट के पास सुबह करीब साढ़े छह बजे एक तेंदुए को एक अखबार विक्रेता कश्मीरी ने देखा। उन्होंने इसकी जानकारी एरिया के लोगों को दी और पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने इलाके में मुनादी करवा दी है। साथ ही मौके पर वन्य विभाग की टीम व पुलिस अमला पहुंचा। इसके साथ ही जाल आदि की मदद से तेंदुए को पकड़ने के प्रयास शुरू किए गए। इस दौरान तेंदुए ने एक पुलिस कर्मचारी पर भी हमला कर दिया। हालांकि पुलिस कर्मचारी बाल बाल बच गया। उधर, तेंदुए को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस कर्मी बार-बार लोगों से भीड़ न लगाने की अपील करते रहे। रिहायशी एरिया होने के कारण भी तेंदुए को पकड़ने में काफी मुश्किल आई। तेंदुआ वन विभाग की टीम से अपने आप को बचाते हुए एक मकान में भी घुस गया। आखिरकार टीम को तेंदुए को पकड़ने और उसे बेहोशी के इंजेक्शन देने में सफलता मिली।

## विक्रमादित्य सिंह व सुधीर शर्मा अयोध्या पहुंचे

- आज देवभूमि के 4 हजार मंदिरों में पहली आरती में शामिल होंगे लाखों लोग
- श्री राम का चरित्र देता है मर्यादित आचरण का संदेश :शादाब
- विश्व हिंदू परिषद ने 52 संतों और 17 प्रमुख विभूतियों को अयोध्या का निमंत्रण दिया था

**शिमला,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह राम लला प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच गए हैं। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधीर शर्मा दिल्ली पहुंच चुके हैं और सोमवार को सुबह अयोध्या के लिए रवाना होंगे। राम लला प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए प्रदेश से केवल दो राजनीतिक हस्तियों को निमंत्रण दिया गया था और दोनों ही अयोध्या के लिए कूच कर गए हैं। विश्व हिंदू परिषद की ओर से प्रांत में 52 संतों को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। 40 संत अयोध्या पहुंच चुके हैं। संपर्क करने पर सुधीर शर्मा ने कहा कि मुझे एक सप्ताह पहले विश्व हिंदू परिषद की ओर से अयोध्या में शामिल होने का निमंत्रण प्राप्त हुआ था। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष लेखराज राणा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए 17 विशेष विभूतियों को निमंत्रण दिया गया और 52 संतों को भी न्यौता दिया गया था। आज सांय तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 संत अयोध्या पहुंच चुके हैं।

### विशेष आमंत्रितों में ये लोग

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण समाज के इन लोगों को दिया गया है। डब्ल्यू-डब्ल्यू एफ पहलवान दलीप सिंह राणा, खली, निशानेबाज विजय कुमार, चंबा रूमाल के लिए ललिता वकील, मोटे अनाज पर काम करने वाले नेकराम शर्मा, सतलुज जल विद्युत निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नंद लाल शर्मा, शिमला शहर के व्यवसायी गौत्तम जैन, विश्व विद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर चमन लाल बांगा, आरोग्य भारती से डा. राकेश पंडित, साहित्य अकादमी से अभिराज राजेंद्र मिश्र, रघुनाथ जी के प्रमुख छड़ीबरदार महेश्वर सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, प्रदेश सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह व कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा को निमंत्रण दिया गया था। 4 हजार मंदिरों में अयोध्या की पहली आरती में शामिल हों।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष लेखराज राणा ने संपर्क करने पर जानकारी दी कि प्रांत के 4 हजार मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के दिन पहली आरती के आयोजन की व्यवस्था की गई है।

## यात्रा मार्ग पर अवैध रूप से बनाई गई दुकानों का होगा सफाया

**रुद्रप्रयाग,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। बाबा केदारनाथ की यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने को लेकर जिला प्रशासन अभी से तैयारियों में जुट गया है। डीएम डॉ सौरभ गहरवार स्वयं मोर्चा संभलकर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। जिन स्थानों पर तीर्थयात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानियां होती हैं, वहां के निर्माण कार्यों को तेजी से कराने के साथ ही यात्रा मार्गो पर अवैध रूप से दुकाने खोलने वालों के खिलाफ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड में ही अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है, जबकि यहां लम्बे समय से लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है और यहां की गंदगी सीधे मंदाकिनी में जाती है, जिससे उदगम से ही मंदाकिनी मैली हो रही है।



- यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड में चलेगा प्रशासन का डंडा
- जाम से निजात दिलाने के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित
- यात्रा मार्ग में निरंतर बनी रहेगी साफ-सफाई व्यवस्था
- यात्रा मार्ग में संचालित किए जाएंगे आचंल डेयरी के आउट लेट एवं मिल्क बूथ

केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने को लेकर यात्रा मार्ग में उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर जिला प्रशासन जुट गया है। रविवार को जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीएम ने यात्रा मार्गो पर जगह-जगह किये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहुत सी जगहों पर लोगों ने अतिक्रमण करके अन्य लोगों को बिठाया हुआ है, जबकि इन लोगों के पहले से ही अपने प्रतिष्ठान अन्य जगहों पर संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौरीकुंड में अतिक्रमण के कारण यात्रा के समय जाम की समस्या बनी रहती है, जबकि यहां अतिक्रमणकारियों की दुकानों का गंदा पानी मंदाकिनी नदी में जा रहा है। जिससे उदगम से ही मंदाकिनी मैली हो रही है। डीएम ने यात्रा मार्ग में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए यात्रा मार्ग के मस्ता गांव में आर्यन हेलीपैड के समीप, बगड़वाल धार नारायणकोटी, कोरखी, मैखंडा, रामपुर डाट पुलिया, सोनप्रयाग जीएमवीएन गेस्ट हाउस के समीप सहित आदि स्थानों पर पार्किंग स्थल चिन्हित कि। उक्त स्थलों पर पार्किंग तैयार किए जाने के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग को तत्परता से आवश्यक कार्यवायी करने को कहा। इसके साथ ही जामू स्थित पुलिस बैरियर के पास वन पंचायत की भूमि पर वन विभाग के साथ मिलकर ईको टूरिज्म योजना के तहत सौंदर्यीकरण, हट एवं दुकानें तैयार करने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह, ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, डीडीएमए विनय झिंक्राण, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, तहसीलदार ऊखीमठ दीवान सिंह राणा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, निरीक्षक कोतवाल सोनप्रयाग देवेंद्र असवाल, वरिष्ठ निरीक्षक डेयरी श्रवण कुमार शर्मा, अवर अभियंता जिला पंचायत संजय, जीमैक्स प्रबंधक रोहित, वैयक्तिक अधिकारी ओमप्रकाश बिष्ट सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### ब्यूंग गाड़ के पास जल्द होगा पुल का निर्माण कार्य

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग से कहा कि सड़क मार्ग का जो भी निर्माण कार्य किया जा रहा है, उस कार्य को त्वरित गति से पूरा किया जाए। उन्होंने ब्यूंग गाड़ झरने के पास निर्माणाधीन पुल को त्वरित गति से कार्य करते हुए माह अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। यदि समयबद्धता के साथ पुल का कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### सुडोकू 6444 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में रामनगरिया मुख्य प्रवेश द्वार पर लगी आग

**फर्रुखाबाद,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। 11 हजार की बिजली लाइन का केबिल बक्सा फटने से रामनगरिया मेला के मुख्य द्वार पर आग लग गई। इससे भगदड़ मच गई। बिजली आपूर्ति बंद कर आग को बुझाया गया। पांचाल घाट चौकी क्षेत्र के गंगा किनारे उत्तरी बंधा पर स्थित नारायण आश्रम के लिए बिजली विभाग शहरी क्षेत्र से 11 हजार की लाइन अंडर ग्राउंड डाली गई है। लाइन का केबल बक्सा मेला राम नगरिया प्रवेश द्वार के पास रखा गया है। रात करीब 12 बजे केबिल बक्सा फटने से मुख्य प्रवेश द्वार पर आग लग गई। आग लगी देख भगदड़ मच गई। घटना की जानकारी मोहित पांडेय व मनोज पंडा ने फायर ब्रिगेड व बिजली विभाग को दी। बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# एक और दीवाली के लिए देश तैयार

## करोड़ों रामभक्तों ने घरों, चौबारों को रोशन करने के किए विशेष इंतजाम



■ रामलला के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अनुष्ठान आज होगा संपन्न

**अयोध्या,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। लगभग 500 वर्ष के इंतजार के बाद अयोध्या में सोमवार को श्रीरामजन्मभूमि पर नवनिर्मित भव्य मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के विराजमान का साक्षी बनने को देश दुनिया के करोड़ों रामभक्त तैयार हैं और इस प्रसन्नाता को व्यक्त करने के लिए उन्होंने अपने घरों, चौबारों को रोशन करने के विशेष इंतजाम किए हैं। कल्पना करें तो यह कुछ ऐसा ही अवसर होगा जिसका वर्णन रामचरितमानस जैसे धार्मिक ग्रंथों में किया गया है जब त्रेता युग में भगवान राम अपना अर्धांगिंनी मां जानकी और भ्राता लक्ष्मण के साथ 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद अयोध्या वापस लौटे थे और अयोध्यावासियों ने उनके आने की खुशी में घी के दीपक जलाये थे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या समेत पूरे देश में उत्सव का माहौल है। लोगों ने अपने घर,मंदिर को रामनामी झंडों और बिजली की झालरों से सजाया है वहीं 22 जनवरी की शाम घी के दीपक जलाने की पूरी तैयारी कर रखी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत संत समाज और अति विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में रामलला के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अनुष्ठान सोमवार दोपहर संपन्न होगा।

इस अवसर पर पूरी अयोध्या नगरी को हजारों क्विंटल फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। अवधपुरी में उत्सव सा माहौल है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या धाम समेत पूरे देश के मंदिरों में राम संकीर्तन और राम चरित मानस का पाठ हो रहा है। फूलों से सजी अयोध्या जी में जन्मभूमि पथ से लेकर राम पथ, भक्ति पथ और धर्म पथ की अलौकिक आभा देखते ही बन रही है। सांस्कृतिक नृत्य और वादन के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर प्रदेश के साथ-साथ देश भर की परंपराओं और कला का समागम हो रहा है। हर तरफ भगवान राम के भजन सुनने को मिल रहे हैं। सोमवार शाम को भव्य दीपोत्सव की तैयारी है। ऐसा लग रहा है मानों रघुनंदन के अभिनंदन के लिए पूरा स्वर्ग ही धरती पर उतर आया है। जनवरी में ही दीपावली का अहसान हो रहा है।

### अयोध्या धाम को फूलों से सजाया गया

प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम मंदिर परिसर समेत पूरे अयोध्या धाम को फूलों से सजाया गया है। जन्मभूमि स्थान में अलग-अलग तरह के देशी विदेशी फूलों से सजावट की गई है, जबकि जन्मभूमि पथ, राम पथ, धर्म पथ और लता चौक पर भी सुंदर फूलों की सजावट है। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच बनाए गए हैं। विभिन्न धर्माचार्यों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर राम कथा का आयोजन हो रहा है तो विभिन्न देशों की रामलीलाओं का मंचन भी किया जा रहा है। लता चौक पर लगी वीणा को भी लाइटिंग और फूलों के अद्भुत संगम से रौशन किया गया है। पूरे अयोध्या धाम में म्यूरल पेंटिंग और वॉल पेंटिंग के माध्यम से भगवान श्रीराम की जीवनी से जुड़े अलग-अलग अध्यायों का चित्रण किया गया है।

## अमेठी में स्मृति ईरानी ने 150 कारसेवकों का किया सम्मान

■ स्वामीनाथ शुक्ल



**अमेठी,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के एक दिन पहले अमेठी में 150 कारसेवक सम्मानित किए गए हैं। जिससे कारसेवकों के परिजन बेहद खुश हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने के बाद शाम को 150 कारसेवकों को सम्मानित किया है। इसमें जो कारसेवक नहीं थे। उनके स्थान पर परिजन सम्मानित किए गए हैं। सोमवार को अमेठी और गौरीगंज की शोभायात्रा में शामिल होंगी। निजी आवास पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखकर भंडारे में शामिल होंगी। सम्मान समारोह के दौरान अपर सचिव विजय गुप्ता, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला, अमरेंद्र सिंह पिंटू, जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र, ज्ञान सिंह, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल, जिलाध्यक्ष विषुव, अखिलेश शुक्ल आदि मौजूद थे।

## प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सीओ ने ली शांति समिति की बैठक

### पुलिस को पैनी नजर रखने के दिए आदेश



**फलावदा,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। सोमवार को अयोध्या नगरी में होने जा रही भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है।

इसी क्रम में उच्चाधिकारियों के आदेश पर रविवार को सीओ मवाना सौरभ सिंह ने थाना प्रभारी राजेश कांबोज के साथ मिलकर नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर शांति समिति की बैठक ली।

इस दौरान सीओ सौरभ सिंह ने पुलिस को नगर में मदिरा एवं मीट की दुकानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पुलिस को दिए। भगवान श्री रामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर थाना फलावदा में रविवार को शांति समिति की मीटिंग को आयोजित किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता सर्किल ऑफिसर मवाना सौरभ सिंह ने की। थाना परिसर में हुई मीटिंग में थाना फलावदा के लगने वाले आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रधान व फलावदा नगर पंचायत के अध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सीओ सौरभ सिंह ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन किसी भी प्रकार की अराजकता स्टंटबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वह आसपास के इलाकों में ड्रोन कैमरा से नजर रखी जा रही है जिससे की शांति व्यवस्था बनी रहे।

## सार संक्षेप

### श्रीराम सुमरण व सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

**मवाना।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर फलावदा नगर के बूढ़ाशिव मंदिर में रविवार सुबह से शुरू होकर देर रात तक सुंदर कांड के पाठ का आयोजन हुआ। शुभारंभ यजमान भास्कर अग्रवाल ने रामलला स्थल पर दीप प्रज्वलित करते हुए हवन में सभी अतिथियों ने पूर्णाहुति की। मंदिर में प्रभु श्री राम का भजन प्रस्तुत किया गया। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष में फलावदा में सुंदर कांड पाठ का पंडित दिनेश शर्मा एवं आचार्य मोहित भट्ट एवं श्रद्धालुओं ने प्रातः से शुरू होकर देर रात तक सुंदर तरीके से सुंदर कांड पाठ का गुणगान किया गया। नगर के अटल चौक मवाना मार्ग से लेकर सभी मुख्य मार्गों पर स्थित सभी व्यापारियों के प्रतिष्ठान एवं मकानों पर श्री राम नाम के झंडे लगाकर सजाया गया है। इस दौरान मंदिर समिति के प्रधान रणजीत प्रजापत, मा सचिन बिरजू पालीवाल, अश्वनी बिश्नोई, सुरेंद्र बिश्नोई, रमेश धीमान, भास्कर अग्रवाल, विनोद कुमारी बिश्नोई, कुसुम लता बिश्नोई, रेशू अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, शिवांगी अग्रवाल, स्वाति, कमलेश, रजनी, रेखा, विनय आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सड़क के किनारे भी बिक रहे राम जी के झंडे

**मवाना।** नगर में भगवान राम के चाहने वालों की कोई कमी नहीं है। लोग अपने-अपने घरों पर भगवान राम के आगमन के लिए ध्वज लगा रहे हैं। सड़कों के किनारे खूब राम जी के आगमन के ध्वज बिक रहे हैं। उधर ऑटो, बाइक और कार पर भी जय श्री राम के झंडे लगे दिखाई दे रहे हैं। प्रभु श्री राम तो सभी के हैं, नगर से गुजरने वाली गाड़ियों, बाइक और ऑटो पर भी जय श्री राम के झंडे देखने को मिल रहे हैं। दूसरी ओर नगर में लगे लाउडस्पीकर में पूरे दिन रामधुन सुनाई देगी।

### बरेली में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट

**बरेली।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरेली में रविवार को कई समारोह आयोजित किए गए और शाम के समय राम गंगा तट पर भव्य आरती का आयोजन किया गया, इस बीच इन सभी आयोजनों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। बरेली में सोमवार सुबह से लेकर शाम तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर सुरक्षा बल जगह-जगह तैनात कर दिए गए हैं। शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई होगी। ड्रोन कैमरा, डॉग स्क्वाड और खुफिया तंत्र सक्रिय है। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है।

### पूरे उत्तर प्रदेश में आज होगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**लखनऊ।** अयोध्या में सोमवार 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए पूरे प्रदेश को कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति का निर्णय लिया गया है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को देखते हुए पूरे प्रदेश को प्रकाश युक्त करने का निर्णय लिया गया है।

## श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम आयोजित




**मेरठ,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम के शिक्षक गणों ने अपने महाविद्यालय को सजाया और कुछ कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे बीएफए विभाग द्वारा एक राम मंदिर की छवि धरा पर उतार कर श्री राम जी की पूजा अर्चना की, महिला शिक्षकों ने भगवान राम के भजन, मेरी झोपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे, मेरे राम आएंगे, सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए है, गाए। शिक्षक गणों ने एक रैली भी निकाली जिसमे हाथों में रामलला का ध्वज लेकर और राम की जयघोष किया, भगवान राम के जयकारों से महाविद्यालय का प्रांगण गूंज उठा। तत्पश्यात सभी शिक्षक गणों ने सहभोज किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने सभी शिक्षक गणों से श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया और 22 जनवरी को अपने घर में दीप जलाने का भी आग्रह किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक गणों का विशेष योगदान रहा।

# राम भजनों से गूंजा छावनी क्षेत्र

## श्री हनुमान शोभायात्रा समिति ने किया 5100 दीये का वितरण



**मेरठ,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। जैसा कि आपको विदित है कि श्री हनुमान शोभा यात्रा समिति मेरठ छावनी क्षेत्र में गत 33 वर्षों से विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन करती आ रही है। इसी क्रम में श्री हनुमान शोभायात्रा समिति (रजि.) मेरठ छावनी अयोध्या से अखंड राम ज्योति लेकर मेरठ पहुंची। अखंड राम ज्योति धानेश्वर चौक स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में स्थापित की गई हैं। आज 21 जनवरी को अखंड राम ज्योति को बैंडबाजे के साथ छावनी भ्रमण कराया गया जिसमें अखंड राम ज्योति के 5100 दीपक श्रद्धालुओं को वितरीत भी किये गये। इस यात्रा में 1 बैण्ड, ढोल ताशा पार्टी, श्री हनुमान जी की झांकियां व श्री राम जी का मुख्य डोला जिसपर अखण्ड राम ज्याति स्थापित की गई। यात्रा श्री हनुमान मन्दिर सदर नया बाजार से प्रारम्भ होकर सोतीगंज कुट्टी चौक, सब्जी मण्डी, धानेश्वर चौक, दाल मण्डी, सदर सर्राफा बाजार, ढोलकी मौहल्ला, भैंसाली चौक से सदर थाना बाजार धर्मपुरी, भट्टे वालों की धर्मशाला से ढोलकी मौहल्ला चौक सदर सर्राफा बाजार हनुमान चौक से घुमकर आबूलेन, फव्वारा चौक, दुर्गाबाड़ी स्कूल के सामने से होकर तेली मौहल्ला, कबाड़ी बाजार से होकर मन्दिर स्थल पर सम्पूर्ण होगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, महामंत्री पारस खंडूजा, कोषाध्यक्ष अनुभव जैन, विवेक गौड़, सचिन गोयल, राजीव गुप्ता, शेखर सिंघल, दीपक सिंघल, अमित अग्रवाल, सूरज गुप्ता, रजत गर्ग, मुदित बंसल, लोकेश शर्मा। कल ऐतिहासिक राजतिलक के अवसर पर 22 जनवरी को सांय 6 बजे महा आरती एवं भव्य आतिशबाजी का आयोजन धानेष्व चौक पर किया जाएगा।

## स्वच्छता अभियान का किया गया आयोजन

**मेरठ,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुक्रम में रविवार को पश्चिमांचल डिस्कॉम हेडक्वार्टर, समस्त जोन के क्षेत्रीय मण्डलीय/खण्डीय उपकेन्द्र परिसर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया।



विशेष सफाई अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए आम जनमानस को स्वच्छता का संदेश दिया। डिस्कॉम हेडक्वार्टर परिसर, क्षेत्रीय कार्यालय व उपकेन्द्र परिसर पर सजावट की गई और सफाई अभियान चलाया गया। पश्चिमांचल डिस्कॉम के सभी बिजलीघरों, कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

पश्चिमांचल डिस्कॉम के सभी सम्मानित उपभोक्ताओ को सुचारु रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के साथ-साथ उपभोक्ताओ को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु डिस्कॉम प्रतिबद्ध है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई मैराथन दौड़



**मेरठ,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ प्रातः पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर सर्किट हाउस तिराहा, इमली चौराहा, साकेत चौराहा, गऊशाला तिराहा होते हुये गंगानगर नाला कट तक, तथा यही से यू-टर्न होकर इसी मार्ग से पुलिस लाईन गेट नं.-3 के अंदर पुलिस लाईन में संपन्न हुई। मेरी बेटी मेरी शान के अंतर्गत बड़ी संख्या में लोगों ने सेल्फी ली, आयुक्त महोदया सेल्वा कुमारी जे ने कहा कि हेल्थ फिटनेस, उत्तर प्रदेश दिवस, मतदाता दिवस के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए संयुक्त रूप से इस दौड़ का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा उपस्थित जनसमूह को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर म्यूजिक बैंड द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आयुक्त महोदया, जिलाधिकारी, सीडीओ द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर संदीप भाटी, द्वितीय कुलदीप सिंह, तृतीय सौरभ यादव, चतुर्थ देवेंद्र, पंचम योगेंद्र, तथा षष्ठम स्थान पर जतिन रहे,वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर अर्पिता, द्वितीय आरती, तृतीय आरुषि, चतुर्थ दीपा सिंह, पंचम स्वाति यादव, षष्ठम फरहीन तथा सप्तम स्थान पर राधिका रहीं।

## पुलिस के ड्रोन कैमरे की निगरानी में रहेंगे सभी गांव

**मवाना,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मध्य नजर पुलिस प्रशासन ने फलावदा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व्यापारी, समाजसेवी व नागरिकों के साथ शांति समिति की मीटिंग आयोजित की। सीओ मवाना सौरभ सिंह, थाना प्रभारी राजेश कुमार काम्बोज ने उपस्थित सभी लोगों को बताया कि ग्राम प्रधान, समाजसेवी लोग, राजनैतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में आपसी मतभेद समाप्त करके शांति व्यवस्था सद्भाव सौहार्द बनाए रखें। फलावदा नगर सहित थाना क्षेत्र के सभी गांव पुलिस प्रशासन के ड्रोन कैमरे की निगरानी में रहेंगे। सोशल मीडिया पर भी यदि कोई व्यक्ति आपत्तिजनक पोस्ट डालेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। भगवान श्री राम की शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से ही निकाली जाएगी। क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

## राममय हुआ मवाना नगर, हस्तिनापुर रोड व बाजार हुए भगवामय

**मवाना,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। ये दिवाली नहीं, भगवान राम के आगमन की तैयारी है, मवाना के बाजारों और मंदिरों को राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सजाया गया है। मवाना के बाजारों में जय श्री राम के भगवा झंडे और गुब्बारों के अलावा, भगवान राम के कट-आउट लगे दिख रहे हैं। राम आएंगे...मंदिर से लेकर बाजार तक भगवामय हो गए हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।



प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या के साथ-साथ छोटे-बड़े नगरों में खूब तैयारियां चल रही हैं। आलम तो ऐसा है कि मवाना के बाजारों में भगवान श्री राम ही छाए हुए हैं। मवाना में मेरठ व हस्तिनापुर रोड और सभी बाजारों में भगवा रंग छा गया है। बाजारों को रामलला के आगमन के लिए कुछ ऐसा सजाया गया कि मानों दिवाली पास आ गई है। मवाना नगर का सुभाष चौक व सुभाष बाजार मुख्य माना जाता है। आज ये भी भगवान राम के रंग में रमा दिख रहा है। यहां के गलियारों में प्रभु श्रीराम की अनोखी छटा दिखाई दे रही है। इसके अलावा नगर के झारखंडी मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, चौडां कुआं मंदिर, मखदुमपुर रोड शिव मंदिर, कौशिक वाला शिव मंदिर के अलावा लोगों ने अपने प्रतिष्ठान व मकानों को भी दीवाली की तरह से बिजली की रोशनी से सजाया है।

**आयोजन** | *मेरठ सदर व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न*

# व्यापारियों के हित में काम करता रहेगा व्यापार मंडल : सुनील दुआ

**मेरठ, 21 जनवरी (देशबन्धु)। सदर व्यापार मंडल (रजि) के नव निर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य सभी निर्विरोध चुने जाने पर रविवार को सदर बाजार में नव निर्वाचित पदाधिकारीयो का फूल माला व पटका पहना कर जोर दार स्वागत किया गया। निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष सुनील दुआ, उपाध्यक्ष सचिन चोपड़ा, महामंत्री विशाल आनंद, कोषाध्यक्ष अमित सिंघल, उप मंत्री ऋषभ जैन व प्रबंधक बृजमोहन अग्रवाल (बाला जी मोटर) सहित कार्यकारिणी सदस्यों व जीतू नागपाल ने हनुमान चौक हनुमान मंदिर में माथा टेका और हनुमान चालीसा का पाठ किया।**

- निर्विरोध चुने गए सुनील दुआ अध्यक्ष व महामंत्री विशाल आनंद सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य
- नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला व पटका पहनाकर किया गया जोरदार स्वागत
- सभी सदस्यों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

इस अवसर पर जय श्रीराम का नारा लगाते हुए सुनील दुआ ने सभी व्यापारी भाईयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा व्यापार मंडल पूर्व की भांति आगे भी व्यापारी भाईयों हित में मजबूती से कार्य करता रहेगा। बता दें बीते गुरुवार को सदर व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुने गए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान छह पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए 21 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। महामंत्री एवं दो कार्यकारिणी सदस्य ने वापस लिया।



मुख्य चुनाव अधिकारी रवि महेश्वरी ने बताया नामांकन प्रक्रिया पूरे होने के बाद घोषणा करते हुए उन्होंने बताया आज सदर व्यापार मंडल रजिस्टर्ड के अध्यक्ष सुनील दुआ, उपाध्यक्ष सचिन चोपड़ा, महामंत्री विशाल आनंद, कोषाध्यक्ष अमित सिंघल, उप मंत्री ऋषभ जैन व प्रबंधक बृजमोहन अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए है इनके अलावा संचित गुप्ता संजय भटरेजा अरुण शर्मा नरेंद्र सिंगल गुरनाम सिंह गुरनाम सिंह दीपक चढ़ा भूपेंद्र जैन रूपेश श्रीवास्तव अतुल गर्ग भूपेंद्र सिंह बक्शी का राजेश खन्ना रजत मेहंदी रता गगनदीप सिंह भाटिया सुनील शेट्टी विकास सेठी संदीप आनंद संजीव ओबेरॉय विवेक ओबेरॉय व करम अली सहित 21कार्यकार्यणी सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

## मिलावटी सामान बेचने वाले बीस पर 5.32 लाख जुर्माना

**फर्रुखाबाद,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। मिलावटी सामान बेचने वाले 20 व्यापारियों पर 5.32 लाख रूपयों का जुर्माना किया गया है। सहायक आयुक्त (खाद्य) अभिहित अधिकारी सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आशुतोष राय के नेतृत्व में पूर्व में चलाए गए अभियानों में अधोमानक खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले तथा बिना पंजीकरण प्राप्त किए खाद्य व्यवसाय करने वाले खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरूद्ध वाद दायर किए गए थे। जिनमें से निम्न वादो में अतिरिक्त जिला अधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति द्वारा माह दिसम्बर में निम्न खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। न्यायालय में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशीष कुमार वर्मा व डा. शैलेन्द्र रावत द्वारा पैरवी की गई। यह जानकारी सहायक आयुक्त खाद्य सय्यद शाह नवाज हैदर आबिदी ने दी कि निम्न कारोबारियों पर जुर्माना किया गया है। दिनांक 22.09.2022 को अब्दुल सत्तार पुत्र निसार अहमद, के बीबीगंज मेन रोड, पर मोटर साइकिल पर दूध फेरी विक्रेता से संग्रहीत खाद्य पदार्थ भैंस का दूध का नमूना जाँच में अधोमानक पाया गया था व खाद्य कारोबार कर्ता को बिना पंजीकरण के खाद्य व्यापार करते पाये जाने पर, उपरोक्त खाद्य कारोबार कर्ता के विरूद्ध न्यायालय में दिनांक 31.03.2023 को वाद दायर किया गया था, जिसमें न्यायालय द्वारा 25000 रूपये शास्ति अधिरोपित की गई है।




देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 22 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### धनुष स्टारर फिल्म 'डी51' में नजर आएंगे देवी श्री प्रसाद


**मुंबई।** नेशनल अवॉर्ड-विनिंग म्यूजिक कंपोजर देवी श्री प्रसाद, जिन्हें प्रोफेशनल रूप से रॉकस्टार डीएसपी के नाम से जाना जाता है, तमिल सुपरस्टार धनुष की अपकमिंग फिल्म के लिए म्यूजिक तैयार कर रहे हैं। फिल्म का अनटाइटल 'डी51' है और इसका निर्देशन शेखर कम्मुला कर रहे हैं। यह 'वेन्घई' और 'कुट्टी' के बाद कंपोजर और एक्टर के बीच तीसरा कोलैबोरेशन है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक इमोशनल ड्रामा है और इसमें रश्मिका मंदाना और नागार्जुन अक्किनेनी भी हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यह पहली बार होगा जब रॉकस्टार डीएसपी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सेकर कम्मुला के साथ सहयोग करेंगे। म्यूजिक कंपोजर, जिन्होंने 'श्रीवल्ली', 'ऊ अंतवा ऊ ऊ अंतवा' और अल्लू अर्जुन-स्टारर 'पुष्पा - द राइज' जैसे चार्टबस्टर्स दिए, ने हाल ही में लंदन में परफॉर्म किया।

एक नए शोध में खुलासा

# लंबे समय तक बैठकर काम करने से मौत का जोखिम अधिक

## 15 से 30 मिनट की अतिरिक्त शारीरिक गतिविधि करने की आवश्यकता

**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। एक नए शोध से पता चला है कि जो लोग मुख्य रूप से बैठ कर लंबे समय तक काम करते हैं, उन्हें मृत्यु दर के बढ़ते जोखिम को कम करने के लिए प्रतिदिन 15 से 30 मिनट की अतिरिक्त शारीरिक गतिविधि करने की आवश्यकता होगी।



481,688 व्यक्तियों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि जो व्यक्ति मुख्य रूप से बैठ कर काम करते हैं, उनमें मृत्यु दर (16 प्रतिशत) और हृदय रोग (34 प्रतिशत) का अधिक जोखिम है।

आधुनिक जीवनशैली तेजी से गतिहीन हो गई है, लंबे समय तक बैठे रहना अब सामान्य जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। जर्नल जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि कार्यस्थल पर लंबे समय तक बैठे रहने को कम करना और/या दैनिक शारीरिक गतिविधि की मात्रा बढ़ाना मृत्यु दर और लंबे समय तक जुड़े हृदय रोग के बढ़ते जोखिम को कम करने में फायदेमंद हो सकता है। अध्ययन में ताइवान में एक स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम के प्रतिभागियों को शामिल किया गया और उनका 1996 और 2017 के बीच अध्ययन किया गया। बैठने, ख़ाली समय की शारीरिक गतिविधि (एलटीपीए) की आदतों, जीवनशैली और चयापचय मापदंडों पर डेटा एकत्र किया गया। डेटा विश्लेषण दिसम्बर 2020 में किया गया था।

अध्ययन में 12.8 (5.67) वर्षों की औसत अनुवर्ती अवधि के दौरान 26,257 मौतें दर्ज की गईं। लिंग, उम्र, शिक्षा, धूम्रपान, शराब पीने और बॉडी मास इंडेक्स को देखने के बाद, जो लोग ज्यादातर काम पर बैठे रहते थे, उनमें उन लोगों की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक मृत्यु दर और सीवीडी से मृत्यु दर 34 प्रतिशत अधिक थी। इस अध्ययन में, काम पर बैठने और न बैठने के बीच बदलाव के साथ-साथ प्रति दिन 15 से 30 मिनट की अतिरिक्त शारीरिक गतिविधि ने लंबे समय तक बैठे रहने के नुकसान को कम कर दिया।

# मेहमानों को दिया जाएगा शुद्ध देशी घी से बना महाप्रसाद

**लखनऊ/अयोध्या,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या धाम में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले वीआईपी मेहमानों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से महाप्रसाद तैयार कराया गया है जो प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्हें भेंट किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान मेहमानों को मंदिर परिसर में देश घी से तैयार भोजन भी परोसे जाने की तैयारी है।

श्रीराम जन्भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मार्गदर्शन में गुजरात की भगवा सेना भारती गरवी गुजरात व सन्त सेवा संस्थान की ओर से महाप्रसाद तैयार किया जा रहा है, जिसे प्राण प्रतिष्ठा कार्यघ्म के बाद मेहमानों को वितरित किया जाएगा। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल भाई रावल ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से उन्हें तीन दायित्व सौंपे गये हैं। इसके तहत उन्हें महाप्रसाद



तैयार करने के साथ संतों के ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि करीब 200 लोगों की टीम द्वारा 5 हजार किलो से अधिक सामग्री से महाप्रसाद को तैयार किया गया है। महाप्रसाद को शुद्ध देशी घी, बेसन, शक्कर और पंच मेवे से तैयार किया गया है।

महाप्रसाद की शुद्धता का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जिसमें सभी सामग्रियों को खुद संस्थान की ओर से निर्मित किया गया। महाप्रसाद की किसी भी सामग्री को बाजार से रेडीमेड नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि महाप्रसाद के 20 हजार से अधिक पैकेट को तैयार किया गया है। इस पैकेट में दो लड्डू, सरयू नदी का जल, अक्षत, सुपारी की थैली और कलावा होगा। महाप्रसाद के पैकेट को सनातनी परंपरा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। संस्थान की ओर से 21 जनवरी को महाप्रसाद के पैकेट को ट्रस्ट को सौंप दिया गया है।

ट्रस्ट की ओर से रोजाना पांच हजार से अधिक संतों को प्रतिदिन भोजन कराया जा रहा है। साथ ही, उन्हें उदासीन आश्रम रानोपाली में ठहराया जा रहा है। इस दौरान संतों को एक किट दी जा रही हैं, जिसमें कंबल, तकिया और चादर शामिल है। इसके अलावा ट्रस्ट की ओर से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए मंदिर परिसर में भोजन की व्यवस्था की गई हैं।

## अयोध्या में गूजेंगी जौनपुर के लाल की आवाज

**लखनऊ/जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में मछलीशहर शहर ब्लाक के घोरहा-जमालपुर गांव में जन्मे मनोज यादव को संस्कृति मंत्रालय ने अयोध्या में रामभजन गाने के लिए आमंत्रित किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उक्त गांव निवासी मनोज यादव इस समय लखनऊ नगर निगम के चौक क्षेत्र में जोन 6 के जोनल अधिकारी हैं, वे गाने में बचपन से ही रुचि रखते थे। इस समय वे कुल पांच भजन गा चुके है, जिसमें पहला गीत छठी मैया के लिए गाया, दूसरा मेरे राम तेरे राम,तीसरा सोने की अवध नगरी छोड़ि चले रामजी, लो आ गयी सी की याद, राम राम जपले जरा राम राम। मनोज यादव ने बताया कि हमारे परिवारिक गुरु शंकराचार्य श्री बासुदेवानंद सरस्वती महाराज की प्रेरणा से हमने राम भजन गाने की शुरूआत की वे राममंदिर क्षेत्र अयोध्या के ट्रस्टी है,। मेरे राम तेरे राम भजन के कई लाख लाइक तथा व्यूज हुए। अभी शुक्रवार 19 जनवरी को ,राम राम जप ले राम राम भजन का लांच लखनऊ में लखनऊ की महापौर सुषमा खरवाल तथा नगर आयुक्त आइएएस इंद्रजीत सिंह ने किया। यादव ने दूरभाष पर कहा कि भारत की महान पवित्र धरती पर जो स्वरचित भजन गाने का अवसर मिला है, वह भगवान राम की कृपा से ही हो रहा है।



## *सितारे जमीन पर की शूटिंग फरवरी में शुरू करेंगे आमिर खान*

***मुंबई,*** *21 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी आने वाली फिल्म 'सितारे जमीन पर' की शूटिंग फरवरी में शुरू कर सकते हैं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की फ्लॉप के बाद से फिल्मों से दूरी बना ली थी। आमिर बहुत जल्द फिल्मों में वापसी करने जा रहे हैं। बेटी आइरा खान की शादी के बाद अब आमिर खान पज़्रफ तरह से अपने करियर की तरफ ध्यान देने वाले हैं। चर्चा कि आमिर 02 फरवरी से फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म के लिए आमिर खान ने अपना लुक भी तय कर लिया है। कहा जा रहा है कि फिल्म सितारे जमीन पर की अधिकांश शूटिंग आमिर खान दिल्ली में करने वाले हैं। आमिर खान बतौर निर्माता फिल्म लाहौर 1947 बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म के काम की शुरुआत भी आमिर अगले महीने से कर सकते हैं। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनने वाली लाहौर 1947 में सन्नी देओल की मुख्य भूमिका होगी।*

## यामी गौतम, प्रियामणि एक्शन से भरपूर पॉलिटिकल ड्रामा 'आर्टिकल 370' में

**मुंबई,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम, प्रियामणि और एक्टर वैभव तत्ववादी एक्शन से भरपूर पॉलिटिकल ड्रामा 'आर्टिकल 370' में नजर आएंगे, जो 23 फरवरी को रिलीज होगी। 'आर्टिकल 370' के दिलचस्प बैकड्रॉप पर आधारित, टीजर इवेंट्स की कॉन्फिडेंटियल चेन और अविश्वसनीय परिस्थितियों की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसके चलते आर्टिकल 370 को अप्रभावी बनाने का अभूतपूर्व और ऐतिहासिक परिणाम सामने आया।

'आर्टिकल 370' के बारे में बात करते हुए यामी ने कहा कि आर्टिकल 370 भारत के इतिहास का एक दमदार चैप्टर है।

## योगी ने किया रेत शिल्प का अवलोकन, ली सेल्फी



**लखनऊ/ अयोध्या,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पद्मश्री सुदर्शन पटनायक द्वारा उकेरी गई रेतशिल्प से बनाई गई भगवान श्रीराम की आकृति का रविवार को अवलोकन किया। सीएम ने यहां सेल्फी भी ली। रेत शिल्प पर बनाई गई इस आकृति को वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बुक ऑफ इंडिया की तरफ से भगवान श्रीराम के सबसे बड़े रेत शिल्प का सर्टिफिकेट दिया गया है। सीएम योगी ने रविवार को यह सर्टिफिकेट राज्य ललित कला अकादमी की निदेशिका श्रद्धा शुक्ला को प्रदान किया। बता दें कि रामोत्सव 2024 के अवसर पर राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की तरफ से रेतशिल्प कला शिविर का आयोजन किया गया था। रेतशिल्प के प्रख्यात कलाकार ओडिशा के पुरी निवासी पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने अपनी टीम संग इसका निर्माण किया था। इसमें उनके सहयोगी संतोष कुमार नायक, बुलू मोहंती, जितेंद्र, प्रमोद बिसवाल, महेश्वर, केनी कावासी एवं बनामबार पटनायक भी शामिल रहे। सुदर्शन पटनायक की टीम ने 55 फीट लंबी, 35 फीट चौड़ी, 23 फीट ऊंची रेत शिल्प कलाकृति सृजित की। भगवान राम का 500 वर्षों बाद अपनी अयोध्या में आगमन हो रहा है, इसमें राम मंदिर की 500 मिनिएचर कृतियों को भी संयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवनीश अवस्थी आदि मौजूद रहे।



## गरीब मजदूरों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : प्रीति शर्मा



नई दिल्ली, 21 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर की रहने वाली इंटरनेशनल सुपर मॉडल प्रीति शर्मा को कुशीनगर में हुए निःशुल्क आंख जांच व कंबल विरतण कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में पहुंची इंटरनेशनल सुपर मॉडल प्रीति शर्मा का कार्यक्रम के आयोजक कुशीनगर के वरिष्ठ पत्रकार विजय यादव ने फूलों का गुलदस्ता देकर फूल माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया वही कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में उपस्थित हुई प्रीति शर्मा ने गरीब बेसहारा लोगो को अपने हांथो से कंबल वितरित किए। वही मित्तल आई हास्पिटल गोरखपुर के सहयोग से आंख जांच शिविर और निःशुल्क दवा वितरण भी कराया गया। जिसमें लगभग 287 मरीजों का नेत्र जांच व निःशुल्क दवा वितरण भी किया गया और जरूरत मंद लोगो को चश्मे भी दिए गए बढ़ती ठंड और लगातार गलन भरी सर्द लोगो के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ऐसे मौसम में गरीबों की सेवा कर दंपति ने एक मिसाल कायम किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई इंटरनेशनल सुपर मॉडल प्रीति शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुण्य कार्य बहुत ही सराहनीय है। पैसा सबके पास होता है लेकिन सामाजिक कार्य कुछ ही लोग कर पाते हैं। प्रीति शर्मा ने कहा कि ऐसे मौसम में जहां गरीब मजदूरों के लिए सर्द हवाएं और गलन बड़ी चुनौती है जिनके पास जरुरत के संसाधन है फिर भी ठंड से दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

## एम्स नई दिल्ली व आईआईटी इंदौर के आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन एसईटीयू-2024 के लिए हुए एकजुट

